आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 13 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 323, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

फिर से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं : बाइडन 16

पारी और 114 रनों से जीता इंग्लैंड 15

आपातकाल की याद में हर साल 25 जून को मनेगा संविधान हत्या दिवस

केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना, 1975 में इसी दिन देश में लगा था आपातकाल

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान अमानवीय पीड़ा झेलने वालों के व्यापक योगदान को याद करने के लिए 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

उन्होंने यह भी कहा कि 'संविधान हत्या दिवस' मनाने से प्रत्येक भारतीय में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा की अमर ज्वाला को प्रज्वलित रखने में मदद मिलेगी, जिससे कांग्रेस जैसी तानाशाही ताकतों को उन भयावहताओं को दोहराने से रोका जा सकेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, जिसके बाद तत्कालीन सरकार द्वारा सत्ता का घोर दुरुपयोग किया गया और भारत के लोगों पर ज्यादतियां और अत्याचार किए गए। इसमें कहा गया है कि भारत के लोगों को संविधान और इसके लचीले लोकतंत्र की शक्ति पर अटूट विश्वास है। अधिसूचना में कहा गया कि इसलिए भारत सरकार 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में घोषित करती है, ताकि आपातकाल के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग के खिलाफ लड़ने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जा सके और भारत के लोगों को भविष्य में किसी भी तरह से सत्ता के ऐसे घोर दुरुपयोग का समर्थन न करने के लिए पुनः प्रतिबद्ध किया जा सके। शाह ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही मानसिकता का खुला प्रदर्शन करते हुए देश में आपातकाल लागू करके भारत के लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों को बिना किसी गलती के सलाखों के पीछे डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय किया है। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण कराएगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था।

- अमानवीय दर्द को झेलने वालों की पीड़ा को इस दिन किया जाएगा याद : अमित शाह

यह दिन याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाया जाना इस बात की याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि यह उस प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी दिन है, जिसने आपातकाल की ज्यादतियों के कारण कष्ट झेले और जो कांग्रेस द्वारा लाया गया भारतीय इतिहास का काला दौर था।

मोदी मुक्ति दिवस के रूप में दर्ज होगा 4 जून

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का केंद्र सरकार का कदम सुर्खियां बटोरने की कवायद भर है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि चार जून 2024 का दिन इतिहास में मोदीमुक्ति दिवस के रूप में दर्ज होगा तथा देश की जनता 8 नवंबर के दिन को आजीविका हत्या दिवस के रूप में मनाएगी क्योंकि वर्ष 2008 में इसी दिन नोटबंदी की घोषणा की गई थी। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री द्वारा पाखंड के जरिए सुर्खियां बटोरने की एक और कवायद की गई है, जबकि उन्होंने भारत के लोगों द्वारा 4 जून, 2024 को व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार सुनिश्चित किए जाने से पहले 10 वर्षों तक अघोषित आपातकाल लगाया था।

चितवन जिले में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन के चलते हुआ हादसा

नेपाल में दो बसें नदी में बहीं, सात भारतीयों समेत 60 यात्री लापता

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आई दो बसों के उफनाई नदी में बहने से उनमें सवार 60 से अधिक यात्रियों के लापता होने की खबर है। लापता यात्रियों में सात भारतीय नागरिक भी हैं। समाचार पोर्टल माईरिपब्लिका की खबर के मुताबिक, 65 यात्रियों को ले जा रही दो बसें चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनाई त्रिशूली नदी में बह गईं। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्र देव यादव ने इस हादसे की पुष्टि की। यादव ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस और राजधानी से गौर के लिए रवाना हुई गणपति डीलक्स तड़के साढ़े तीन बजे भूस्खलन की चपेट में आ गई।

पुलिस के अनुसार, एंजेल बस में 24 जबकि गणपति डीलक्स में 41 यात्री सवार थे। 'द काठमांडू पोस्ट' की खबर के मुताबिक, गणपति डीलक्स में सवार तीन यात्री बस से कूद गए, जिससे वे मलबे के साथ बहने से बच गए। पुलिस ने बताया कि बीरगंज से काठमांडू जा रही एंजेल बस में सवार 21 यात्रियों का विवरण मिल गया है और इनमें सात भारतीयों के शामिल होने की बात सामने आई है। छह भारतीयों की पहचान संतोष ठाकुर, सुरेंद्र शाह, आदित मियान, सुनील, शाहनवाज आलम और अंसारी के रूप में की गई है। सातवें भारतीय की शिनाख्त अभी बाकी है। यादव ने बताया कि बचावकर्मियों ने भूस्खलन के मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने त्रिशूली नदी में दो बसों के बहने की घटना पर दुख जताते हुए युद्धस्तर पर तलाश एवं बचाव अभियान के निर्देश जारी किए हैं। प्रचंड ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मैं देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण संपत्ति को पहुंचे नुकसान तथा नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर बस के भूस्खलन की चपेट में आकर नदी में बहने की घटना से बहुत दुखी हूं।

बचाव अभियान में जुटे नेपाली सेना के जवान और अन्य लोग। ● एजेंसी

- लापता भारतीय 24 अन्य के साथ बीरगंज से जा रहे थे काठमांडू
- काठमांडू जा रही बस में 24 और गौर जा रही बस में थे 41 यात्री

एक नजर

कश्मीर के बारामूला में लगे 4.2 तीव्रता के झटके

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में शुक्रवार को 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि इस भूकंप में किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में दोपहर 12:26 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र 34.32 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 74.41 डिग्री पूर्वी देशांतर पर पांच किमी की गहराई पर था।

आतंकी समेत दो के खिलाफ चार्जशीट

मुंबई। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने लीबिया में सक्रिय आईएसआईएस के एक आतंकवादी सहित दो लोगों के खिलाफ कथित तौर पर भारत विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने की साजिश में संलिप्त होने के मामले में शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल किया। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने एक बयान में बताया कि दोनों आरोपियों ने भारत में संवेदनशील संस्थानों पर हमला करने के लिए युवकों की भर्ती करने की साजिश रची थी। इसमें कहा गया कि मोहम्मद जोहेब खान को एनआईए ने कई स्थानों पर छापेमारी के बाद इस साल फरवरी में गिरफ्तार किया था।

गोवा के निलंबित आईपीएस अधिकारी की हुई बहाली

नई दिल्ली। गोवा में करीब एक साल पहले एक महिला पर्यटक के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में निलंबित किए गए आईपीएस अधिकारी ए. कोआन को सरकार ने सेवा में बहाल कर दिया है। 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी कोआन को निलंबन अवधि के दौरान बिना अनुमति के गोवा से नहीं जाने का आदेश दिया गया था, उन्हें अब अंडमान एवं निकोबार भेजा गया है।

आंध्र के पूर्व मुख्यमंत्री जगन रेड्डी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

गुंटूर (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश पुलिस ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के एक विधायक की शिकायत पर पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी, दो वरिष्ठ आईपीएस और दो सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में उंडी विधानसभा क्षेत्र से तेदेपा विधायक के. रघुराम कृष्ण राजू ने शिकायत दर्ज कराई थी। राजू 2019 से 2024 के बीच वाईएसआरसीपी के लोकसभा सदस्य थे, लेकिन शुरुआती दौर में ही रेड्डी से उनका अलगाव हो गया था।

तेरह अभियुक्त नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई रिमांड पर

पटना, एजेंसी

- हाईकोर्ट के निर्देश पर विशेष अदालत ने 15 दिनों के लिए हिरासत में भेजा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में पटना हाईकोर्ट के आदेश के बाद पटना व्यवहार न्यायालय स्थित एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व में गिरफ्तार किए गए जेल में बंद 13 अभियुक्तों को हिरासती पूछताछ के लिए 15 दिनों की पुलिस रिमांड पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे पर जाने का आदेश दिया। विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत में एक याचिका दाखिल कर पटना हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए सीबीआई की ओर इस मामले में पटना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए जेल मे बंद 13 अभियुक्तों से हिरासती पूछताछ के लिए 15 दिनों की पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का अनुरोध किया गया था। पटना हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में विशेष अदालत ने सभी 13 अभियुक्तों को अविलंब सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेउर के अधीक्षक को दिया है। गौरतलब है कि इस मामले में अभी 27 अभियुक्त जेल में बंद है। उनमें से 13 अभियुक्तों को पटना पुलिस ने 05 मई 2024 को पटना के शास्त्रीनगर थाना में इस मामले की प्राथमिकी दर्ज करने के बाद गिरफ्तार किया था और उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

स्मृति ईरानी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग न करें : राहुल

लखनऊ। रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को लेकर की जा रहीं आपत्तिजनक टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए अप्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने स्मृति ईरानी पर की गई टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऐसा न करने की हिदायत दी है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर शुक्रवार को लिखा है कि, जीवन में हार-जीत तो होती रहती है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी अन्य नेता के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने और बुरा व्यवहार करने से बचें। लोगों को अपमानित करना कमजोरी की निशानी है, ताकत की नहीं।

- बोले, किसी को बेइज्जत व शर्मसार करना कमजोर होने की निशानी

चार माह के उच्चतम स्तर पर खुदरा महंगाई, जून में 5.08 प्रतिशत पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी से ही घट रही थी लेकिन जून का महीना एक बार फिर इसमें तेजी लेकर आया। मई 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.8 प्रतिशत पर थी जबकि जून 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रही थी। खुदरा महंगाई का पिछला उच्च स्तर फरवरी में 5.09 प्रतिशत रहा था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य समूह में शामिल उत्पादों की महंगाई दर जून में बढ़कर 9.36 प्रतिशत पर पहुंच गई। मई में खाद्य मुद्रास्फीति 8.69 प्रतिशत थी। भीषण गर्मी से प्रभावित रहे जून के महीने में सब्जियों की कीमतें सालाना आधार पर सबसे अधिक 29.32 प्रतिशत बढ़ गईं। उसके बाद ''दालें और उत्पाद'' में मुद्रास्फीति 16.07 प्रतिशत रही। जून में ''अनाज और उत्पाद'' के अलावा फलों के दाम भी एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में महंगे बिके।

एनएसओ के आंकड़ों से पता चलता है कि जून में ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा मुद्रास्फीति 5.66 प्रतिशत रही जबकि शहरी भारत में महंगाई दर 4.39 प्रतिशत रही।

- सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि का पड़ा असर
- मई 2024 में 4.8% जबकि जून 2023 में 4.87 प्रतिशत रही थी

बारिश सामान्य रहने पर स्थितियां होंगी अनुकूल

अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि यदि मानसून के बाकी वक्त में बारिश सामान्य रहती है और वर्षा वितरण भी अनुकूल रहता है तो खाद्य मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण निश्चित रूप से अनुकूल हो जाता है। वैश्विक या घरेलू स्तर पर कोई अन्य झटका नहीं लगने पर हम अक्टूबर 2024 में नीतिगत रुख में बदलाव और दिसंबर 2024 एवं फरवरी 2025 में 0.25 प्रतिशत की कटौती की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं। एनएसओ के मुताबिक, जून में सबसे अधिक मुद्रास्फीति ओडिशा (7.22 प्रतिशत) और सबसे कम दिल्ली (2.18 प्रतिशत) में रही।

अब स्कूल समय में कभी भी हाजिरी लगा सकेंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महानिदेशक शिक्षा ने ऑनलाइन हाजिरी में दी रियायत
- अभी तक सुबह 8:30 बजे तक ही दर्ज करा सकते थे उपस्थिति

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद के 1.33 लाख सरकारी स्कूलों में तैनात 6 लाख से अधिक शिक्षकों को बड़ी राहत मिल गई है। शिक्षा महानिदेशक ने शिक्षकों की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें टैबलेट के माध्यम से विद्यालय समय अवधि में किसी भी समय ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराने की रियायत दी है।

महानिदेशक कंचन वर्मा ने कहा कि समीक्षा में पाया गया कि वर्तमान में आनलाइन हाजिरी प्रातः 8:30 बजे तक ही लगाई जा सकती है। इसके बाद एप पर इसमें कोई बदलाव या अपडेट नहीं किया जा सकता। इसमें सामने आईं दिक्कतों को तकनीकी टीम दूर नहीं कर सकी। इसलिए तय किया गया है प्रक्रिया के स्थापित होने तक विद्यालय की पूर्ण अवधि में किसी भी समय डिजिटाइज रजिस्टर एप का प्रयोग किया जा सकेगा। इससे विद्यालय अवधि में विद्या समीक्षा केन्द्र तथा विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से राज्य स्तर तक संज्ञान में लाए गए मामलों का निवारण विद्यालय कार्य अवधि में ही किया जाना संभव होगा।

सेबी की कार्रवाई : सहारा के पास जमा 14,106 करोड़ किया कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सहारा इंडिया कामर्शियल कार्पोरेशन लिमिटिड (एसआईसीसीएल) व उसके निदेशकों के बैंक खातों, डीमैट खातों एवं म्युचुअल फंड फोलाइन में जमा 14,106 करोड़ रुपये की धनराशि कुर्क किया है। बोर्ड ने तीन वर्ष तक कई नोटिसें भी भेजी थीं, लेकिन एसआईसीसीएल से कोई जवाब नहीं आया।

सेबी के रिकवरी अधिकारी ने 09 अप्रैल 2021 को एसआईसीसीएल और उसके निदेशकों के बैंक खातों, डीमैट खातों, म्युचुअल फंड फोलाइन को कुर्क करने का निर्देश दिया था। इसके अंतर्गत सुब्रत राय सहारा, बी. राय, ओपी श्रीवास्तव, लेफ्टीनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एएस राव व रनोज दास गुप्ता को एसआईसीसीएल द्वारा जारी ओएफसीडी के मामले में 14,106 करोड़ रुपये की वसूली की जानी थी। 21 अक्टूबर और 17 नवंबर 2021 को बैंक खाता और म्युचुअल फंड की कुर्की की नोटिस पुनः जारी की गई। जवाब नहीं मिलने पर कुर्की की गई।

- वर्ष 2021 में शुरू हुई थी कार्रवाई की प्रक्रिया, छह आरोपियों को दिया था नोटिस

ईडी ने सहारा समूह के जब्त किए 2.98 करोड़

लखनऊ। ईडी कोलकाता ने धनशोधन एक्ट के तहत शुक्रवार को कोलकाता, लखनऊ और मुंबई स्थित हुमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के मामले में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान हुमारा इंडिया और सहारा समूह की अन्य संस्थाओं के बही-खाते, डिजिटल डिवाइस, कई आपत्तिजनक दस्तावेज और अपराध की आय (पीओसी) 2.98 करोड़ जब्त किए।

आबकारी घोटाला : केजरीवाल को ईडी मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी। ईडी के मामले में जमानत मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे, क्योंकि सीबीआई ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह निर्णय केजरीवाल को करना है कि वह मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे या नहीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि हम इस तथ्य से अवगत हैं कि अरविंद केजरीवाल निर्वाचित नेता हैं। पीठ ने यह भी कहा कि केजरीवाल 90 दिनों से अधिक समय से कारावास में हैं। पीठ ने ईडी मामले में उनकी गिरफ्तारी की वैधता से संबंधित प्रश्नों को वृहद पीठ के पास भेज दिया। अदालत ने कहा कि चूंकि मामला जीवन के अधिकार से संबंधित है और गिरफ्तारी का मुद्दा बड़ी पीठ को सौंप दिया गया है इसलिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए।

- सीबीआई द्वारा दर्ज किए मामले में अभी जेल में ही रहेंगे मुख्यमंत्री
- ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती की अर्जी पर वृहद पीठ करेगी विचार

सीबीआई मुकदमे में 25 तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मुकदमे गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 25 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया।

पिता का छलका दर्द, बेटा बलिदान क्या हुआ बहू ने भी फेर ली आंखें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

सरकार से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के बाद बलिदानी के मात-पिता को छोड़कर चली गई पुत्रवधू

अमृत विचारः देश सेवा में बेटा क्या बलिदान हुआ, बहू ने भी आंखें फेर लीं। सरकार से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के बाद पुत्रवधू ने हमसे सारे रिश्ते तोड़ दिये। अपने पिता के साथ हमेशा के लिए चली गई। उसे हमारी दशा पर तनिक भी तरस नहीं आया। अब जीवन भर दुख के सिवाए हमारे पास कुछ नहीं है। यह कहते हुए बलिदानी कैप्टन अंशुमान सिंह के पिता रवि प्रताप सिंह फफक पड़े। कहा कि देश के लिए हमने भी तो अपना बेटा खोया है। सरकार को चाहिए कि वह ऐसे सम्मान के नियमों में फेरबदल करे। जिससे बलिदानी की पत्नी के साथ-साथ हमारे जीवन का दुख-दर्द भी कम हो सके, आर्थिक सहायता मिल सके।

बलिदान हुए कैप्टन अंशुमान सिंह के पिता रवि प्रताप सिंह शुक्रवार को वह बुद्धेश्वर स्थित अपने आवास पर थे। वार्ता के दौरान वह अंशुमान के बचपन की पुरानी यादों में खो जाते और आंखें नम हो उठती हैं। भरे गले से वह कहने लगे बेटे के बलिदान होने के बाद राष्ट्रपति भवन में पत्नी मंजू सिंह, बेटी तान्या सिंह और बहू स्मृति सिंह के साथ गया था। जहां 5 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बहू स्मृति को कीर्ति चक्र भेंट किया था। लेकिन स्मृति ने अंशुमान की मां मंजू के अलावा किसी को भी कीर्ति चक्र छूने नहीं दिया। अपने पिता राजेश सैनी के साथ पंजाब के पठानकोट चली गयी। दुख की घड़ी में बहू का कुशल-क्षेम जानने को लगातार फोन किया तो पता चला कि नंबर ब्लॉक कर दिया गया। बार-बार फोन मिलाना व्यर्थ गया। सभी दस्तावेजों पर उसने देवरिया का पता तक हटवा दिया। कागजों पर पठानकोट का पता डलवा लिया। ऐसे में उसे अपने बलिदानी पति के माता-पिता का ख्याल तक नहीं आया। बलिदानी के पिता ने मोहान रोड स्थित बुद्धेश्वर चौराहे पर कैप्टन अंशुमान की प्रतिमा स्थापित करने की बात नगर आयुक्त इंद्रजीत से कही। जिस पर उन्होंने अपनी सहमति दी। मालूम हो कि देवरिया जिले के लार विकास खंड के बरडीहा दलपत गांव के रहने वाले कैप्टन अंशुमान सिंह 19 जुलाई, 2023 को सियाचिन ग्लेशियर में बलिदान हो गए थे। वहां भारतीय सेना के टेंट में आग लग गई थी, कई जवान आग में फंस गए। कैप्टन अंशुमान सिंह साथियों को बचाने की कोशिश में बलिदान हो गए थे।

बलिदानी कैप्टन अंशुमान सिंह के माता-पिता।

आरोप के बारे में मुझे कुछ भी नहीं कहना : स्मृति सिंह

कैप्टन अंशुमान के माता-पिता के आरोप के बारे में बलिदानी की पत्नी स्मृति सिंह ने बताया कि इस बारे में उसे कुछ भी नहीं कहना। कहा, मेरी सोच सकारात्मक है। वहीं, पंजाब के दीनानगर निवासी स्मृति के पिता ने कहा कि स्मृति कहीं बाहर गई हुई हैं। उन्हें इस मामले में कुछ कहना होगा तो वही अपना पक्ष जरूर देंगी। हमारे परिवार के किसी सदस्य को स्मृति के सास-ससुर के आरोपों पर कुछ भीन हीं कहना।

40 साल बाद बाहर आया सिख विरोधी दंगे का जिन्न

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- श्री गुरु सिंह सभा ने कई नए तथ्य जोड़कर मुसीबत बढ़ाई मौत का आंकड़ा गलत बताया

अमृत विचार। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख विरोधी हिंसा फैली थी, जिसमें बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। यूपी सरकार के रिकार्ड में 127 मौतें दर्ज हैं। श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर के चेयरमैन एवं पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह ने 1984 की घटना में कई नए तथ्य जोड़कर जांच, मुआवजा और मृतकों की संख्या को लेकर नए दावे किए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

पूर्व एमएलसी का कहना है कि जस्टिस रंगनाथ मिश्रा आयोग ने घटना की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में कहा था कि यूपी में 127 सिखों की दंगे में जान गई जबकि आरटीआई के माध्यम से मरने वालों की संख्या 141 दी गई है। तमाम लोगों की गिनती ही नहीं हुई।

गुमशुदगी दर्ज कराई तो पुलिस ने 8 साल इंतजार करने को कहा

- श्री गुरु सिंह सभा कानपुर के चेयरमैन सरदार कुलदीप सिंह ने कहा कि तमाम ऐसे सिख समाज के लोग हैं जिनके परिवार के लोगों को ट्रेन, बस में मार दिया गया। जब उनके परिजनों ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की तो थाने से कहा गया कि 8 साल इंतजार करिए, यदि 8 साल तक नहीं आते हैं तो कार्रवाई होगी। उनका दावा है कि दर्जनों लोग ऐसे हैं जिनका आजतक कुछ पता नहीं है।

2017 में प्रमुख सचिव ने हाईकोर्ट को सौंपे थे आंकड़े

13 सितंबर 2017 को यूपी के प्रमुख सचिव ने हाईकोर्ट को हलफनामा सौंपा था कि यूपी में 1984 के दंगे में 204 लोगों को 6 करोड़ 65 लाख रुपये मुआवजा दिया गया है। दंगे में घायल 7 सिखों को 12 लाख, 19 हजार रुपये आवंटित किया गया। पलायन करने वाले 58 सिख परिवारों को 3695 हजार रुपये बांटे गए। संपत्ति नुकसान के लिए 9424 पीड़ितों को 18 करोड़, 50 लाख दिए गए।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा

सरदार कुलदीप सिंह ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान व अन्य मुस्लिम देशों से गैर मुस्लिमों को भारत लाने के लिए कानून में बदलाव किया गया है, लेकिन 1984 में कितने ही सिख परिवार भय के कारण पलायन कर गए, ऐसे में पहले उन सिख परिवारों का पुनर्वास करें, उसके बाद दूसरे देशों के लोगों को भारत में नागरिकता दें।

सिग्नेचर सिटी अड्डे से पहले दिन 25 बसें दौड़ीं

खुशखबरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डा पर खड़ी बसें। अमृत विचार

- लखनऊ रवाना हुई पहली बस में 8 यात्री गए अयोध्या की बस में अयोध्या के सिर्फ तीन यात्री मिले, जल्दी ही बढ़ेगी यात्री संख्या
- गंगा बैराज मार्ग से बसों का संचालन होने से लखनऊ की यात्रा में लगभग 1 घंटा समय बचने का किया जा रहा दावा

अमृत विचार। सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डे से शुक्रवार को बसों का संचालन विधिवत शुरू हो गया। पहले दिन बस अड्डे से सुबह सात बजे पहली बस अयोध्या के लिए चली तो उसमें अयोध्या के केवल तीन यात्री ही मिले। इसके साथ ही दिल्ली, लखनऊ, बिधूना समेत 11 प्रमुख मार्गों के लिए यहां से बसों का संचालन किया गया।

विकास नगर स्थित सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डे पर यात्रियों का आवागमन शुरू हो गया है। शुक्रवार को लखनऊ के लिए रवाना हुई पहली बस में 8 यात्री गए जबकि बिधूना की बस में 22 सवारी मिलीं। क्षेत्रीय प्रबंधक कानपुर परिक्षेत्र अनिल कुमार ने बताया कि बस अड्डे से पहले दिन ही यात्रियों के आवागमन का सिलसिला शुरू हो गया। सभी बसें वाया गंगा बैराज, सरैया क्रासिंग होते हुए लखनऊ व अन्य मार्गों पर चल रही हैं।

इससे बसों को कहीं जाम की समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लखनऊ के यात्रियों का लगभग एक घंटे का समय बच रहा है। यहां से सवारियां अब बढ़ेंगी।

झकरकटी बस अड्डे पर 40 बसें हुईं कम, सिग्नेचर अड्डे से 250 बसें चलाने की तैयारी

सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डा के चालू होते ही पहले दिन शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा पर 40 बसों का बेड़ा कम हो गया है। इससे बस अड्डे को भीड़भाड़ से राहत मिली है। सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डा से भविष्य में 250 बसों को चलाने की तैयारी है। इससे झकरकटी बस अड्डा पर बसों की संख्या में भारी कमी आएगी और यहां से बसें अपने निर्धारित समय से चलने लगेंगी।

अब सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पोर्टेबल डिजिटल एक्सरे मशीनें

अभी तक कई केंद्रों पर नहीं थी एक्सरे की सुविधा, घायल और बीमार होते थे परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

पोर्टेबल डिजिटल एक्सरे मशीन।

अमृत विचार। सड़क हादसों में घायल और गंभीर बीमार मरीजों को एक्सरे के लिए स्ट्रेचर पर लेटकर अब हैलट या उर्सला अस्पताल अथवा निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। मरीजों को बेड पर ही एक्सरे की सुविधा मिलेगी। इसके लिए जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में पोर्टेबल डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध करायी जा चुकी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी एक्सरे सुविदा की शुरुआत होने से गंभीर मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

जिले में बिल्हौर, घाटमपुर, चौबेपुर, शिवराजपुर, बिधनू, भीतरगांव, सरसौल, कल्याणपुर समेत 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। इनमें से अधिकांश स्वास्थ्य केंद्र हाइवे किनारे बने हुए हैं। इसके चलते प्रतिदिन 20 से 25 लोग सड़क हादसों में घायल होकर यहां पहुंचते है। औसतन 18 से 20 मरीज गंभीर बीमारी से ग्रस्त पहुंचते हैं, इनमें से कई मरीजों का एक्सरे कराने की जरूरत पड़ती है। लेकिन इन 10 सीएचसी में से कुछ सीएचसी में एक्सरे की सुविधा उपलब्ध नहीं थी, इस वजह से मरीजों को हैलट, उर्सला या निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। निजी सेंटरों में एक्सरे कराने पर सरकारी रेट से दोगुना रुपया चुकना पड़ता था। मरीजों की हालत गंभीर देखते हुए उनको उर्सला या हैलट अस्पताल रेफर कर दिया जाता है।

अब इस समस्या का समाधान हो गया है। शासन द्वारा जिले के सभी 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पोर्टेबल डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध करा दी गई हैं, इनकी स्थापना होने से मरीजों को एक्सरे कराने के लिए परेशान नहीं होगा पड़ेगा।

शासन की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एडवांस तकनीक की मशीन उपलब्ध कराई हैं, जो पूर्ण रूप से पोर्टेबल है। पोर्टेबल होने की वजह से सीएचसी में मशीन खुद चलकर मरीज के बेड तक जाएगी और गंभीर मरीज का एक्सरे उसी स्थान पर करेगी। इसके लिए मशीन के साथ सीएचसी में टेक्निशियन उपलब्ध रहेंगे। इससे आसानी से एक्सरे हो जाएगा।

> शासन से कुछ माह पहले ही पोर्टेबल डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध कराई गई है, जो सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंच गई हैं, इनका संचालन कुछ सीएचसी में शुरू भी हो गया है। कुछ में टेक्नीशियन आने पर शुरू कर दिया जाएगा। मशीन की मदद से गंभीर मरीजों का बेड पर ही एक्सरे किया जाना संभव होगा।
>
> –डॉ .आलोक रंजन, सीएमओ, कानपुर नगर

फिर शुरू हुआ मैटेरियल साइंस में बीटेक कोर्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 30 सीटों पर छात्र-छात्राओं को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर मिलेंगे प्रवेश

अमृत विचार। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में फिर से मैटेरियल साइंस एंड इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू हो रही है। बीटेक के इस पाठ्यक्रम में पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि भविष्य में मैटेरियल साइंस एंड इंजीनियरिंग के विशेषज्ञों की मांग बढ़ेगी। इंजीनियरिंग के बदलते पैटर्न और इंडस्ट्री की मांग को देखते हुए विश्विद्यालय प्रशासन ने दोबारा मैटेरियल साइंस एंड इंजीनियरिंग में बीटेक का पाठ्यक्रम शुरू किया है। यूआईईटी में संचालित इस पाठ्यक्रम में 30 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। आईआईटी के बाद सीएसजेएमयू ही मैटेरियल साइंस से बीटेक की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। कुलसचिव डा. अनिल यादव ने बताया कि 15 फीसद सीटें ईडब्ल्यूएस कोटे से भरी जाएंगी।

बीटेक-आईटी की सीटें सीएस में समाहित

सत्र 2024–25 में हुए बदलाव के क्रम में विश्वविद्यालय ने बीटेक आईटी की सभी सीटों को एआईसीटीई (आल इंडिया काउंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन) के समक्ष सरेंडर कर दिया। इसके चलते विश्वविद्यालय से अब इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) में छात्र–छात्राएं बीटेक नहीं कर सकेंगे। लेकिन आईटी की सीटों को विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों एवं इंडस्ट्री में कंप्यूटर साइंस के विशेषज्ञों की मांग अधिक देखते हुए कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के बीटे कोर्स में समाहित कर दिया है।

सार-संक्षेप

पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रदर्शन करते रेलवे कर्मचारी। अमृत विचार

पुरानी पेंशन करें बहाल, वर्ना रेल का करेंगे चक्का जाम

कानपुर। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान पर शुक्रवार को नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन ने मंडल अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी की अगुवाई में सेंट्रल स्टेशन पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए धरना–प्रदर्शन किया गया। चालक लॉबी के पास एकत्र हुए यूनियन के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने पहले धरना दिया फिर प्रदर्शन व नारेबाजी की। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यूनियन लगातार पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलन कर रही है। तीन दिवसीय भूख हड़ताल समेत कई बार प्रदर्शन किया गया है। पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि पुरानी पेंशन योजना जल्द बहाल नहीं की गई तो रेल का चक्का जाम किया जाएगा। प्रदर्शन में मंडल उपाध्यक्ष नरेश यादव, विक्रम सिंह, केएम तिवारी, अनूप यादव, राम निवास मीना, महेंद्र यादव, रवि शंकर सिंह, अंकित शुक्ला, महेंद्र सिंह, अजीत यादव आदि रहे।

एसीएम चार को ज्ञापन देते सभा के लोग। अमृत विचार

टेलीकॉम कंपनियां मूल्य वृद्धि वापस लें

कानपुर। मोबाइल रिचार्ज प्लान में टेलीकॉम कंपनियों की ओर से की गई मूल्य वृद्धि के विरोध में शुक्रवार को भारत की जनवादी नौजवान सभा के कार्यकर्ता जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाधिकारी से मुलाकात नहीं हो पाने पर प्रदर्शनकारियों ने सूचना मंत्रालय को संबोधित ज्ञापन एसीएम–4 को सौंपा। सभा के जिला महामंत्री चमन खन्ना ने कहा कि टेलीकॉम कंपनियां मनमानी पर उतारु हैं। रिचार्ज और डाटा प्लान में की गई बढोतरी सभी को भारी पड़ रही है। केंद्रीय सूचना मंत्रालय से हमारी मांग है कि कंपनियां मूल्य वृद्धि वापस लें। रिचार्ज पूरे एक माह का दिया जाए, उपभोक्ताओं को राहत के लिए बीएसएनएल को मजबूत किया जाए। बिनोद पांडेय, चमन खन्ना, अमित केशरवानी, अरविंद गुप्ता, साहिल कुमार, आशा खालिद, अमित शुक्ला, अनूप कटियार, उमाकांत, शेखर भारतीय, आनंद गौतम शामिल रहे।

ग्लोबल वार्मिंग से बचाने को करेंगे जागरूक

कानपुर। ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के लिए शहर में जस्ट फॉर एनवायरमेंट के सदस्य जागरूक करेंगे। यह बात संगठन के संरक्षक एवं एनएसआई के पूर्व निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने कही। उन्होंने बताया कि शहर को प्रदूषण मुक्त, स्वच्छ एवं हरियाली युक्त बनाने की दिशा में संस्था काम करेगी, जिससे जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचा जा सके। स्वरूप नगर कार्यालय में उन्होंने वार्ता के दौरान कहा कि संस्था प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, अपशिष्ट को नियंत्रित करने और इसके प्रबंधन एवं पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं का पालने के लिए संस्था अभियान चलाएगी।

ब्रोंकोस्कोपी मशीन के लिए शासन से गुहार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कांशीराम अस्पताल में प्रतिदिन आते हैं श्वांस रोगों के करीब 50 मरीज

अमृत विचार। शहर में जगह-जगह हो रही खोदाई के कारण वायु प्रदूषण बढ़ने के कारण सांस रोगियों की संख्या भी बढ़ी है। इसके अलावा अधिक स्मोकिंग करने की वजह से युवाओं में सांस संबंधित समस्याएं बढ़ी है। सांस लेने में तकलीफ होने पर तमाम मरीज कांशीराम अस्पताल आते हैं, जिनकों जांच व इलाज के लिए मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल भेजा जाता है, लेकिन अब ऐसा नहीं हो सकेगा। कांशीराम अस्पताल में ही उनकी ब्रोंकोस्कोपी होगी।

रामादेवी स्थित कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रामा सेंटर में आसपास क्षेत्र के साथ ही नौबस्ता, यशोदा नगर, श्याम नगर, घाटमपुर, साढ़, हमीरपुर, फतेहपुर समेत आदि क्षेत्र से मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इस वजह से यहां की ओपीडी तीन से चार सौ मरीजों की होती है, जिनमें 40 से 50 मरीज सांस रोग से संबंधित रहते हैं। लेकिन अस्पताल में सांस रोगियों के इलाज में सहायक पर्याप्त साधन और मुख्य जांच की सुविधा नहीं है। इसलिए यहां पर आने वाले मरीजों को परामर्श तो दिया जाता है, लेकिन जांच व इलाज के लिए उनको 16 किलोमीटर दूर स्थित रावतपुर में मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में भेजा जाता है। चेस्ट अस्पताल आने पर मरीजों को जांच व इलाज की सुविधा मिलती हैं, लेकिन आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। इसे देखते हुए कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रामा सेंटर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.स्वदेश गुप्ता ने शासन को पत्र लिखकर ब्रोंकोस्कोपी मशीन की मांग की है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.स्वदेश गुप्ता के मुताबिक प्रतिदिन 20 से 30 मरीजों को जांच के लिए हैलट के मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल भेजा जाता है। ब्रोंकोस्कोपी मशीन आने पर मरीजों को जांच के लिए अन्य अस्पताल नहीं जाना होगा।

श्वांस, संक्रमण और फेफड़ों की होगी जांच

कांशीराम अस्पताल में तैनात चेस्ट फिजीशियन डॉ .ओपी राय ने बताया कि अस्पताल में काफी संख्या में सांस रोगी आते हैं, जिसे देखते हुए ब्रोंकोस्कोपी मशीन की मांग की गई है। ब्रोंकोस्कोपी के जरिये मरीज के श्वसन मार्ग और फेफड़ों की जांच आसानी से की जाती है। लगातार संक्रमण या खांसी के मरीजों या फिर एक्सरे में असाधारण सा दिखाई देने पर ही विशेषज्ञ ब्रोंकोस्कोपी जांच कराने की सलाह देते हैं। इसका इस्तेमाल बलगम, गले और फेफड़ों से ऊत्तकों का नमूना लेने के लिए किया जाता है। निमोनिया, टीबी और फेफड़ों के कैंसर के अलावा अन्य मरीजों के उपचार के दौरान भी ब्रोंकोस्कोपी जांच कराई जाती है। इस तकनीक से ये भी पता चलता है कि फेफड़े का कौन सा हिस्सा प्रभावित है।

सद्भावना मंडप तैयार, मिलेगा बहुउद्देशीय हॉल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

कैंट क्षेत्र के छबीले पुरवा में तैयार सद्भावना मंडप। अमृत विचार

अमृत विचार। कैंट बोर्ड को अगले माह एक और बहुउद्देशीय हॉल मिल जाएगा। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने छबीले का पुरवा में 300 व्यक्तियों की क्षमता वाला सद्भावना मंडप तैयार कराया है। इसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अब फिनिशिंग कार्य चल रहा है। दो करोड़ 34 लाख रुपये लागत से तैयार हो रहा यह सद्भावना मंडप गरीब बेटियों के शादी समारोह में गेस्ट हाउस की समस्या दूर करेगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमिनार के लिए भी उपलब्ध होगा।

कैंट क्षेत्र के छबीले का पुरवा में सद्भावना मंडप का निर्माण कार्य अंतिम दौर मौ हैं। सद्भावना मंडप के निर्माण का उद्देश्य यह है कि गरीब बेटियों को शादी समारोह के लिए कम खर्च में सुख-सुविधा युक्त स्थान उपलब्ध कराया जा सके। इसके अलावा यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमिनार के साथ 300 व्यक्तियों की क्षमता वाले विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आसानी से हो सकेंगे। सद्भावना मंडप में सभी समुदाय के लोग मांगलिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। हालांकि आवंटन में अल्पसंख्यक समाज को प्राथमिकता दी जाएगी। यहां सरकारी कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। आवंटन के लिए बहुत कम राशि का भुगतान करना होगा। इस राशि का निर्धारण कैंट बोर्ड करेगा। सद्भावना मंडप कैंटोमेंट बोर्ड को सौंप दिया जाएगा।

> सद्भावना मंडप का बहुउद्देशीय इस्तेमाल किया जाएगा। निर्माण आखिरी दौर में चल रहा है। उम्मीद है कि इसे अगस्त माह के अंत तक कैंट बोर्ड के सुपुर्द कर दिया जाएगा। इससे गरीब वर्ग को शादी समारोह व अन्य मांगलिक आयोजनों में बड़ी सहूलियत मिलेगी।
>
> –पवन कुमार सिंह, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी

2000 वर्ग मीटर में निर्माण वाहन पार्किंग का भी इंतजाम

- सद्भावना मंडप का भवन 2000 वर्ग मीटर में बनाकर तैयार किया गया है। कुल लागत 2 .34 करोड़ रुपये में केंद्र सरकार की ओर से 1 .40 करोड़ और राज्य सरकार ने 93 .6 लाख दिए हैं। कार्यदायी संस्था वक्फ विकास निगम इस भवन का निर्माण कर रहा है। सद्भावना मंडप में एक हॉल, एक ऑफिस, दो कमरे, किचन और बाथरूम हैं। कार्यक्रम के दौरान एक बड़ा क्षेत्र बाहर वाहनों की पार्किंग के लिए निर्धारित किया गया है। सुरक्षा कर्मियों के लिए अलग से एक रूम की व्यवस्था होगी। शादी–विवाह के लिए बुकिंग होने पर मंडप के दो कमरे उपलब्ध कराए जाएंगे।

रोजगार संगम पोर्टल | सॉफ्टवेयर में समस्या के कारण युवाओं के सामने कैफे जाने की मजबूरी

मोबाइल से नहीं हो रहा पोर्टल पर पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे युवाओं को करना है पोर्टल पर अपना पंजीयन

270 संस्थानों के युवाओं का होना है पंजीयन

48,461 युवाओं का पूरे जिले में होना है रजिस्ट्रेशन

188 संस्थानों के युवाओं ने अब तक किया उपयोग

3,853 युवा ही अब तक पोर्टल पर पंजीकरण करा पाए

अमृत विचार। सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर युवा मोबाइल से अपना पंजीकरण नहीं करा पा रहे हैं। इसकी वजह पोर्टल पर सॉफ्टवेयर संबंधी समस्या बताई जा रही है। मोबाइल से पंजीकरण न हो पाने की वजह से युवाओं को रजिस्ट्रेशन के लिए इंटरनेट कैफे जाना पड़ रहा है। अधिकारियों की माने तो पोर्टल केवल डेस्कटॉप पर ही खुल रहा है। इसकी सूचना निदेशालय भेजी जा चुकी है।

सेवायोजन विभाग ने हाल ही अपना नया पोर्टल रोजगार संगम लांच किया है। इस पोर्टल पर जिले में 271 संस्थानों के 48,461 युवाओं का पंजीयन कराना है। फिलहाल पोर्टल पर 3,853 पंजीकरण ही हुए हैं। इस पोर्टल पर अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे फ्रेशर युवाओं का पंजीयन होना है। पोर्टल के जरिए युवाओं को काउंसिलिंग, रोजगार, सरकारी व निजी क्षेत्र रिक्तियों की जानकारी सहित कॉलेज कैंपस जैसी सुविधाएं मिलती हैं। इस पोर्टल पर सिर्फ अंतिम वर्ष में पढ़ाई करने वाले युवाओं का ही पंजीकरण हो सकता है। लेकिन पोर्टल पर पंजीकरण में गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। पोर्टल मोबाइल फोन पर खुल तो रहा है लेकिन उसमें मौजूद जानकारियां भरने पर वह लोड नहीं हो पा रही है। अधिकारियों ने इसे तकनीकी समस्या बताया है। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि युवाओं की शिकायत पर जब पोर्टल खोला गया तो वह सिर्फ डेस्कटॉप पर ही पंजीकरण करा रहा था। इसकी सूचना निदेशालय भिजवाई गई है। पोर्टल पर मोबाइल फोन से भी पंजीकरण हो सकेगा।

8 फीसदी ही अब तक हो पाए पंजीयन

रोजगार के लिए फ्रेशर युवाओं के लिए शुरू हुए पोर्टल पर अब तक 8 फीसदी आवेदन ही हो सके हैं। पोर्टल पर बेहद कम पंजीकरण की बड़ी वजह मोबाइल से रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाना है। लगभग एक महीने से जिले में शुरू पंजीकरण में अब तक ज्यादातर आईटीआई और पॉलीटेक्निक के युवाओं ने ही पंजीकरण कराया है। निजी संस्थानों के पंजीकरण केवल 2 फीसदी ही हो सके हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

आवश्यकता है
मोहम्मद अली नजीर फातिमा पीजी कॉलेज गौरीखालसा मुसलमानावाद हरदोई
में स्नातकोत्तर स्तर पर एम .एस .सी में जन्तुविज्ञान वनस्पति विज्ञान भौतिक विज्ञान एवं गणित विषय में दो–दो प्रवक्ताओं की।
शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी तथा लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के मानकानुसार देय होगा।
मो0–9695400001,991942439

सूचना
सूचित है कि मेरा इंटरमीडिएट अंकपत्र और प्रमाण पत्र रोल नंबर 0542700 वर्ष 2003 वास्तव में खो गया है। **–देवेश कुमार सिंह पुत्र उदय नारायण सिंह निवासी हुजूरपुर बहराइच**

PLOT FOR SALE:
Village teephar district barabanki on lko. Deva Sharif road. on guari crossing.left side road about 1.3 km new Govardhan city.4000sq.ft. plot. three sides proposed road. dhara143pass residential mutation done.This village (teephar) is included state capital region(SCR)
Contact on 9415522420

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मैं सलिल कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण मोहन त्रिपाठी निवासी– ग्राम रामनगर तरहर, परगना–तहसील व जिला गोंडा का हूं। मेरा नाम पासपोर्ट में सलिल कुमार तिवारी पुत्र श्री कृष्ण मोहन तिवारी था। जो अब बदलकर सलिल कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण मोहन त्रिपाठी कर लिया गया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। सलिल कुमार तिवारी पुत्र श्री कृष्ण मोहन तिवारी को गलत व अवैध समझा जाए। **– सलिल कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण मोहन त्रिपाठी, निवासी– ग्राम रामनगर तरहर परगना तहसील व जिला– गोंडा**

सूचना
सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड एवं समस्त कागजात में मेरा नाम DILIP KUMAR YADAV है। पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से DILEEP KUMAR YADAV अंकित है। जिसको सही कर DILIP कर देना न्यायोचित होगा। **–दिलीप कुमार यादव पुत्र दिनेश कुमार यादव, ग्राम शंकरपुर, पोस्ट पखरौली कोतवाली देहात।, सुल्तानपुर (उ0प्र0)**

आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

35.4°	27.2°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:24	सूर्यास्त 07:04

एक नजर

कैपिटल गेन में बदलाव के आसार

कानपुर। साझेदारी फर्मों के पुनर्गठन या विघटित होने पर जो भी पूंजीगत संपत्ति फर्म द्वारा साझेदारी को हस्तांरित की जाएगी। इस पर आयकर की धारा के अंतर्गत लघु एवं दीर्घकालीन दर से कर का प्रावधान वित्तीय वर्ष 2021 से लागू है। यह बात पूर्व अध्यक्ष सीए शशिकुमार बाजपेयी ने कही। महामंत्री शैलेश शर्मा ने बताया कि अनुमान है कि बजट में कैपिटल गेन में बदलाव के आसार हैं। कार्यक्रम में अजय कुमार अग्रवाल, एसएम जौहरी आदि मौजूद रहे।

सम सेमेस्टर परीक्षा जारी

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यलायों बीएड एवं एमएड की सम सेमेस्टर परीक्षाएं जारी हैं। यह जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा बहुविकल्पीय माध्यम से कराई जा रही हैं। अभी तक परीक्षाएं शांति पूर्वक एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हो रही हैं।

पत्नी का आरोप, अधिकारी मांग रहे थे 36 वर्ष पुराना रिकार्ड, एफआईआर कराने की दी थी धमकी

केस्को में प्रताड़ना से तंग लिपिक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

कोकाकोला क्रासिंग पर घटना

- पत्नी का आरोप, अवसाद में थे पति अफसरों की धमकियों के कारण पूरी तरह गए थे टूट
- पुलिस ने रेलवे क्रासिंग के गैटमैन समेत घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के बयान किए दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नजीराबाद रेलवे क्रासिंग पर शुक्रवार को ट्रेन के आगे कूदकर केस्को में कार्यरत एक लिपिक ने जान दे दी। परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंची पत्नी और बच्चों ने केस्को के अधिकारियों पर प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अफसर पिछले 36 सालों का रिकार्ड मांग रहे थे, नहीं मिलने पर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी थी, इसी कारण लिपिक ने इतना बड़ा कदम उठा लिया।

विनय कुमार मल्होत्रा।

लाजपत नगर निवासी 54 वर्षीय विनय कुमार मल्होत्रा केस्को एमडी कार्यालय में अकाउंटेंट सेक्सन में लिपिक थे। घर में पत्नी पूजा के अलावा बड़ा बेटा सार्थक और उनकी सीए पत्नी पलक के साथ छोटा बेटा दिव्यांश मल्होत्रा रहता है, जो सीए की तैयारी कर रहा है। पत्नी पूजा ने बताया कि 15 दिन पहले पति विनय का ट्रांसफर केस्को एमडी कार्यालय से परेड बिजली घर हो गया था।

पत्नी ने गंभीर आरोप लगाया कि केस्को के अफसर पति पर 36 वर्षों का रिकॉर्ड देने का दबाव बना रहे थे। पति ने चार आलमारियों का रिकॉर्ड बनाकर सौंप दिया था, लेकिन कई पुरानी फाइलें नहीं मिल रही थीं। इस पर एक अफसर ने कहा था कि अगर रिकॉर्ड नहीं मिला तो एफआईआर दर्ज करवाकर जेल भिजवा देंगे। पत्नी का आरोप है कि इसी बात से पति बहुत अवसाद में थे। वह उन्हें लगातार समझा रही थीं। उन्होंने वीआरएस लेने की भी तैयारी कर ली थी। लेकिन विभागीय अफसरों के दबाव से वह अंदर से पूरी तरह से टूट गए। पत्नी ने अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि पति की मौत प्रताड़ना की वजह से हुई है।

गेटमैन के बयान दर्ज करते नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह। अमृत विचार

नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह ने घटनास्थल पर प्रत्यक्षदर्शी गेटमैन के बयान दर्ज किए। उसने बताया कि सुबह 11 बजे के आसपास एक व्यक्ति ने किनारे स्कूटी खड़ी की और रेल ट्रैक की तरफ बढ़ गया। उन लोगों ने ट्रेन आने की बात कहकर हटने को कहा, पर वह जाने को तैयार नहीं था। वह लोग जब तक उसे पकड़ने दौड़ते, वह ट्रेन के आगे कूद गया। नजीराबाद थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम पैनल और वीडियोग्राफी में कराया जा रहा है, परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

8 माह पहले हुई थी बड़े बेटे की शादी

मृतक विनय कुमार मल्होत्रा के समधी गुमटी निवासी विमल ने बताया कि नवंबर में ही पलक की उनके बड़े बेटे से शादी की थी। सार्थक और पलक दोनों नोएडा की मल्टीनेशनल कंपनी में सीए हैं। शादी के बाद बहू का पैर टूट जाने के चलते दोनों हनीमून मनाने नहीं जा सके थे। पिछले हफ्ते बेटा सार्थक पत्नी के साथ बाली हनीमून पर गए थे। शुक्रवार को ही बेटा और बहू को कानपुर लौटना था और इससे पहले इतनी बड़ी घटना हो गई।

'तुम्हारे डरपोक भइया ने यह क्या कर लिया'

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे चचेरे भाई भाई विक्की को देखकर मृतक विनय की पत्नी पूजा उन्हें पकड़कर फूट-फूटकर रोते हुए बोलीं, 'विक्की तुम्हारे डरपोक भइया ने ये क्या कर लिया।' भाई ने उन्हें इंसाफ दिलाने की बात कहकर शांत कराया।

'पापा के लिए लड़ना है तुम्हें'

पिता को याद करके बेटे दिव्यांश का रो-रोकर बुरा हाल था। उसे लगातार रोता देखकर बदहवास मां ने कहा कि 'दिव्यांश हार मत मानो, पापा की तरह नाम रोशन करना है, हम दोनों मिलकर पापा को यहां तक पहुंचाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।'

पोस्टमार्टम हाउस में रोती बिलखती पत्नी पूजा व बच्चे। अमृत विचार

पेंशन नहीं बनेगी, इसलिए वीआरएस से पीछे हट गए थे

- पत्नी पूजा ने बताया कि विनय ने छह महीने पहले वीआरएस के लिए आवेदन किया था। लेकिन पता चला कि अभी अगर वीआरएस लिया तो पेंशन नहीं बनेगी। छह महीने बाद समय पूरा हो जाएगा। इसके चलते उन्होंने अपनी वीआरएस की फाइल आगे नहीं बढ़ाई थी।

2500 मांगने पर पोस्टमार्टम कर्मियों से हुई झड़प

- शव क्षतविक्षत हो गया था। पोस्टमार्टम के कर्मचारी कल्लू और एक अन्य शव के टुकड़ों को पन्नी में बटोरने के बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। यहां परिजनों ने शव रखवाने के लिए कहा तो कर्मचारी शव घटनास्थल से लाने और रखवाने का 2500 रुपये मांगने लगे। परिजनों से गालीगलौज तक हो गई। थाना पुलिस ने बीच मे पड़कर मामला शांत कराया।

केस्को एमडी ने जताई शोक संवेदना

- केस्को के प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने मृतक विनय मल्होत्रा के प्रति शोक संवेदना जताते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में केस्को उनके परिवार के साथ है। वह हादसे के शिकार हुए या आत्महत्या की अथवा परिवार द्वारा जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं, उसकी जांच पुलिस टीम करेगी। केस्को की ओर से जो मदद की जा सकती है, वह पीड़ित परिवार के लिए की जाएगी।

पाइपलाइन फटी, सड़क 15 फीट धंसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रावतपुर में शुक्रवार सुबह पानी की मेन राइजिंग लाइन लीकेज के कारण फट गई। तेज फव्वारा छूटने से जलभराव हो गया और 15 फीट दायरे में सड़क धंस गई। इससे आवागमन प्रभावित हो गया। जलापूर्ति बंद कराकर समस्या को बढ़ने से रोका गया। हजारों लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचा।

रावतपुर क्रासिंग से देवकी चौराहा जाने वाली सड़क पर शुक्रवार सुबह वाटर लाइन में लीकेज हुआ। इससे सड़क पर कुछ पानी जमा हो गया था। अचानक लीकेज वाले स्थान पर तेज जलधारा फूट पड़ी। इससे जलभराव के साथ कुछ ही देर में 15 फीट दायरे में सड़क भरभरा कर बैठ गई। आवाज होने पर आसपास खड़े लोग दूर भागे। करीब आधे घंटे तक तेज जलधारा निकलने से सड़क पर जलभराव हुआ।

रेव मोती के पास धंसी सड़क। अमृत विचार

4 दिन तक तरसना पड़ सकता पानी के लिए

क्षतिग्रस्त हुई पानी की लाइन से नवाबगंज, विष्णुपुरी, कंपनी बाग, आजाद नगर, रावतपुर, सर्वोदय नगर, विजय नगर, काकादेव, शास्त्री नगर, बर्रा दो, साकेत नगर, निराला नगर, उस्मानपुर, किदवई नगर, गोविंदनगर, फूलबाग, पटकापुर, कुरसवां, गांधीग्राम, कृष्णानगर, शास्त्री चौक, गोस्वामी नगर समेत 50 मोहल्लों में पानी जाता है। अब जब तक यह वाटर लाइन दुरुस्त नहीं होगी, इन मोहल्लों में पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। जल निगम का कहना है कि मरम्मत में 4 दिन समय लग सकता है।

- रावतपुर क्रासिंग से देवकी चौराहा मार्ग पर हुआ जलभराव

गंगा बैराज से 6 करोड़ लीटर की जलापूर्ति ठप

मेन राइजिंग पाइप लाइन में लीकेज से गंगा बैराज से होने वाले 6 करोड़ लीटर की जलापूर्ति ठप हो गई है। इससे करीब 10 लाख की आबादी प्रभावित होगी। 3 साल पहले भी इसी स्थान पर लीकेज होने से जलापूर्ति ठप हुई थी। धंसी सड़क के चारों ओर बैरिकेडिंग करके रास्ता बंद कर दिया गया है।

> वाटर लाइन क्षतिग्रस्त होने से करीब 4 दिन तक जलापूर्ति ठप रहेगी। लीकेज बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। रात के समय खोदाई का काम शुरू होगा। लीकेज क्यों हुआ, इसके कारणों का भी पता किया जाएगा।
>
> **-अजहर हुसैन, अधिशासी अभियंता, जल निगम**

यशोदा नगर हाईवे पर गत्ता लदे ट्रक में आग से हड़कंप

कानपुर। उन्नाव से गत्ता लाद कर भौंती जा रहे ट्रक में शुक्रवार रात आग लग गई। इससे वाहन सवारों में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। जरौली निवासी ट्रक चालक अंकित ने बताया कि वह उन्नाव के गहरा स्थित गोदाम से गत्ते लादकर भौंती स्थित पेपर मिल जा रहा था।

यशोदा नगर फ्लाईओवर के पास पहुंचा ही था कि अचानक ट्रक के इंजन से धुंआ निकलने लगा। कुछ ही देर में आग की लपटें निकलते देख ट्रक से आग निकलने लगी, सर्विस लेन के किनारे रहने वाले लोगों से मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

पुलिस और मोबाइल लुटेरों के बीच मुठभेड़, एक बदमाश हुआ घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शुक्रवार सुबह कल्याणपुर पुलिस मार्निंग वॉकर्स की सुरक्षा के लिए गश्त और चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को दूर से देखकर बाइक सवार दो युवक देख भागने लगे। पुलिस ने मामला संदिग्ध देख पीछा करने की कोशिश की तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने दोनों की पहचान शातिर लुटेरों के रूप में की है। आरोपी को प्राथमिक इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया जहां उपचार के बाद पूछताछ की गई।

कमिश्नरेट के पश्चिम जोन में इन दिनों लूटपाट की काफी वारदातें हो रही हैं। इसे देखते हुए कल्याणपुर सर्किल में डीसीपी पश्चिम के निर्देश पर पुलिस सुबह चेकिंग कर रही थी। शिवली रोड पर चेकिंग करते समय पुलिस टीम को देखकर बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार दो युवक भागने लगे।

घायल लुटेरे को अस्पताल ले जाती पुलिस।

पुलिस के रोकने पर आरोपियों ने फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में चौबेपुर निवासी शातिर अपराधी अंशु गुप्ता के पैर में गोली लग गई। मौके से पुलिस ने अंशु गुप्ता और उसके साथी कल्याणपुर निवासी राहुल करिया को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, कल्याणपुर एसीपी अभिषेक पांडेय ने बताया कि दोनों आरोपियों ने पनकी में एक महिला से लूट समेत कई मोबाइल लूटों को अंजाम दिया है। शातिर अंशु गुप्ता पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

- मार्निंग वॉकर की सुरक्षा के लिए चेकिंग के दौरान बाइक पर सवार दो बदमाशों ने चलाई गोली

कल्याणपुर और रावतपुर में कई दिनों हो रही मोबाइल और चेन लूट की घटनाओं से आम जनमानस में भय का माहौल है। आरोपियों ने पनकी थाना क्षेत्र में महिला से मोबाइल लूटा था। सीसीटीवी में इनकी फुटेज कैद हुई थी।

शौकत व गो तस्करों की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार पुलिस कमिश्नरेट अभियान चला रहा है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश के बाद गैंगस्टर एक्ट के तहत चार आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइंस, अरौल, चौबेपुर, महाराजपुर में संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की गई है। इससे हड़कंप मचा रहा। हालांकि, बड़ी कार्रवाई गैंगस्टर शौकत अली पहलवान के खिलाफ की गई। जिसकी 78 लाख से ज्यादा की संपत्ति कुर्क की गई है। वहीं तीन गौ तस्कर आरोपियों के वाहन जब्त किए गए।

सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी गैंग के सदस्य गैंगस्टर शौकत अली पहलवान की भी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कमिश्नरेट पुलिस के अनुसार सूटरगंज निवासी शौकत का थाना जाजमऊ पर वाद संख्या 01/2024 धारा 14 (1) सम्पत्ति जब्तीकरण के तहत अभियोग पंजीकृत है, जिसमें 14/59 ए सिविल लाइन नगर क्षेत्रफल 1162.36 वर्ग मीटर भूखण्ड के भूतल पर निर्मित क्षेत्रफल 326.74 वर्ग मीटर की 78 लाख 18 हजार 247 रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। इसी प्रकार अरौल पुलिस ने मूलरूप से कानपुर देहात के खासबरा निवासी मोहम्मद साहिल का कंटेनर जब्त किया है। साहिल के खिलाफ जनवरी 2024 में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। कुर्की की दायरा तिथि 8 फरवरी और 11 जुलाई को कुर्की की कार्रवाई की गई। वहीं फुलवारी शरीफ बिहार निवासी नौशाद आलम के खिलाफ चौबेपुर थाने में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। इस मामले में एक ट्रक की कुर्की की गई है। हीरामनपुरवा बेकनगंज में रहने वाली मुमताज के खिलाफ जनवरी में महाराजपुर थाने में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

- अरौल, चौबेपुर, महाराजपुर और सिविल लाइंस में की गई जब्तीकरण की कार्रवाई

थाने में खड़ी गौ तस्करों की जब्त स्कूटी।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कानपुर। नौबस्ता थानाक्षेत्र में शुक्रवार सुबह यशोदा नगर हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची नौबस्ता पुलिस ने घायल को कांशीराम अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

विराट नगर चौकी इंचार्ज गौरव चौधरी ने बताया कि शुक्रवार सुबह आठ बजे सिमरा गांव के आगे हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने रायबरेली निवासी मनोज (29) की बाइक में टक्कर मार दी थी। मनोज चकेरी नौबस्ता से चकेरी की ओर जा रहे थे। परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम भिजवाया गया है।

होटल-रेस्टोरेंट में हुक्का परोसने वाले दबोचे जाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। होटल और रेस्टोरेंट में हुक्का परोसने वालों पर जिलाधिकारी ने सख्त निगरानी और कार्रवाई करने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि होटल, रेस्टोरेंट व ढाबा में तेल का बार-बार इस्तेमाल होता है, एक ही तेल में खाद्य पदार्थ लगातार फ्राई होते रहते हैं। जिससे लोग बीमार पड़ते हैं। इसे रोकने के लिए कारोबारियों के जागरूक किया जाए।

सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मिलावट रहित खाद्य पदार्थ का निर्माण हो, भंडारण पर रोकथाम लगे व समय-समय पर निरीक्षण कर मिलावट के खिलाफ कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते खाद्य पदार्थों की जांच शुरू की जाए। मिलावट किसी हालत में नहीं होनी चाहिए।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की बैठक लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार

स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापार मंडल के सहयोग से बाजारों, विद्यालयों, अस्पतालों व वे संस्थान जहां कैंटनी संचालित हैं, वहां हाइजिन व साफ-सफाई के लिए जागरूक किया जाए। खाद्य तेल का बार-बार उपयोग न हो, इसके लिए भी कारोबारियों को जागरूक करें। स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खाद्य पदार्थों पर रोक लगाए और जांच कराकर कार्यवाही करें। औषधि निर्माण ईकाइयों, ब्लड बैंक का भी हर माह निरीक्षण होना चाहिए।

नकली दवाइयों के विक्रय पर रोकथाम लगाए। जिलाधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण औषधि विक्रय करने वाले पांच विक्रेताओं गुमटी नंबर पांच में मेडिकल स्टोर चलाने वाले कवल नैन अहूजा, गोविंदनगर के राजेश कुमार, बिरहाना रोड के संजय महराजा, स्वरूपनगर के राम लुभाया बाहेरा को सम्मानित किया। बैठक में एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार, पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रेड क्रास सोसाइटी के आरके सफ्फर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधि डॉ. प्रवीन कटियार, उद्योग व्यापार मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा आदि रहे।

- एक ही तेल में बार-बार खाद्य पदार्थ को फ्राई करना सेहत के लिए ठीक नहीं
- खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ जिलाधिकारी ने दिए अभियान के निर्देश

खुशखबरी एनएचएआई मुख्यालय ने रिंग रोड से नए टर्मिनल तक कनेक्टिविटी देने की अनुमति प्रदान की

रिंग रोड से एयरपोर्ट जोड़ने के लिए भूमि अधिग्रहण जल्द

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर आउटर रिंग रोड को एयरपोर्ट के नए टर्मिनल से जोड़ने के लिए एनएचएआई मुख्यालय ने अनुमति प्रदान कर दी है। यह सुविधा मिलने से शहर के आसपास के जिलों से फ्लाइट पकड़ने के लिए कानपुर आने वाले लोगों को शहर के जाम से नहीं जूझना पड़ेगा। रिंग रोड के रास्ते सीधे एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे। इससे शहर की यातायात व्यवस्था पर भी असर नहीं पड़ेगा। रिंग रोड से एयरपोर्ट तक कनेक्टिविटी देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने चकेरी गांव को चिह्नित किया है, यहां 5 हेक्टयर जमीन अधिग्रहीत की जाएगी।

चकेरी में नए एयरपोर्ट टर्मिनल से वर्तमान में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू के लिए फ्लाइट उड़ान भर रही हैं। अहमदाबाद, कोलकाता और हैदराबाद की उड़ानें जल्दी ही शुरू होनी है। इस बीच जिले में प्रस्तावित 93.20 किलोमीटर लंबे रिंग रोड में पकैज-1 के तहत मंधना से सचेंडी के बीच निर्माण कार्य चल रहा है। इसे देखते हुए रिंग रोड के रास्ते एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी देने की मांग की गई थी। एनएचएआई ने रिंग रोड को एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए मुख्यालय से अनुमति मांगी थी, जिसकी स्वीकृत प्रदान कर दी गई है। अब जल्द ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। ताकि प्रोजेक्ट मूर्त रूप ले सके।

- चकेरी गांव में एनएचएआई ने जमीन चिह्नित कर राजस्व विभाग कौ सौंपा अधिग्रहण का प्रस्ताव
- कानपुर देहात, कन्नौज, उन्नाव, हमीरपुर और फतेहपुर से आने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत

> रिंग रोड का एयरपोर्ट से जुड़ाव होने के बाद शहर के आसपास स्थित जिलों के लोगों को लाभ मिल सकेगा। एयरपोर्ट से रिंग रोड की कनेक्टिविटी के लिए प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया था, जिसे मंजूरी दे दी गई है। जल्द ही भूमि अधिग्रहण का काम शुरू किया जाएगा।
>
> **-अमन रोहिला, परियोजना निदेशक, एनएचएआई**

रिंग रोड से एयरपोर्ट तक पहुंचने को बनेगी 1.50 किमी लंबी फोरलेन

रिंग रोड से चकेरी स्थित एयरपोर्ट के नए टर्मिनल तक पहुंचने के लिए 1.50 किलोमीटर लंबी फोरलेन का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए चकेरी गांव में पांच हेक्टयर की जगह चिह्नित करके लेखा-जोखा राजस्व विभाग को सौंप दिया गया है। एयरपोर्ट के लिए रिंग रोड से कनेक्टिविटी मिलने के बाद कानपुर देहात, उन्नाव, कन्नौज, इटावा, औरैया, घाटमपुर और हमीरपुर से फ्लाइट पकड़ने के लिए कानपुर आने वाले यात्रियों को शहर की भीतरी जाम से नहीं जूझना पड़ेगा।

इस रास्ते से पहुंच सकेंगे एयरपोर्ट

कन्नौज की तरफ से एयरपोर्ट आने वाले लोग मंधना के महाराजपुर गांव से रिंग रोड पर प्रवेश करेंगे, इसके बाद सचेंडी, रमईपुर, चकेरी होते हुए एयपोर्ट पर सीधे उतर सकेंगे। इटावा, औरैया जनपद से आने वाले लोग सचेंडी से रिंग रोड पर वाया रमईपुर होते हुए एयरपोर्ट पहुंचेगे। घाटमपुर से आने वाले रमईपुर, चकेरी होते हुए एयरपोर्ट पर उतरेंगे।

मनचाहा स्कूल न मिलने से फंसे प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आरटीई के तहत शहर में 1,865 सीटों पर प्रवेश मनचाहा स्कूल नहीं मिलने की वजह से नहीं हुए। 4 माह बीतने के बाद बुलावे पर भी इन स्कूलों में अभिभावकों ने अपने बच्चों के प्रवेश नहीं कराए। उधर, 14 नामचीन निजी स्कूल ऐसे हैं जो अभी तक अपने यहां पर प्रवेश देने में अनाकानी कर रहे हैं। विभाग अगले सप्ताह तक इन स्कूलों को दोबारा चेतावनी देने के लिए बुला सकता है।

शहर में आरटीई के तहत अब तक 9,289 में 3,615 बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिया गया है। योजना के तहत 4 सूची जारी होने के बाद भी शहर में कुल सीटों में से 1,865 सीटों पर कोई दावेदार नहीं बचा है। इन सीटों पर अभिभावकों ने अपने बच्चों का प्रवेश कराने से इनकार कर दिया है। यह वे स्कूल हैं जिन्हें ज्यादातर अभिभावकों ने मजबूरी में अंतिम विकल्प के रूप में रखा था। बच्चों के वॉर्ड में मौजूद स्कूलों में सीटें लॉक होने पर अभिभावकों ने यहां प्रवेश से किनारा कर लिया। अब विभाग बाकी बची 3,809 सीटों पर प्रवेश कराने की कवायद कर रहा है। 26 फरवरी से लेकर अब तक चार चरण में लाटरी निकालकर स्कूल आवंटन किए गए। पहले चरण में 5164, दूसरे चरण में 3251, तीसरे चरण में 739 और चौथे चरण में 135 बच्चों को लाटरी प्रक्रिया में शामिल किया गया। छोटे स्कूलों ने तो बच्चों को प्रवेश दे दिया लेकिन 14 नामचीन स्कूल ऐसे हैं जो बच्चों को आरटीई का हक नहीं दे रहे हैं। इन स्कूलों को डीएम की ओर से पहले ही नोटिस जारी हो चुकी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि मनपसंद स्कूल न मिलने पर अभिभावक बच्चों का प्रवेश दिलाने से मना कर रहे हैं। अन्य सीटों पर प्रवेश देने के लिए निजी स्कूलों को नोटिस भेजा गया है। मंगलवार तक हर हाल में बच्चों के दाखिले हो जाएंगे।

- आरटीई के तहत 4 माह बीतने के बाद भी बच्चों ने नहीं लिए स्कूलों में प्रवेश
- 14 निजी स्कूलों में ज्यादा मारामारी, अभिभावकों से प्रवेश देने में आनाकानी

मोहर्रम को लेकर निकले जुलूस में अलम लेकर चलते अकीदतमंद।

अमृत विचार

जिसके दामन में हक परस्ती है, ऐ हुसैन आप ही की हस्ती है

मटरु और शाह बिरादरी के अलम जुलूस में गूंजा नार-ए-तकबीर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर में सैकड़ों इमामबाड़ों पर मजलिस, मातम, नौहाख्वानी जगह-जगह छबील लगी
- करबला में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन की याद में निकाला गया जुलूस

अमृत विचार। 'जिसके दामन में हक परस्ती है, ऐ हुसैन आप ही की हस्ती है, पानी महंगा है मौत सस्ती है', नौहाख्वानी में इस बात पर लोगों की आंखें छलक उठीं। करबला में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन की याद में नीलीपोश रोड से मटरु का अलम जुलूस निकला जबकि कंघी मोहाल से शाह बिरादरी का अलम जुलूस देखने के लिए भीड़ उमड़ी। इस दौरान नार-ए-तकबीर और अल्लाह-ओ-अकबर के नारे लगाए गए।

शुक्रवार को तकिया बेकनगंज से 153 साल पुराना शाह बिरादरान (जोगियों) के अलम का जुलूस अकीदत व जोश खरोश के साथ निकाला गया। कयादत मोहम्मद आरिफ और अहमद चौधरी ने की। नीली पोश रोड कर्नेलगंज से मटरू के अलम का जुलूस भी अजीमुश्शान पैमाने पर निकला। यह जुलूस तकिया बेकनगंज शौकत अली पार्क से उठकर कंघी मोहाल, कर्नलगंज, चूड़ी मोहाल, यतीमखाना, दादामियां चौराहा, पेचबाग, नई सड़क, मूलगंज, कुली बाजार, कोपरगंज, डिप्टी पड़ाव, बासमंडी, इफ्तिखाराबाद, दलेलपुरवा, फहीमाबाद, हलीम कालेज, मोहम्मद अली पार्क, नाला रोड होता हुआ रात 10 बजे कर्नलगंज पुराना तकिया पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस का रास्ते में जगह-जगह स्वागत हुआ। कर्बला के प्यासे शहीदों के नाम पर चाय और पानी पिलाकर अकीदतमन्द इस्तकबाल करते रहे। इस्लामी परचम जुलूस में लहरा रहे थे। उधर, नीली पोश रोड कर्नलगंज से यादे हुसैन में मटरू का अलम जुलूस शाम 4 बजे अन्जुमन शरियते रसूल नौजवान कमेटी के तत्वाधान में निकाला गया जिसका नेतृत्व मुन्ने नवाब व पप्पू कुरैशी कर रहे थे यहां भी अकीदतमन्दों की भारी भीड़ थी। जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ वापस नीली पोश रोड पर पहुंचकर समाप्त हुआ। इमामबाड़ों पर मजलिसे अजा के बाद ख्वातीन ने बच्चों को मन्नती हरा-लाल कलावा पहनाया और इमाम हुसैन का फकीर बनाया। हाजी मुंसिफ अली रिजवी, मौलाना बशीर हैदर, मौलाना इंतेखाब आलम ,मुनव्वर हुसैन, और फिरोज अब्बास ने संबोधन किया। मजलिसों में अफसर हुसैन, डा. जुल्फिकार अली रिज़वी, नवाब नादिर हुसैन, पप्पू मिर्जा, आसिफ अब्बास, रानू नकवी, सैयद कमर मेंहदी, जिया मेंहदी, मंजर हुसैन, अयाज हैदर रिज़वी, फुरकान हैदर रिज़वी, आसिफ रिजवी मुंतजिर हसन ,एहसान हुसैन, नजरे आलम रहे।

जंग में यजीदियों ने पानी बंद किया, इमामे हुसैन ने सब्र से काम लिया

कानपुर। करबला के मैदान में जंग के दौरान यजीदियों ने पानी बंद कर दिया था, फिर भी हजरत इमाम हुसैन ने सब्र से काम लिया। यह बात शहादतनामा में मौलाना असरार अहमद बकाई ने अपने बयान में कही। शुक्रवार को चमनगंज स्थित हाशमी तिराहा पर पहली मोहर्रम से चल रहे शहादतनामा के दौरान मौलाना मोहम्मद याकूब रहमानी ने कहा कि हजरत अली पैगंबर इस्लाम के दामाद व खलीफा हैं। आपने दस साल की उम्र में इस्लाम कबूल किया और पैगंबर इस्लाम के जांनिसार (अतिविशिष्ट) बन गये। हाफिज़ मोहम्मद आमिर, सैयद सुफियान हाशमी, मोहम्मद वलीद ने बारगाहे इमाम आली मकाम में नात व मनकबद पेश की। हाफिज़ सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी, हाफिज मोहम्मद आमिर अजहरी, हाफिज मोहम्मद रिजवान बरकाती, सैयद अबु तालिब हाशमी,शेखू खान,तौहीद खान मौजूद थे।

बड़ी करबला से हाईटेंशन लाइन हटाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मोहर्रम की 9 व 10 तारीख जुटेगी भीड़, ग्वालटोली में करंट से मौत के बाद दहशत
- बड़ी करबला में गेट के सामने ही हाईटेंशन के तार काफी नीचे झूल रहे हैं

अमृत विचार। ग्वालटोली में गुरुवार को हाईटेंशन लाइन से अलम छूने के कारण उतरे करंट से किशोर की मौत और तीन लोगों के झुलसने की घटना को देखते हुए बड़ी करबला नवाबगंज में शुक्रवार को लोगों ने प्रदर्शन कर मोहर्रम की नौ व दस तारीख को यहां पहुंचने वाली भीड़ की सुरक्षा के लिए बड़ी करबला के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग की। मोहर्रम की दस तारीख को करबला में लाखों की संख्या में अकीदतमंद जुटेंगे और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

बड़ी करबला में हाईटेंशन तार के नीचे खड़े होकर लोगों ने नारेबाजी की। मुतवल्ली काशिफ नकवी का कहना है कि 9 मोहर्रम की रात में ज्यादातर लोग रात के अंधेरे में ही बड़ी करबला आते हैं। ऐसे में लाइट की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। गुरुवार को हाईटेंशन के कारण ही एक किशोर की जान चली गई थी। बड़ी करबला में बड़ी संख्या में ज़ायरीन आते हैं उसके गेट के सामने हाईटेंशन के तार इतना नीचे झूल रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इन तारों को हटाया जाए। ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट के महामंत्री नायाब आलम का कहना है कि एक मोहर्रम से लेकर 10 मोहर्रम के बीच कर्बला आने वालों की संख्या काफी बढ़ जाती है। इसके अलावा मोहर्रम के महीने में 18 बनी हाशिम का प्रोग्राम होता है, जिसमें हजारों लोग आते हैं। पिछले साल यहां इसी हाईटेंशन में चिपक कर एक लड़का घायल हो गया था।

आगे कोई बड़ा हादसा ना हो इसके लिए यहां से इस हाईटेंशन लाइन का हटना बेहद जरुरी है। ग्वालटोली में गुरुवार को जुलूस के दौरान अलम में लगाया गया लोहे का राड हाईटेंशन लाइन में छू जाने से मौत की घटना के बाद नवाबगंज स्थित बड़ी करबला में दहशत है। बड़ी करबला में 9 मोहर्रम की रात और यौमे आशूरा यानी 10 मोहर्रम को लाखों की भीड़ बड़ी करबला पहुंचती है। जायरीन का कहना है कि यहां हाईटेंशन लाइन से बड़ा हादसा हो सकता है। प्रदर्शन में कर्बला के मुतवल्ली काशिफ नक़वी, शारिब रिज़वी, अमानत अब्बास, जमील हुसैन, वहदत काज़मी, अबुज़र काज़मी, सआदत रिज़वी, नज़र अब्बास, आमिर अब्बास मौजूद रहे।

बड़ी करबला नवाबगंज में हाईटेंशन के नीचे प्रदर्शन। अमृत विचार

हीरामन पुरवा समेत इमामबाड़ों पर पैकी बनकर निकले बच्चे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- खलीफा ने की कमर बंधाई तमाम बड़े भी पैकी बनने के लिए कलावा, बद्धी बंधवाने पहुंचे
- इमामबाड़ों पर फातिहा खलीफा ने दी हिदायत कि कोई तलवार लेकर नहीं निकलेगा

अमृत विचार। करबला के मैदान में शहीद हुए पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन के दूत के रूप में पैकी बनने वालों के लिए इस बार मायूसी हाथ लगी है। हजारों पैकी हर साल जोर शोर निशान-ए-पैक के साथ मोहर्रम की पांच तारीख से ही आ जाते थे, लेकिन इस बार तीन खलीफा का विवाद होने से अदालत ने रोक लगा दी है, जिससे बच्चों को ही पैकी बनाया जा रहा है।

शुक्रवार को हीरामन पुरवा स्थित कीलवाला हाता में इमामबाड़ा पर खलीफा शकील अहमद ने बच्चों की कमर बंधाई की। यहां बड़ी संख्या में युवक भी पहुंचे लेकिन खलीफा ने उन्हें साफ मना कर दिया कि तलवार लेकर पैकी नहीं बनें, वरना उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। तमाम लोगों ने अपने बच्चों को हरे रंग का कपड़ा पहनाया और हजरत इमाम हुसैन का फकीर बनाकर घर घर जाकर दान एकत्र किया।

कील वाला हाता, हीरामन पुरवा में बच्चे की कमर बंधाई करते खलीफा शकील अहमद।

इसलिए बनते हैं पैकी

हजरत इमाम हुसैन जब करबला के मैदान में थे तो उनके परिवार के कुछ लोग मदीना में थे। करबला में क्या हो रहा है, उन्हें इसकी खबर देने कुछ लोग पैदल जंगल के रास्ते से मदीना दौड़ते हुए जाते थे। ऐसे में वे अपनी कमर में घंटी बांधे रहते थे और उनके हाथ में भाला होता था, ताकि जंगल के रास्ते में खतरनाक जानवरों से बचाव हो सके।

सार-संक्षेप

गुवाहाटी-बीकानेर समेत 12 ट्रेनों में लगे दो-दो जनरल कोच

कानपुर। जनरल कोच के यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए रेलवे ने अहम फैसला लिया है। सेंट्रल स्टेशन व गोविंदपुरी के रास्ते जाने वाली लंबी दूरी की 12 ट्रेनों में जनरल कोचों की संख्या में विस्तार करते हुए 24 नए कोच लगाए गए हैं। जनकल कोचों की संख्या में विस्तार के लिए 22 अन्य ट्रेनों को भी चिह्नित किया गया है। इससे सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। जिन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का फैसला लिया गया है, उनमें 15634, 15633 गुवाहाटी-बीकानेर एक्सप्रेस, 15631, 15632 गुवाहाटी-बाड़मेर एक्सप्रेस, 15653, 15654 गुवाहाटी-जम्मू तवी एक्सप्रेस, 15636, 15635 गुवाहाटी-ओखा एक्सप्रेस, 20415, 20416 वाराणसी-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 20413, 20414 काशी महाकाल वाराणसी इंदौर सुपरफास्ट ट्रेनें शामिल हैं। इन सभी गाड़ियों में लगाए गए अतिरिक्त जनरल कोच से आम लोगों को काफी राहत मिलेगी। इसके साथ ही आरक्षित एसी कोचों में ओवरक्राउड की समस्या का भी समाधान होगा।

शौचालय के विवाद में शतरंज खिलाड़ी की मां के साथ मारपीट

कानपुर। गुजैनी थानाक्षेत्र निवासी राष्ट्रीय स्तर के शतरंज खिलाड़ी की मां ने अपनी बड़ी बहू पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि शौचालय में ताला डालने का विरोध करने पर बहू ने उनके साथ अभद्रता की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। बर्रा आठ निवासी टेक्सटाइल मिल से रिटायर्ड राकेश बाजपेई के परिवार में पत्नी मिथिलेश (70), बड़ा बेटा मयंक, बहू सावित्री, मझला बेटा प्रियंक और सबसे छोटा बेटा विजय है। मिथिलेश ने बताया कि वह और अन्य परिवार के सदस्य ग्राउंड फ्लोर में रहते है, जबकि मयंक और उसकी पत्नी पहली मंजिल पर रहते हैं। मिथलेश ने आरोप लगाया कि घर में तीन शौचालय बने हुए है। इनमें से पहली मंजिल पर शौचालय होने के बावजूद भी दूसरी मंजिल में स्थित शौचालय में बहू ने ताला डाल रखा है। बुधवार को विजय ने दूसरी मंजिल के शौचालय में ताला तोड़ दिया था। इसके बाद हुए विवाद में बहू ने गुस्से में आकर उनके बाल पकड़कर खीचें और हाथ मरोड़ कर मारपीट की। बहू ने उनको,पति और दोनों बेटों को जान से मारने की धमकी दी। गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि जांच की जा रही है।

10 लाख रुपये वापस मांगने पर ठेकेदार को पीटा

कानपुर। हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन के ठेकेदार को 10 लाख की उधारी वापस मांगना महंगा पड़ गया। चेक बाउंस होने पर घर जाकर तगादा करने पर प्रापर्टी डीलर ने ठेकेदार की पिटाई कर दी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। तुलसी विहार निवासी सिद्धार्थ पाठक पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन में ठेकेदारी करते है। बताया कि उन्होंने परिचित प्रापर्टी डीलर गुरनीत सिंह सलूजा को काफी समय पहले 10 लाख रुपये उधार दिए थे। जिस पर आरोपी ने 6 लाख रुपये की चेक दी और बाकी नकद देने की बात कही थी। निर्धारित समय पर उन्होंने बैंक में चेक लगाई, जो बाउंस हो गई। पीड़ित ने पैसे वापसी का दबाव बनाया तो आरोपी ने उसे घर बुलाया। आरोप है कि घर बुलाने के बाद गुरनीत से उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

फैक्ट्री मालिक समेत तीन पर रिपोर्ट

कानपुर। छह जुलाई को फांसी लगाकर संजय मिश्रा ने आत्महत्या कर ली थी। मृतक के भाई मनोज मिश्रा ने फैक्ट्री मालिक, उनकी पत्नी और बेटे पर आत्महत्या के लिए उकसाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि कंपनी का भागीदार संजीव अग्रवाल मकान की किरायेदारी का लेनेदेन संजय के माध्यम से करता था। छह माह से संजय के ऊपर आरोपी, उसकी पत्नी और बेटा शशांक प्रताड़ित करने लगे थे।

पौधरोपण कर बढ़ाएं हरियाली और कमाएं लाभ

कानपुर। पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाएं और लाभ कमाएं। बारिश का मौसम पौधरोपण के लिए उपयुक्त है। इस मौसम में बाग लगाकर पर्यावरण संरक्षण के साथ ही आमदनी बढ़ाई जा सकती है। यह बात सीएसए के उद्यान विभाग अध्यक्ष डा. वीके त्रपाठी ने पौधरोपण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण यदि बागवान बाग रोपण की तैयारी नहीं कर पाए हैं, तो परेशान न हों। ऐसे क्षेत्र का चुनाव करें जहां पर जलभराव न होता हो, जल निकास का उचित प्रबंध हो और वह क्षेत्र यातायात की सुविधा से जुड़ा हो।

जालसाज ने केडीए लिपिक बनकर वकील से की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रजिस्ट्री के लिए केडीए में दिखाए दस्तावेज तब जाकर खुली ठगी की पोल

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर के रामपुरम इलाके में केडीए की कालोनी दिलाने का झांसा देकर एक जालसाज ने अधिवक्ता से नौ लाख रुपये हड़प लिए। उसे फर्जी आवंटन पत्र दे दिया। रजिस्ट्री कराने से पहले केडीए में उसने दस्तावेज दिखाए तो फर्जीवाड़ा सामने आया। पीड़ित ने डीसीपी पूर्वी से मामले की शिकायत की। उनके आदेश पर चकेरी थाने में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई।

रामपुरम बी ब्लॉक निवासी अधिवक्ता रणवीर सिंह गौतम ने पुलिस को बताया कि श्याम नगर में 30 वर्ग मीटर की एक कालोनी दोस्त के परिचित बर्रा चार निवासी शिवकरन ने उन्हें जून 2022 में दिखवाई थी। इसकी कीमत 15 लाख बताई थी। शिवकरन ने खुद को केडीए में लिपिक पद पर कार्यरत बताया था। उसने कहा था कि वह कालोनी का आवंटन उनके नाम पर केडीए से कराकर देगा। विश्वास में आकर उन्होंने नौ लाख रुपये ऑनलाइन भुगतान कर दिया था। जब वह रजिस्ट्री कराने की जानकारी के लिए दस्तावेज लेकर केडीए गए तो सभी आवंटन पत्र फर्जी बताया गया। इस पर शिवकरन से रुपये मांगे तो उसने अक्टूबर 2023 में आठ लाख की एक चेक और जून में एक लाख की एक बैंक की चेक दी, लेकिन दोनों बाउंस करा दीं। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि आरोपी की तलाश में टीम लगाई गई है।

महिला की मौत, हत्या का आरोप, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर थानाक्षेत्र के कश्यप नगर में हुई घटना
- हत्या की अफवाह से फैली सनसनी, जांच की गई

अमृत विचार। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में शुक्रवार सुबह महिला की गला दबाकर हत्या की अफवाह से सनसनी फैल गई। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ मामले की जांच पड़ताल की। महिला के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर पति पर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया और हंगामा काटा। पति को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि नहीं हुई है।

ककरमऊ मैथा कानपुर देहात निवासिनी 26 वर्षीय विनीता कश्यप की शादी कश्यप नगर कल्याणपुर में रहने वले रिक्शा चालक जितेंद्र के साथ 10 वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद उनके दो बच्चे एक 3 वर्षीय प्रीती व 7 वर्षीय बेटा सनी है। विनीता की मां रामदुलारी ने बताया कि वह दो भाई ओमप्रकाश और प्रदीप में अकेली थी। मां ने आरोप लगाया कि वह रिक्शा चलाकर केवल नशेबाजी करता था। पत्नी और बच्चों का कतई ध्यान नहीं देता था। घर में जरूरत की चीजें भी कभी नहीं लाता था। इस कारण कई-कई दिन तक घर में खाना तक नहीं बनता था। आरोप लगाया कि वह कबाड़ बीनने वाली महिलाओं को घर में लेकर आता था। जिसका विरोध विनीता करती थी। कई बार पहले भी विरोध किया तो पति ने उसे जमकर मारापीटा। छह माह पूर्व इसी विवाद में थाना पुलिस ने दोनों को समझा कर शांत कराया था। आरोप है, कि इसके बाद भी जितेंद की हरकतें नहीं बदल रही थीं। शुक्रवार सुबह इलाके के लोगों ने फोन कर विनीता की हत्या की सूचना दी। जिससे पर वह आनन-फानन पति सुरेश के साथ यहां पहुंची। आरोप लगाया कि बेटी की गला दबाकर हत्या की गई है।

पति ने घटना को अंजाम दिया और मौके से भाग गया। पति का कहना था कि पत्नी जीने से गिर गई और मौत हो गई। सूचना पर एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय, कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर कुमार मौके पर पहुंचे फोरेंसिक के साथ मिलकर जांच की। एसीपी ने बताया कि महिला के शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित किया गया है।

हत्या का आरोप लगाकर घटना की जानकारी देती विनीता की मां व बच्चे। अमृत विचार

उपलब्धि लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में प्रतियोगिता में 8 रजत और 14 कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया मान

ताइक्वांडो में शहर के खिलाड़ियों ने जीते मेडल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उप्र ताइक्वांडो एसो. ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से आयोजित 11वीं फ्रेशर पूमसे और क्योरुगी सब जूनियर, कैडेट जूनियर, सीनियर वर्ग की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शहर के खिलाड़ियों ने पदकों की झड़ी लगा दी। खिलाड़ियों ने 13 स्वर्ण, 8 रजत और 14 कांस्य पदक जीते। यह स्टेट प्रतियोगिता लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में चल रही है।

स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे शहर के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शुक्रवार को जबरदस्त रहा। 14 जुलाई तक चलने वाली प्रतियोगिता में पूमसे वर्ग में अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ पदक विजेता राम गोपाल बाजपेई भी जलवा दिखा रहे हैं। पहले दिन पूमसे स्पर्धा में बालिका वर्ग में मनवानी, काव्यांशी स्वरूप श्रीवास्तव ने स्वर्ण पदक, बालक वर्ग में लोकेश शरण गुप्ता ने रजत पदक, प्रखर वर्मा, ऐश्वर्या स्वरूप श्रीवास्तव ने कांस्य पदक जीता। क्योरुगी फाइट बालक वर्ग में प्रत्यय पटेल, आशांक मिश्रा, रिजक सिंह, अनिरुद्ध शुक्ला ने स्वर्ण, जबकि, अर्जित पटेल, अजितेश कुमार, रुद्र निगम, शिवशांत कुमार, आदविक, नक्श गिरी, कुशाग्र शुक्ला, आराध्या कुमार, दिव्यांशु कुमार, कार्तिकेय वर्मा, श्रेष्ठ दीक्षित, विनायक गौर, आर्यन सिंह ने कांस्य पदक कब्जाया। बालिका वर्ग में अमाया एस, गुलशगुफ्ता नूर वारसी, आद्रिका, आराध्या, युगांतिका ने स्वर्ण, अविका वर्मा, सुगंध सिंह, कामाक्षी दुबे ने रजत और प्रियांशी निगम, माधवी मिश्रा, आर्यांशी यादव ने कांस्य पदक जीता। टीम कोच व मैनेजर सुशांत गुप्ता, कपिल दुबे, अतुल दुबे, अपर्णा दुबे, कुलदीप, ताइक्वांडो संघ के दीपक चौरसिया, दिनेश दीक्षित, प्रदीप सिंह चौहान, प्रयाग सिंह, सत्येंद्र सिंह यादव, आलोक गुप्ता ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

पदक जीतने के बाद खुशी जताते खिलाड़ी। अमृत विचार

वित्त मंत्री से कारोबारियों ने मांगी राहत, ज्ञापन भेजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बजट को लेकर कारोबारी हुए एकजुट, दो संगठनों ने की बैठक

अमृत विचार। बजट से पहले शहर के कारोबारियों ने अपनी मांगों का एजेंडा पेश कर दिया है। कारोबारियों की समस्या पर व्यापारिक संगठन एकजुटता दिखा रहे हैं। शुक्रवार को दो व्यापारिक संगठनों ने मिलकर बैठक की। बैठक के बाद कारोबारियों ने वित्त मंत्री को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भेजा।

नयागंज स्थित कैट के कार्यालय में हुई बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी और सदस्य भी शामिल रहे। बैठक में कारोबारियों ने वृद्धावस्था लाभ, आयकर छूट सीमा में वृद्धि, मध्यम वर्ग के लिए किफायती ऋण, 45 दिन के भुगतान नियम को वापस लिया जाना चाहिए, जीएसटी माफी योजना, मेडिकल बीमा प्रीमियम में कमी, आयकर के लिए हाइब्रिड सिस्टम, जीएसटी दरों का युक्तिकरण व व्यापार और उद्योग विकास बोर्ड की मांग की। बैठक में कारोबारियों की ओर से एक साझा मांग पत्र जारी किया गया, जिसे वित्तमंत्री को भेजा गया। बैठक में ऑल इंडिया ज्वैलर्स एण्ड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव पंकज अरोड़ा, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल कानपुर महानगर के जिला अध्यक्ष मणीन्द्र सोनी प्रदेश महासचिव अशोक बाजपेयी, ओम प्रकाश निगम, कमल वर्मा, अजय तिवारी, सत्येंद्र वर्मा, प्रमोद शर्मा रहे।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
CONSTRUCTION DIVISION-II, UP. JAL NIGAM(U), KANPUR

पत्रांक: 799/ M-10/62 दिनांक: 10/07/2024

E-TENDER NOTICE

On behalf of the Chairman,U.P. JalNigam(Urban) invites E-bids for execution of

(1) Provision for 6 months Operation and Maintenance of 200 mid WTP and Raw Water Pump House at Ganga Barrage under JNNURM Programme of Kanpur City.

(2) Repairing corrective meansuures of Tubular Shed at Gita Park Store under JNNURM Programme of Karpur city.

Above tender are invited in two bid system un percentage rate basis form eligible, reputed and experienced bidder. E-bid documents will be available for download from 11.07.2024 by 15:00 Hrs E-bids can be submitted till 25.07.2024 up to 12:00 Hrs and technical bid shall be opened on 25.07.2024 14:00 Hrs. in the office of Executive Engineer, Construction Circle-11, U.P. Jal Jal Nigam (Urban) Kanpur in presence of contractor or their authorized representative, every E-tender Cost is Rs Rs 3000 +GST@ 18% for tender Details are available on UP. Govt. e-procurement porta http:// etender.up.nic.in & U.P.J.N website www.jn.upsdc.gov.in

Executive Engineer

पुलिस की सुधरती कार्यशैली से कमिश्नरेट को मिली 28 वीं रैंक

50 बिंदुओं पर समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीएम डैशबोर्ड दर्पण में यूपी में 50 बिंदुओं पर हर जिले में लॉ एंड ऑर्डर स्थिति की समीक्षा की गई। रिपोर्ट तैयार कर जिलों को सौंपी गई है। फरवरी माह में कानपुर कमिश्नरेट की 74 वीं रैंक थी, लेकिन पांच महीने में रैंकिंग 46 प्वाइंट ऊपर खिसक कर 28 पर पहुंच गई है। 50 बिंदुओं की रैंकिंग में 16 बिंदुओं पर कानपुर कमिश्नरेट को ए प्लस रैंकिंग मिली है। वहीं 18 बिंदुओं में 60 फीसद से ज्यादा अंक दिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अगली बार रैंकिंग में कानपुर को टॉप-फाइव में लाने का पूरा लक्ष्य है।

सीएम डैशबोर्ड दर्पण पोर्टल से निगरानी प्रदेश के जिलों में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति पर जारी की गई जून माह की रिपोर्ट

16 बिंदुओं पर पूरे अंक मिलने से ए प्लस ग्रेड आई

- उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई, आग से हुए नुकसान का आकलन, 34 पुलिस एक्ट के तहत चालान, घरेलू सहायता सत्यापन, कर्मचारी सत्यापन, घटना या प्रदर्शन अनुरोध, अग्निसुरक्षा एनओसी जारी करना, गुंडा एक्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट अनुरोध, जुलूस अनुरोध, विरोध या हड़ताल का अनुरोध, एससी और एसटी एक्ट-गंभीर चोट, एससी और एसटी एक्ट- हत्या, एससी और एसटी एक्ट- बलात्कार, चरित्र प्रमाण पत्र, वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई में कमिश्नरेट ने ए प्लस ग्रेड प्राप्त किया है।

इन मामलों को लेकर दिए गए निर्देश

लंबित विविध मामले, शिकायत-सीसीटीएनएस, जघन्य अपराध में पीआई, महिलाओं के विरुद्ध अपराध-अपहरण, जघन्य अपराध धारा एनडीपीएस अधिनियम का विवरण में कार्रवाई का प्रतिशत सुधारने के लिए कमिश्नरेट को निर्देश दिए गए हैं।

60% अंक इन कामों में मिले

- उत्तरप्रदेश गैंगस्टर एक्ट, पॉक्सो एक्ट, किराएदार या पीजी सत्यापन, इनामी अपराधी के विरुद्ध की गई कार्रवाई, महिलाओं के विरुद्ध अपराध-यौन उत्पीड़न, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, हत्या, एससी और एसटी अधिनियम - कुल अपराध, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, बलात्कार, गिरफ्तारी या समर्पण, एनडीपीएस एक्ट, गिरफ्तारी या सरेंडर गैंगस्टर एक्ट, महिलाओं के विरुद्ध अपराध-दहेज हत्या, गवाहों का विवरण (अधीनस्थ न्यायालय), कुल लंबित जांच, अरेस्टिंग या सरेंडर जघन्य, जनसुनवाई (आईजीआरएस) में 60 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त हुए।

योजना बनाकर सुधार के लिए कहा

कुल रजिस्ट्रेशन और समाधान, 112 कॉलर संतुष्टि, यूपी गोहत्या निवारण अधिनियम, 112 पीआरवी रेस्पांस टाइम, गवाहों का विवरण (सत्र न्यायालय), गैंगस्टर एक्ट में पीआई, यूपी नियंत्रण गुंडा एक्ट-1970 में निर्णीत मामले, पॉक्सो एक्ट के मामले, जघन्य अपराध धारा 302 या 304 का विवरण, गैंगस्टर एक्ट में निर्णीत मुकदमों का विवरण, एससी एसटी एक्ट के तहत निर्णीत मामलों का विवरण, जघन्य अपराध धारा 364 का विवरण, जघन्य अपराध धारा 395 या 397 में कार्रवाई में सुधार के लिए विस्तृत कार्यशैली बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

> कमिश्नरेट कानपुर पुलिस को सर्वोत्तम 5 जिलों में शामिल करने का लक्ष्य है। इसके लिए आगामी माह में बेहतर पुलिसिंग और कानून-व्यवस्था के साथ प्रत्येक बिंदु पर सतत प्रयास किए जाएंगे।
>
> -अखिल कुमार, पुलिस कमिश्नर

जनशिकायतों के निस्तारण में 47 वां स्थान

17 स्थान ऊपर पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईजीआरएस पोर्टल पर प्रदेश स्तर पर माह जून की रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन

अमृत विचार। आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश स्तर पर माह-जून 2024 की रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पुलिस कमिश्नरेट कानपुर को प्रदेश में 47 वां स्थान मिला है।

52 में 40 थाने प्रथम स्थान पर : माह-जून 2024 की आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद के 52 थानों में 40 थाने चकेरी, रावतपुर, गोविन्दनगर, काकादेव, सेनपश्चिम पारा, बिल्हौर, हनुमंत विहार, सजेती, नवाबगंज, रेलबाजार, जूही, कोतवाली, बिधनू, जाजमऊ, चौबेपुर, किदवईनगर, बिठूर, नर्वल, ग्वालटोली, फजलगंज, रेउना, बजरिया, कर्नलगंज, फीलखाना, नजीराबाद, ककवन, चमनगंज, कैंट, कोहना, बादशाहीनाका, अरौल, हरवंशमोहाल, मूलगंज, सीसामऊ, अर्मापुर, कल्याणपुर, महाराजपुर, साढ़, पनकी, बाबूपुरवा ने बेहतर कार्य करते हुए उक्त रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

पांच माह पहले 36 थाने प्रथम आए थे, 64 वां स्थान मिला था : माह फरवरी में आईजीआरएस मासिक रैंकिंग में शीर्षस्थ स्थान प्राप्त करने में कमिश्नरेट के 52 थानों में कुल 36 थाने थे। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर को 64 वां स्थान प्राप्त हुआ था। कमिश्नरेट पुलिस को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत थानों पर आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों की जांच आख्या का जनता से सीधे फीडबैक लिए जाने के लिए पृथक से फीडबैक इकाई का गठन किया गया है। थाना प्रभारी और थानाध्यक्षों को पीड़ित और शिकायतकर्ता के साथ अच्छा तालमेल और व्यवहार कर गुण-दोष के आधार पर आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

इन थानों की रैंकिंग रही नीचे

थाना घाटमपुर, शिवराजपुर, गुजैनी, बर्रा, नौबस्ता, स्वरूपनगर, महिला थाना, सचेंडी, कलक्टरगंज, अनवरगंज, बेकनगंज, रायपुरवा समेत कुल 12 थानों की रैंकिंग प्रभावित रही है।

एक नजर

शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जारी

कानपुर। बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की ओर से ऑरलाइन हाजिरी का किया जा रहा विरोध शुक्रवार को भी जारी रहा। शिक्षक संगठनों ने बैठक कर अपनी भावी रणनीति पर चर्चा की। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश की कारवालो नगर में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष चंद्रदीप यादव, आदित्य द्विवेदी, मोहम्मद शहिद, शैलेंद्र कुमार, जय सिंह, डॉ अलका बूप्ता सहित अन्य ने विचार रखे। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने डिजिटल हाजिरी को सिरे ने नकारा। कहा जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएंगी तब तक वे विरोध जारी रखेंगे। इसी तरह शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक कर्मचारी शिक्षक मोर्चा की ओर से भी बैठक हुई। बैठक में विकास तिवारी, राजेश तिवारी, अनुग्रह त्रिपाठी सहित अन्य ने विचार रखे।

डेंगू व संक्रामक रोग के लिए हैलट में वार्ड नंबर 10 रिजर्व

कानपुर। बारिश का मौसम शुरू होते ही मच्छरों का आंतक भी शुरू हो जाता है। इस वजह से अस्पतालों में मरीजों की भीड़ होने लगती है। इसको देखते हुए हैलट अस्पताल में प्रमुख अधीक्षक डॉ .आरके सिंह ने पहले से ही तैयार कर ली है। हैलट के वार्ड नंबर 10 को डेंगू व संक्रामक रोग का अलग वार्ड बनाया गया है, जिसमे 40 बेड है। इसके अलावा संचारी रोगों के संबंध में उर्सला व कांशीराम अस्पताल में भी तैयारी की जा ही है।

टेस्ट ट्रायल में अप लाइन के ट्रैक पर पावर सप्लाई और इंटरफेस की हुई सफल जांच

पहली बार टनल में दौड़ी मेट्रो मोतीझील से पहुंची नयागंज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर मेट्रो के लिए शुक्रवार का दिन यादगार रहा। अभी तक जमीन से ऊपर खंभों पर दौड़ने वाली मेट्रो पहली बार जमीन के नीचे धड़धड़ाते हुए अंडरग्राउंड टनल में दाखिल हुई। चुन्नीगंज से नयागंज अंडरग्राउंड स्टेशन तक 'अप-लाइन' में ट्रैक, थर्ड रेल सिस्टम, सिग्नल आदि इंस्टॉल करने के बाद कानपुर मेट्रो ट्रेन का टेस्ट रन किया गया। इस दौरान कानपुर मेट्रो के ट्रैक, पावर सप्लाई आदि विभिन्न इंटरफेसों को परखा गया। मेट्रो ट्रैक के समानांतर लगाए गए थर्ड रेल को भी पहली बार चार्ज किया गया। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि अब जल्द ही मेट्रो का इस रूट पर ट्रायल शुरू होगा।

कानपुर मेट्रो का परिचालन वर्तमान में प्रॉयोरिटी कॉरिडोर पर आईआईटी से मोतीझील तक किया जा रहा है पर, लेकिन वह दिन दूर नहीं जब शहरवासी मेट्रो से मोतीझील के आगे नयागंज तक सफ़र कर सकेंगे। इस दिशा में कानपुर मेट्रो ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए मोतीझील स्टेशन के आगे मेट्रो ट्रेन को नयागंज तक दौड़ाकर ट्रैक और उपकरण टेस्ट किए। मोतीझील के बाद अप-लाइन पर बढ़ते हुए कानपुर मेट्रो ट्रेन बृजेंद्र स्वरूप पार्क के निकट रैंप एरिया मंट पहुंची, जहां से उसने पहली बार अंडरग्राउंड टनल में प्रवेश किया। यहां से चुन्नीगंज, नवीन मार्केट और बड़ा चौराहा अंडरग्राउंड स्टेशन होते हुए मेट्रो ट्रेन नयागंज स्टेशन पहुंची। वहां कुछ देर रूकने के बाद ट्रेन ने पुनः वापसी का सफ़र पूरा किया।

टनल में दौड़ती मेट्रो। अमृत विचार

दूसरे सेक्शन का काम भी शुरू हुआ

अभी वर्तमान में लगभग 24 किमी लंबे कॉरिडोर-1 (आईआईटी-नौबस्ता) के अंतर्गत कानपुर मेट्रो की यात्री सेवाएं 9 किमी लंबे प्रॉयरिटी कॉरिडोर (आईआईटी-मोतीझील) पर चल रही हैं। चुन्नीगंज-नयागंज और कानपुर सेंट्रल-ट्रांसपोर्ट नगर भूमिगत सेक्शन के अलावा लगभग 5 किमी लंबे बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन पर भी निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मेट्रो के लगभग 8.60 किमी लंबे कॉरिडोर-2 (सीएसए-बर्रा 8) के दोनों सेक्शन का निर्माण कार्य भी आरंभ हो चुका है।

एमडी ने किया निरीक्षण

नयागंज तक अप-लाइन पर किए गए इस टेस्ट रन के दौरान यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी ट्रेन में मौजूद रहे। प्रबंध निदेशक ने टेस्ट रन से पहले ट्रॉली पर नयागंज से मोतीझील तक अप-लाइन पर बने ट्रैक का मुआयना किया। उन्होंने कर्मचारियों और शहरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि, कानपुर मेट्रो ने अपने निर्माण के दौरान विभिन्न चुनौतियों को पार करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। हमारा अंडरग्राउंड मेट्रो रूट शहर के सबसे व्यस्त इलाकों के नीचे से गुजरता है, जिससे शहर के अंदर यात्रा बहुत सुगम और सुविधाजनक हो जाएगी। आज मेट्रो के टेस्ट रन के दौरान ट्रैक, पावर सप्लाई आदि विभिन्न इंटरफेसों को परखा गया। इससे प्राप्त डाटा का विश्लेषण किया जाएगा, जिससे परिचालन में मदद मिलेगी। विभिन्न विभागों के आपसी तालमेल और सहयोग से नयागंज अंडरग्राउंड स्टेशन तक ट्रैक, ट्रैक्शन, सिग्नलिंग आदि से संबंधित कार्य काफी हद तक पूरे किये जा चुके हैं। 'डाउनलाइन' पर भी ट्रैक निर्माण जल्द पूरा हो जाएगा। आने वाले दिनों में इन स्टेशनों पर मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन होगा। कानपुर मेट्रो टीम की निर्माण कार्यों की गति प्रशंसनीय है। पूरा विश्वास है कि कॉरिडोर-1 के शेष सेक्शन पर निर्माण कार्यों की यह गति जारी रहेगी। प्रोजेक्ट को समय से पूरा करने का लक्ष्य है जो हर हाल में पूरा होगा।

प्रेमजाल में फंसाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में एक महिला ने एक युवती पर बेटे को प्रेमजाल में फंसाकर वसूली और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। आरोप है, कि इस काम में युवती के परिजन भी उसका साथ दे रहे हैं। आरोपी उनके बेटे की कार जबरन ले गए और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित की मां ने मामले की शिकायत डीसीपी पूर्वी से की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

लाल बंगला निवासी संध्या द्विवेदी के अनुसार वह पूर्व में काकादेव पुरानी बस्ती में रहती थी। वहां रहने के दौरान बेटे रजत द्विवेदी को शास्त्री नगर निवासी युवती आकांक्षा सिंह ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और उसे ब्लैकमेल कर परेशान करने लगी। इसी वजह से वह बेटे के साथ चकेरी, लाल बंगला में रिश्तेदार के यहां रहने लगी। इस दौरान युवती उनके बेटे की कार जबरन ले गई, साथ ही बेटे को धमकाकर 40 हजार रुपये ऑनलाइन ले लिए। पीड़ित के अनुसार इस काम में युवती की मां गुड़ियां व भाई आशीष सिंह दोनों लोग मिले है और उसका साथ देते हैं। आरोप है, कि युवती व उसके परिजन लगातार बेटे और उनको फोन कर गाली गलौज करने के साथ जबरन रुपये मांगते हैं।

अधर में अलंकार योजना प्रबंधकों ने किया किनारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जिले में अलंकार योजना अधर में फंस गई है। इसकी वजह योजना में शामिल स्कूलों के प्रबंधकों की ओर से मद में धन नहीं देना है। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से अब स्कूलों के प्रबंधकों को बुलाने के साथ ही उनसे नियम के तहत 25 फीसदी धन जमा कराए जाने के आदेश दिया गया है। माना जा रहा है कि योजना में नाम आने के बावजूद प्रबंधक धन जमा करने के कारण अपने स्कूलों में सुविधाएं बढ़ाने से पीछे हट रहे हैं।

स्कूलों में बेहतर सुविधाओं के लिए शासन की ओर से अलंकार योजना लागू की गई थी। इस योजना के तहत स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों की तर्ज में बच्चों के लिए सुविधाएं बढ़ाना था। इन सुविधाओं में मूलभूत व्यवस्था के अलावा स्मार्ट कक्षाएं, वाईफाई सुविधा व बेहतर खेल मैदान सहित सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं शामिल होनी थी। योजना के तहत स्कूल के कुल व्यय का 25 फीसदी प्रबंधक को भी देना था। योजना के तहत जिले में 5 विद्यालयों का चयन हुआ है। चयन के बाद इन विद्यालयों को अपने स्कूलों में बढ़ने वाली सुविधाओं के कुल बजट का 25 फीसदी धन देना था जो अब तक उन्होंने नहीं दिया। अधिकारियों की माने तो ऐन मौके पर प्रबंधकों की ओर से 'बैकफुट' होने पर अब विभाग उन पर कार्रवाई करने की योजना बना रहा है। इससे पहले सभी प्रबंधकों की एक बैठक भी बुलाए जाने की योजना है। पूरे मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार में चयनित सभी विद्यालयों को मैचिंग धनराशि जल्द ही संयुक्त खाते में जमा किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

- स्कूलों में होने वाले विकास कार्यों का 25 फीसदी स्कूल प्रबंधन को करना है जमा

इन स्कूलों का हुआ चयन

पं बेनी सिंह भारत इंटर कॉलेज भीतरगांव, लाल मणि इंटर कॉलेज रेऊना, एबी विद्यालय इंटर कॉलेज मॉल रोड, जीएनके इंटर कॉलेज सिविल लाइंस व सरस्वती इंटर कॉलेज विजय नगर।

किन्नर के प्रति समाज और सरकार बने उदार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। किन्नर की जिंदगी एक त्रासदी है। समाज व सरकार को उनके प्रति उदार होना चाहिए। किन्नरों को समाज की मुख्य धारा में लाने के प्रयासों में साहित्य का अहम योगदान है। यह बात शुक्रवार को साहित्यकार सहयोग सगंठन की ओर से आयोजित किन्नर विमर्श संगोष्ठी में कही गई।

पनकी बी-ब्लाक में आयोजित किन्नर विमर्श संगोष्ठी का संयोजन डॉ. गायत्री सिंह ने किया। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार जयराम सिंह गौर ने की। मुख्य अतिथि कथाकार महेंद्र भीष्म ने कहा कि इस समुदाय को समाज की मुख्य धारा में लाने के प्रयास की दिशा में साहित्य का अहम योगदान है। वह भीष्म को आधुनिक किन्नर विमर्श का प्रणेता मानते हैं। द्वापर काल तक ही किन्नर सम्मान का जीवन जीते रहे, बाद में स्थितियां ठीक नहीं रहीं। विश्व के बहुत से देशों में जमाज जागरूक है, इसलिए किन्नर के प्रति संवेदनशील है। भारत में मुगल काल किन्नरों का शोषण काल रहा है।

विशिष्ट अतिथि साहित्यकार डॉ. कृष्ण बिहारी ने कहा कि किन्नर की जिंदगी समस्या और जीवन एक त्रासदी है। समाज व सरकार को उनके प्रति उदार होना चाहिए। सुषमा सिंह ने एक झांकी प्रस्तुत कर और डॉ. गीता चौहान ने कुछ पंक्तियां सुनाकर लोगों को सोचने पर मजबूर किया।

कथाकार हरिलाल मिलन, श्याम सुंदर निगम ने किन्नर पर लिखे गए साहित्य की चर्चा की। कृष्ण बिहारी त्रिपाठी ने कहा कि तमाम अनर्गल बातें किन्नरों की छवि खराब करती हैं। किन्नर विमर्श पर शोध कर रहीं रश्मि गुप्ता ने अतिथियों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर कथाकार धनंजय सिंह, डॉ. वीणा उदय, अश्वनी गुप्ता, डॉ. कौशल किशोर, डॉ. हंसराज सोनकर, डॉ. संतोष अरोड़ा मौजूद रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकार। अमृत विचार

समाधान कैंप में सुनीं समस्याएं

कानपुर। सेंट्रल स्टेशन के कॉन्फ्रेंस रूम में रेल कर्मचारियों की एस्टेबलिसमेंट, ह्यूमन रिसोर्स, करियर प्रोग्रेशन से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए शुक्रवार को शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी आदेश मिश्रा, सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष कुमार त्रिपाठी ने मौजूद रहकर कर्मचारियों की शिकायत सुनीं और समाधान किया। शिविर में 12 सदस्यीय टीम ने रेलवे के सभी विभागों के कर्मचारी व सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्या का निस्तारण किया। 20 शिकायतें तत्काल निपटाई गईं।

भूमिगत पैनल में कटिया डालकर 16 ई-रिक्शों की बैट्री चार्ज करते पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विजिलेंस टीम का छापा दलेलपुरवा में चोरी की बिजली से चार्ज होते मिले ई-रिक्शे

अमृत विचार। केस्को बिजली चोरी रोकने के लिए काफी जतन कर रहा है, लेकिन शातिर बिजली चोर केस्को को लगातार धता बता रहे हैं। भूमिगत सी टाइप पैनल में भी कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही है। इसकी जानकारी केस्को अधिकारियों को तब हुई, जब विजिलेंस टीम ने छापा मारकर 16 ई-रिक्शों की बैट्री चोरी की बिजली से चार्ज करते पकड़े।

शहर में बिजली चोरी रोकने के लिए कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी ने भूमिगत केबिल बिछवाई हैं। इसके साथ ही सी टाइप के पैनल भी लगे हैं, ताकि कोई बिजली चोरी न कर सके। लेकिन एक शातिर ने केस्को के इस पैतरे को चुनौती देकर सी पैनल में जुगाड़ लगाकर न सिर्फ बिजली चोरी की, बल्कि ई-रिक्शें चार्ज करने का धंधा भी बना लिया। इसका खुलासा तब हुआ जब केस्को की विजिलेंस टीम ने चीना पार्क सबस्टेशन से जुड़े दलेलपुरवा रामचंदी अखाड़े में छापा मारा। टीम को यहां सी टाइप पैनल में कटिया डालकर 16 ई-रिक्शे चार्ज होते मिले। टीम ने जकरिया नाम के व्यक्ति के खिलाफ अनवरगंज थाने में बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। विजिलेंस टीम प्रवर्तन दल द्वितीय के प्रभारी कृष्ण कुमार के मुताबिक 89/140 रामचंदी अखाड़ा हाता में जकरिया के घर में बिजली कनेक्शन के साथ पैनल में कटिया मारकर कॉमर्शियल विधा में आठ किलोवाट की बिजली चोरी होते मिली। यहां पर 16 ई-रिक्शा चार्ज होते दिखे।

सवालों के घेरे में व्यवस्था | **बारिश के मौसम से पहले शुरू होता अभियान पर लापरवाही से नहीं आता काम, सहयोग व समन्वय में कमी से बढ़ती दिक्कत**

डेंगू के खिलाफ 12 विभाग चलाते अभियान, फिर क्यों होता बेकाबू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। डेंगू, मलेरिया व चिकिनगुनिया के मच्छर न पनपने और बीमारियां हावी न हो सके, इसलिए प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, जिला पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग समेत 12 विभागों की जिम्मेदारी तय की है। इसके बावजूद शहर में प्रतिदिन डेंगू के लार्वा पनप रहे हैं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराए जा रहे सर्वे में प्रतिदिन 10 या इससे अधिक लार्वा नष्ट किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के साथ 12 विभागों की जिम्मेदारी संचारी रोग नियंत्रण अभियान में है। लेकिन सहयोग और समन्वय न होने के कारण हर साल डेंगू फैलता है।

डेंगू, मलेरिया व चिकिनगुनिया की रोकथाम के लिए प्रतिवर्ष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाता है। अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अलावा नगर निगम, पंचायती ग्राम विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पशु चिकित्सा अधिकारी, बाल विकास सेवा और पृष्ठाहार विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उद्यान विभाग, सूचना विभाग, खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन, दिव्यांग सशक्तिकरण समेत 12 विभाग शामिल किए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद पूरा दामोदार स्वास्थ्य विभाग पर है। हालांकि सभी विभागों की जिम्मेदारी प्रशासन द्वारा तय की गई है, लेकिन अभियान में इनका रोल अधिक नजर नहीं आ रहा है। यही, वजह है कि डेंगू का डंक प्रतिवर्ष अभियान पर भारी पड़ जाता है। कागजों पर ही सफाई व्यवस्था दर्शाकर संबंधित विभाग के अधिकारी अपनी पीठ थपथपा लेते हैं। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन के मुताबिक जिले में संचारी और दस्तक दोनों अभियानों का संचालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर सर्वे कर रही हैं, सर्वे में जहां भी डेंगू के लार्वा मिल रहे हैं, उनको नष्ट किया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों को बीमारियों के प्रति लगातार जागरूक भी किया जा रहा है।

सजेती में संचारी रोग अभियान के प्रति जागरूक करती आशा। अमृत विचार

15 घरों में मिले डेंगू का लार्वा

सीएमओ ने बताया कि शुक्रवार को वीबीडी टीमों ने शहरी क्षेत्र के 1333 घरों में सर्वे किया। लक्ष्मी रतन कालोनी में तीन, गुलाब बाबू हाता में दो, फेथफुलगंज में दो, बजरंग व्यायामशाला साइड नंबर में एक व सिंधी कालोनी में डेंगू का एक लार्वा मिला, जिनको टीमों ने मौके पर नष्ट किया। इसके अलावा टीम ने ग्रामीण क्षेत्र के 183 घरों का सर्वे किया। सजेती में पांच और लौहरीमऊ में डेंगू का एक लार्वा मिला। टीम ने लार्वा को नष्ट किया और लक्षणयुक्त लोगों की जानकारी की।

श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा नेता व समाजसेवी। अमृत विचार

साहित्यकार आरआर मोहन को दी श्रद्धांजलि

कानपुर। कवि, साहित्यकार और भारतीय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य आरआर मोहन की श्रद्धांजलि सभा में शुक्रवार को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। आरोग्यधाम के संस्थापक, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक हेमंत मोहन के पिता आरआर मोहन का समाज के हर वर्ग से जुड़ाव था। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, समाचार वितरक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, श्रीबजरंगबली मंदिर कलक्टरगंज के महंत सोमदत्त अग्निहोत्री, पत्र वितरक युवा संगठन के मोनू पंडित, उत्तर प्रदेश मानवाधिकार के प्रदेश अध्यक्ष गणेश दीक्षित, हृदय रोग संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश वर्मा, डॉ. आरती मोहन आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

पुलिस ने अंतिम संस्कार रोका शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

ककवन थाना क्षेत्र के कुरेह गांव में संदिग्ध हालात में हुई अधेड़ की मौत

संवाददाता, बिल्हौर

छानबीन

- पुलिस को सूचना दिए बिना कर रहे थे अंतिम संस्कार
- डायल 112 पर सूचना के बाद पुलिस ने उठाया कदम
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस करेगी कार्रवाई

अमृत विचार: ककवन थाना क्षेत्र के कुरेह गांव में एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस को सूचना दिए बगैर परिवार वाले अन्तिम संस्कार के लिए शव लेकर गंगा घाट पहुंच गए, तभी डायल 112 पर मिली सूचना के आधार पर पुलिस पहुंच गई और अन्तिम संस्कार रोक दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बताते हैं कि ककवन थाना क्षेत्र के कुरेह गांव में शुक्रवार सुबह अधेड़ उम्र के संतोष कुमार की घर में ही संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उस समय घर पर पिता धनीराम मौजूद था। उसने परिवार वालों को जानकारी दी। इसके बाद घर में उसके अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू हो गई। पिता के साथ परिवार के लोग उसका अंतिम संस्कार करने के लिए शव को नानामऊ गंगा घाट ले गए।

इस बीच किसी गांव वाले डायल 112 पर हत्या की सूचना दे दी। सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और अंतिम संस्कार रोक दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

एक दिन पहले पत्नी को पीट रहा था

बताते हैं कि संतोष कुमार ज्यादातर पंजाब में रहकर मजदूरी करता था। कुछ समय पहले ही वह पंजाब से लौटा था। गुरुवार को गांव के बाहर वह अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था, जिसमें पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। मारपीट की खबर मिलने पर पहुंचे 16 वर्षीय बेटे राज ने अपने मामा की मदद से मां को पिता की पिटाई से बचाया था और मां को लेकर अस्पताल चला गया था। इधर, शराब के नशे में गांव के बाहर पड़े संतोष को गांव वालों ने घर जाकर छोड़ दिया था।

शराब का लती था अधेड़: एसओ

थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह के मुताबिक संतोष कुमार (50) शराब का लती था। वह आए दिन शराब पीकर मारपीट करता था, जिससे परिवार वाले भी परेशान थे। शराब पीने से मौत मानकर परिवार वाले पुलिस को सूचना दिए बिना अन्तिम संस्कार करने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

महिला को दबंगों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

घाटमपुर। क्षेत्र के स्योढारी गांव की रहने वाली सुशीला देवी पत्नी बाल सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि नाबालिग पुत्र लक्ष्य कुमार के साथ गांव के ही मयंक यादव व जयंक यादव ने गालीगलौज करते हुये मारपीट व अपशब्द का प्रयोग किया।

उसने बताया कि दोपहर में उसकी नाबालिग पुत्री काजल देवी अकेले घर पर थी, तभी मयंक यादव व जयंक यादव व दो अज्ञात लोग पुत्री के साथ गालीगलौज व छीनाझपटी करते हुए बाजार की तरफ चले गए। वहां पति बालसिंह पासी व पुत्र लक्ष्य कुमार अलग-अलग दुकान पर सब्जी बेच रहे थे, तभी पीछे से मयंक यादव व जयंक यादव व दो अज्ञात लोगों ने पति पर लाठी व फरसे से हमला कर दिया, जिससे पैर में गम्भीर चोट आई है। पुलिस ने एससी-एसटी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच के बाद आरोपियों पर कार्रवाई होगी।

कार से लूटने वाले दबोचे गए

संवाददाता, बिल्हौर

चार युवकों के गिरोह का था आतंक

- क्षेत्र में कई घटनाओं को अंजाम दे चुका था गिरोह
- डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने पुलिस टीम को दिया इनाम

कार के साथ पकड़े गए लुटपाट करने वाले गिरोह के सदस्य। अमृत विचार

अमृत विचार: कस्बे के साथ आसपास के इलाकों मे लूटपाट करने वाले गिरोह को बिल्हौर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चार युवकों का गिरोह लगातार आसपास के जनपदों में देर रात सड़क पर चलने वाले लोगों को अवैध असलहे दिखाकर लूट लेता था। गुरुवार रात उत्तरीपुरा -अलियापुर मार्ग पर हुई लूटपाट पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सर्विलांस टीम की मदद से गिरोह को गिरफ्तार कर लिया।

औरैया निवासी डॉ. शिव तोमर पुत्र भूरे सिंह के साथ हुई लूटपाट के मामले में पुलिस की सक्रियता से पूरे गिरोह का खुलासा हो सका। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त गाड़ी नंबर से सर्विलांस का फायदा उठाते हुए चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने प्रेस वार्ता में बताया कि बिल्हौर क्षेत्र के अलियापुर- उठ्ठा -उत्तरीपुरा मार्ग पर देर शाम बाइक या कार से चलने वाले राहगीरों के साथ लूटपाट करने वाले गिरोह ने कई घटनाओं को अंजाम दिया है।

डॉ. शिव तोमर के साथ हुई घटना के बाद पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें घेराबंदी कर देर रात चार युवकों को बिल्हौर चौराहे पर गिरफ्तार कर लिया गया। इनमें प्रतीक उर्फ अंशू यादव पुत्र नरेंद्र यादव हिमसुद्दीनपुर थाना ठठिया, जिला कन्नौज, दीपक उर्फ दीपू यादव पुत्र हरभान सिंह पुत्र निवासी खिरिया थाना ककवन, घनश्याम पाल पुत्र रामखेलावन निवासी गड़रियन पुरवा थाना रसूलाबाद, अवनीश उर्फ आकाश यादव पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम खिरिया थाना ककवन को कार, कई मोबाइलों और लोहे की राड के साथ गिरफ्तार किया गया है। इनके विरुद्ध अलग-अलग जनपदों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया है। सभी लुटेरों को जेल भेज दिया गया है।

रेप के बाद किशोरी गर्भवती दबोचा गया किशोर आरोपी

संवाददाता, नर्वल

धमकी भी दी

- नर्वल थाना क्षेत्र में दो महीने पहले हुई थी वारदात
- मां ने शिकायत की तो आरोपी के परिवार ने धमकाया
- धमकाने में आरोपी के पिता और दो भाई भी नामजद

अमृत विचार: नर्वल थाना क्षेत्र में दो माह पहले 14 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही एक किशोर ने रुपयों का लालच देकर दुष्कर्म किया। यह मामला तब सामने आया, जब किशोरी गर्भवती हो गई। किशोरी ने आरोपी के घर जाकर उलाहना दिया तो उसके परिवार वालों ने गालीगलौज करते हुए धमकाया। डीसीपी पूर्वी के निर्देश पर नर्वल पुलिस ने आरोपी किशोर पर दुष्कर्म और पॉक्सों के साथ उसके पिता और दो भाइयों के खिलाफ धमकाने का नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया है।

नर्वल क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने तहरीर में बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी को गांव का ही रहने वाले किशोर ने बहला-फुसलाकर और रुपयों का लालच देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब बेटी गर्भवती हो गई तो उसे इस बारे में पता चल सका। महिला का आरोप है कि बेटी के साथ हुई घटना के बारे में शिकायत करने वह आरोपी के घर गई तो उसके पिता राजकुमार उर्फ केलई और दो भाइयों ने उसके साथ गालीगलौज की और लाठी-कट्टा लेकर मारपीट करने लगे।

महिला का आरोप है कि पुलिस से शिकायत करने पर गड़ासे से काट डालने की धमकी दी। घटना को दबाने के लिए आरोपी का परिवार लगातार प्रताड़ित कर रहा है। मामला संज्ञान में आने के बाद डीसीपी पूर्वी ने एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। नर्वल थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी किशोर के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो के साथ उसके पिता राजकुमार उर्फ केलई और दो भाइयों पर गालीगलौज, मारपीट करने और धमकाने की नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। रेप के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पंखे के करंट से युवक की मौत

घाटमपुर। सजेती थाना क्षेत्र के सुखापुर गांव में एक युवक पंखा लगाते समय करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से परिवार में मातम पसर गया।

सजेती थाना क्षेत्र के सूखापुर गांव निवासी रामप्रकाश का पुत्र कमल (27) घर में पंखा टांग रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और नीचे गिर गया। उसकी हालत देख परिजनों में कोहराम मच गया। करंट की चपेट में आने से उसकी सांसें थम चुकी थीं। परिजनों की सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

खंती में पलटा ऑटो, 5 घायल

संवाददाता, घाटमपुर

हादसे में घायल हुई सवारियों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। अमृत विचार

अमृत विचार: रेउना थाना क्षेत्र के दहेली गांव के पास एक अनियंत्रित ऑटो खंती में जा घुसा, जिससे उसमें बैठीं सवारियां घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के जरिए सीएचसी पहुंचाया। पुलिस ने आटो ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

रेउना थाना क्षेत्र के रठिगांव व दहेली गांव के पास एक स्कूल के पास एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटों में मूसेपुर गांव से मूसानगर, गौसगंज निवासी शकुन पत्नी लखन, आरती पत्नी रोहित, शीला पत्नी कल्याण, ज्योति पत्नी संजय रिश्तेदारी से निमंत्रण कर गौसगंज मूसानगर कानपुर देहात अपने घर वापस जा रहे थे, तभी नशे में ऑटो चालक अनिरुद्ध निवासी भगवंतपुर थाना घाटमपुर नियंत्रण खो बैठा और सवारियों सहित ऑटो खंती में जाकर पलट गया।

हादसे में ऑटो सवार सबी लोग बुरी तरह से फंस गए। राहगीरों की मदद से उन्हें घायल अवस्था में बाहर निकाला गया और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची रेउना पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां पर ज्योति की हालत चिंताजनक बनी हुई है। थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि मौके से चालक को हिरासत में ले लिया गया है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

कराहती रहीं घायल महिलाएं।

क्रॉसिंग खुली रही और ट्रेन गुजर गई

शिवराजपुर। रेलवे केबिनमैन की लापरवाही से फाटक खुला रहा और ट्रेन आ गई। आधी से ज्यादा ट्रेन गुजरने के बाद केबिनमैन ने क्रॉसिंग बंद की। ड्राइवर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रेन खड़ी कर दी। गार्ड द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद ट्रेन आगे बढ़ी। ट्रेन लगभग 10 मिनट तक खड़ी रही।

फर्रुखाबाद से अनवरगंज कानपुर जाने वाली ट्रेन नंबर 15038 एक्सप्रेस ट्रेन बर्राजपुर रेलवे स्टेशन से शाम 5:20 पर रवाना हुई। आगे बढ़ने पर अजौली की क्रॉसिंग खुली थी। ट्रेन गुजरने लगी। ट्रेन के यात्री व आसपास खड़े लोग भौचक्का होकर देखते रहे। तब तक ड्राइवर ने ट्रेन खड़ी कर दी। गार्ड ने फाटक के केबिन में जाकर शिकायत दर्ज की। तब तक ट्रेन वहीं खड़ी रही। यह बड़ी लापरवाही हुई। गनीमत रही कि कोई दुर्घटना नहीं हुई।

विद्यालय गई छात्रा घर वापस नहीं आई

संवाददाता, चौबेपुर

रिपोर्ट दर्ज

- पीड़ित ने पड़ोसी गांव के युवक के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट
- नोएडा में आरोपी की लोकेशन मिली, जाएगी पुलिस टीम

अमृत विचार। क्षेत्र के एक गांव से गुरुवार सुबह विद्यालय गई छात्रा घर वापस नहीं लौटी। खोजबीन के दौरान मालूम हुआ कि पड़ोसी गांव का एक युवक छात्रा को बहला फुसला कर अपने साथ भाग ले गया है। जिसके पश्चात पीड़ित ने युवक व उसके परिजनों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने लापता छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि गुरुवार सुबह करीब 11 बजे उसकी बेटी घर से विद्यालय में मार्कशीट लेने के लिए गई थी, जहां से देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। छानबीन के दौरान मालूम हुआ कि शाहपुर माल्हा थाना शिवराजपुर निवासी दूसरे समुदाय का युवक अनीस अली पुत्र रमजानी बेटी को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है।

इस काम में उसके परिजनों ने भी उसका पूरा साथ दिया है। बताया कि तमाम खोजबीन के बावजूद बेटी का कुछ पता नहीं लग सका। प्रभारी थानाध्यक्ष गौतम सिंह ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक के मोबाइल की लोकेशन नोएडा में मिल रही है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस की एक टीम जल्द ही नोएडा के लिए रवाना की जाएगी।

ईओ से अभद्रता में सफाईकर्मी लामबंद

बिल्हौर। नगर पालिका कर्मचारियों के साथ अभद्रता का मामला गंभीर होता जा रहा है। गुरुवार को युवक के विरुद्ध थाने में शिकायत और मुकदमा दर्ज न किए जाने पर दर्जनों सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को भी कार्यालय में विरोध जताया और आरोपी पर कार्रवाई की मांग की।

कस्बे के ही एक युवक के विरुद्ध नगर पालिका ईओ अंजनी मिश्रा ने अभद्रता, गाली-गलौज के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत की थी, लेकिन रिपोर्ट न दर्ज होने पर नगर पालिका कर्मचारियों के साथ सफाई कर्मियों ने भी अब मोर्चा खोल दिया है। जल्द आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इधर मामले में उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने कहा कि महिला कर्मचारी या अन्य सरकारी कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की जांच कराई जा रही है। उच्चाधिकारियों के संज्ञान लाकर कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षकों ने उपवास रख पढ़ाया

संवाददाता, चौबेपुर

पूर्व माध्यमिक विद्यालय रौतापुर में शिक्षकों ने उपवास रखा। अमृत विचार

अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी की अनिवार्यता को लेकर विरोध लगातार जारी है। मुद्दे को लेकर शुक्रवार को जूनियर हाई स्कूल शिक्षक महासभा के बैनर तले शिक्षकों ने उपवास रख अपना विरोध प्रकट किया।

8 जुलाई से परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी अनिवार्य की गई है। जिसको लेकर शिक्षकों में जबरदस्त रोष बना हुआ है। मुद्दे को लेकर शिक्षक तरह तरह से अपना विरोध प्रकट कर शासन तक अपनी पीड़ा पहुंचा रहे हैं। शुक्रवार को भी जूनियर हाई स्कूल शिक्षक महासभा के बैनर तले विकास खंड क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों ने सारा दिन उपवास रखकर विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष अपनी पीड़ा जताई।

जूनियर हाई स्कूल शिक्षक महासभा के संयोजक अनुग्रह त्रिपाठी ने बताया कि शासन द्वारा लगातार शिक्षकों की मांगों को अनदेखा कर अनर्गल तरीके से ऑनलाइन हाजिरी देने का दबाव बनाया जा रहा है। जिसके विरोध में शिक्षकों ने शुक्रवार को उपवास रखकर विद्यालयों में शिक्षण कार्य किया। बताया कि शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी देने में कोई दिक्कत नहीं है। उनका विरोध उसमें निहित प्रावधानों से है। जिसकी जानकारी ज्ञापनों के माध्यम से उच्च स्तर तक पहुंचाई जा चुकी है।लेकिन इस संदर्भ में शासन द्वारा अभी तक कोई भी सार्थक निर्णय नहीं लिया गया है। जब तक कोई अहम निर्णय नहीं लिया जाता, शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। उपवास रखकर शिक्षक कार्य करने वालों में अनुज्ञह त्रिपाठी ,आफताब आलम, शंकर सिंह ,अभिषेक, प्रीति, माधुरी विनय प्रकाश, दिनकर त्रिवेदी, मिनी , प्रियंका वर्मा, मधु, सागर ,सुजीत यादव, मनीष वर्मा ,दीपक चौहान , नेहा गुप्ता, पल्लवी व विकास त्रिवेदी आदि प्रमुख रूप से रहे।

हाईवे के पिलर पर चढ़ा नशेबाज युवक

बिठूर। मंधना स्टेशन के सामने पिलर नंबर 6 के ऊपर एक नशेबाज युवक के पड़े होने की सूचना मिली तो मंधना चौकी इंचार्ज अमित मलिक क्रेन लेकर मौके पर पहुंच गए। बड़ी मुश्किल से क्रेन की मदद से युवक को नीचे उतारा गया और फिर हाईवे की एम्बुलेंस से उसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक पिलर के बीच पहुंचा युवक बिल्हौर कस्बे का रहने वाला राजेंद्र है। पिलर पर युवक के पड़े होने की सूचना पर मौके पर खासी भीड़ एकत्र हो गई और तमाशबीन बनी रही। मामले को गंभीरता से लेते हुए हाईवे अथॉरिटी की एम्बुलेंस के साथ दो अन्य गाड़ियां भी मौजूद रहीं।

पिलर से नशेबाज को उतारते समय लगी भीड़ और मौजूद पुलिस। अमृत विचार

अनदेखी प्रशासनिक स्तर पर एक तरफ चल रहा संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दूसरी तरफ सफाई व्यवस्था पूरी तरह धड़ाम

गांवों में हर तरफ गंदगी की भरमार, बीमारी फैलने के आसार

संवाददाता, बिधनू

लगभग हर गांव में गंदगी की यही हालत है। अमृत विचार

हैंडपंप के चैंबर की हालत और आसपास भरा कीचड़। अमृत विचार

अमृत विचार: संचारी रोगों से बचाव के लिए साफ सफाई बेहद जरूरी है। सरकार इसके लिए मौजूदा समय संचारी रोग नियंत्रण अभियान के जरिए लोगों को जागरूक करने की कोशिश कर रही है, लेकिन ग्राम पंचायतों में गंदगी की भरमार से गंवई जिंदगी बेजार है। ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह धड़ाम है।

बिधनू ब्लाक की ग्राम पंचायतों के हाल खराब हैं। मझावन, सुरौली, चम्पतपुर, सम्भुआ, हाजीपुर, उदयपुर, चौराई, नगवां समेत कई गांवों में सफाई व्यवस्था की स्थिति काफी खराब है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने से नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे गांव के लोग गंदगी से गुजरने को मजबूर हैं। करसुई गांव के राजेंद्र चौधरी, बन्टू, रमेश कुमार आदि ने बताया कि जलनिकासी के लिए जिम्मेदारों से कई बार कहने के बाद भी स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है।

मझावन बाजार में भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सड़क किनारे ही कचरे का ढेर लगा हुआ है। नालियां बजबजा रहीं हैं। यही हाल चौराई पंचायत घर के पास भी है। यहां भी कूड़े का ढेर लगा हुआ है। ग्रामीण पंचायत घर अपनी समस्या लेकर आते हैं, मगर पंचायत घर की दीवार से जुड़ा ही कूड़ा घर बना हुआ है। बिधनू ब्लॉक के ग्रामीण सुभम गुप्ता, अमित पाण्डेय, अहसान आदि ने कहा कि कूड़ा निस्तारण का प्रबंध न होने से कूड़े का ढेर लगा रहता है, जिससे बीमारी फैलने की आंशका बनी हुई है, मगर कोई भी गंभीर नहीं है।

क्या कहती हैं गांव की महिलाएं

शम्भुआ के मजरा धीरपुर की संगीता ने कहा कि गांव की आबादी 1200 से ऊपर है, मगर न ग्राम विकास अधिकारी आता है और न ही ग्राम प्रधान कुछ देखते हैं। जब जिम्मेदार ही नहीं आएंगे तो सफाई कैसे होगी।

जामू गांव की रहने वाली रामवती ने बताया कि 15 साल गांव में रहते-रहते हो गए, मगर गांव में कभी दवा का छिडकाव नहीं होता है। जब गांव में बीमारी फैल जाती है तब स्वास्थ्य विभाग की टीम आकर सिर्फ खानापूरी करती है।

अधिकांश गांवों में नजर आते हैं गंदगी के ढेर

- बिधनू ब्लॉक के ज्यादातर गांवों में गंदगी पसरी है। मझावन, सुरौली, हाजीपुर, सीडी, करडी, उदयपुर, दलेलपुर, रमईपुर, खेरसा, जमरेही, दहेली उजागर, चम्पतपुर, सम्भुआ, हाजीपुर, उदयपुर, चौराई, नगवां ग्राम पंचायतें भी लापरवाही से गंदगी से पटी हैं।

लापरवाही पर होगी कार्रवाई: एडीओ

- एडीओ पंचायत सुरेश चंद निगम ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में सफाई के लिए पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया है। ग्राम पंचायतों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

बिजली, पानी को लेकर फूटा जनप्रतिनिधियों का गुस्सा

विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की पहली संयुक्त बैठक, खुले रफाका गंदे नाले से निकल रही जहरीली गैस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। लोक सभा चुनाव के बाद शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के अफसरों की पहली बैठक हुई। जनप्रतिनिधियों ने सबसे ज्यादा बिजली, पानी, सड़क, पेंशन का मुद्दा उठाया। सबसे ज्यादा 427 विद्युत बिल सुधार की शिकायतें लंबित होने पर सांसद से लेकर विधायक तक बिजली विभाग के अफसरों पर भड़के। उन्होंने कहा कि लोग परेशान होकर बिजली घरों के चक्कर काट रहे हैं। मनमाने बिल आते हैं, जब मन आता है बिजली काट दी जाती है। दक्षिणांचल विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता सवालों के जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद केस्को एमडी ने एक माह में सारी दिक्कतें दूर कराने की बात कही।

जल जीवन मिशन से खिलवाड़: जल जीवन मिशन की समीक्षा की बात उठी तो सांसद से लेकर विधायक, ब्लाक प्रमुख सभी भड़क गए। सांसद भोले बोले, जब से योजना शुरू हुई तब से विभाग सिर्फ झूठी रिपोर्ट दे रहा है। कहीं टंकी नहीं तो कहीं पर सोलर का कनेक्शन तक नहीं कराया।

बैठक करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

बैठक करते सांसद रमेश अवस्थी व महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

- महापौर बोलीं-कटिया कोई डालता है, पकड़ लेते हैं पड़ोसी को, ये व्यवस्था बंद करो

समन्वय बनाकर समग्र विकास कराएं

सांसद रमेश अवस्थी ने अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग जनप्रतिनिधियों के फोन उठायें और सभी विभाग सामन्जस्य पूर्ण तरीके से कार्य करें साथ ही कानपुर के समग्र विकास को लेकर बैठक करें। सासंद देवेन्द्र सिंह भोले ने जरुरतमंदों को विद्युत कनेक्शन में अधिक समय नहीं लगाने की बात की।

भूगर्भ जल में अमोनिया, पेयजल संकट का हल निकालें

नवीन सभागार, सरसैया घाट में हुई बैठक में विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि सरायमीता में आईआईटी की रिपोर्ट के अनुसार भूगर्भ जल से अमोनिया लगातार निकालने की वजह से पेयजल का बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है। समरसेबल से भी लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं दिया जा सकता उसमें भी अमोनिया निकल रही है इसके लिए पाइप लाइन से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कराई जाए। लगभग 50000 लोग जानलेवा गंभीर बीमारियों से अमोनिया युक्त पानी पीने से ग्रसित हो रहे हैं कई स्थानों पर दिव्यांगता बढ़ती जा रही है।

सोसाइटी और औद्योगिक क्षेत्र की समस्याएं दूर कराएं

महापौर प्रमिला पाण्डेय ने कहा कि बिल्डरों द्वारा बनायी गयी सोसाइटी में नाली, बिजली, पानी व अन्य आधार भूत सुविधाओं को उपलब्ध कराकर ही लोगों को सुपुर्द किया जाये। एमएलसी सलिल विश्नोई ने पनकी इण्डस्ट्रियल एरिया में जलभराव की समस्या को दूर करने के साथ ही अस्पतालों की हालत में सुधार लाने पर बल दिया। विधायक किदवई नगर महेश त्रिवेदी ने कहा कि बिजली तार चोरी वाले क्षेत्रों में अण्डर ग्राउण्ड वायरिंग की जाए। परमपुरवा में बन्द पडी टंकी को चालू कराया जाये। एमएलसी अरूण पाठक ने कहा कि किसान सम्मान निधि व पीएम कुसुम योजना में तेजी लाने के लिये सम्बन्धित अधिकारियों से कहा। विधायक मो. हसन रूमी ने कहा कि दो चंदारी में एक पानी की टंकी बन्द पडी हैं, उसको चालू कराया जाये। विधायक अमिताभ बाजपेयी ने कहा कि जल कल, जल निगम और केस्को की समन्वयक बैठक एक की जाये। बैठक में सांसद मिश्रिक अशोक रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरूण, सरोज कुरील, केस्को एमडी सैमुअल पॉल, केडीए वीसी मदन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर डा. राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी भूआध्याप्ति रिंकी जायसवाल सहित ब्लाक प्रमुख, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधि व सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत करायी गयी समस्याओं का सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निस्तारण कराने के निर्देश दिये।

पोस्टमार्टम हाउस सुधारें, हम देंगे धन

गोविंद नगर विस क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा गर्मी में बहुत बुरा हाल था। इसके लिए अगर जरूरत पड़े तो मै अपने निधि से 50 लाख तक दे सकता हूं। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त से प्रस्ताव बनाकर देने की बात कही। ताकि निधि से काम हो सके।

मानक के अनुरुप सड़कें नहीं बन रही

शिवराजपुर में बनी सड़क मानक के अनुरूप निर्माण न होने पर सांसद अशोक रावत आरईडी के अधिशाषी अभियंता पर भड़क गए। कहा, दो बार जांच में सड़क गुणवत्ता के मानक फेल आए थे। इसके बाद आपने न तो जांच की न ही सड़क का निर्माण सही कराया। ये लापरवाही सही नहीं है। डीएम ने अधिशाषी अभियंता को मौके पर जाकर सड़क की जांच कर रिपोर्ट मांगी। सांसद ने जिलाधिकारी से कहा कि ऐसे मामलों को गंभीरता से लें।

घर में घुसे चोरों ने ढाई लाख की टोटियां की पार

अजब गजब !

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर थानाक्षेत्र की घटना पुलिस कर रही मामले की जांच

अमृत विचार। कल्याणपुर थानाक्षेत्र से चोरी की एक अजब गजब घटना सामने आई है। यहां एक बंद पड़े घर को निशना बनाकर चोरों ने बाथरूम और घर के अंदर लगी ढाई लाख रुपये की टोटी चुरा ली और फरार हो गए। हैरत की बात तो यह है, कि में चोरों ने ना ही तो कोई अन्य सामान चुराया। घटना की जानकारी मकान मालिक को मिली तो पीड़ित ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

लखनपुर अवधपुरी रोड निवासी हरीशंकर यादव ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि जीटीरोड से कुछ दूरी पर उन्होंने एक मकान का निर्माण एक माह पूर्व करवाया था। मकान उनकी पत्नी कुमुद यादव के नाम पर है। मकान का निर्माण पूरा करने के बाद से वह नवनिर्मित मकान में गए नहीं थी। शुक्रवार को उनका बेटा नवनिर्मित मकान को देखने के लिए वह पर गया तो उसने देखा कि उसके घर का दरवाजा बाहर से तोड़ दिया गया है। जब वह मकान के अंदर गया तो उसने देखा कि घर के अंदर रखा अन्य सामान तो सुरक्षित था। लेकिन सभी कमरों के बाथरूम के दरवाजे खुले थे और बाथरूम के अंदर के सभी टोटियां चोरी हो गई थी। जिसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचा और आसपास के लोगों से पूछताछ की पर कोई भी जानकारी मिल नहीं सकी। हरीशंकर यादव ने बताया कि मकान में वह परिवार के साथ जल्द ही रहने आने वाले थे। जिसके चलते उन्होंने घर को पूर्ण सुविधायुक्त बनवाया था और लगभग पूरे घर व बाथरूम में लगभग ढाई लाख रुपए की टोटियां भी लगवाई थी। इस संबंध में थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

कुशाग्र हत्याकांड में हत्यारोपी प्रभात के चाचा पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रायपुरवा के आचार्य नगर में कुशाग्र की अपहरण के बाद की गई थी हत्या
- हत्यारोपी के चाचा ने कोर्ट में कुशाग्र के चाचा को दी थी जान से मारने की धमकी

अमृत विचार। रायपुरवा थानाक्षेत्र में आचार्य नगर के चर्चित कुशाग्र हत्याकांड मामले में नया मोड़ आ गया है। चार दिन पूर्व मुकदमे में मुख्य आरोपी प्रभात शुक्ला के चाचा ने कुशाग्र के चाचा को कचहरी में जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद एडिशनल सीपी से मामले की शिकायत करने के बाद जांच एडीसीपी विजिलेंस को सौंप गई थी। इस मामले में कुशाग्र के चाचा ने हत्यारोपी प्रभात के चाचा रामू शुक्ला के खिलाफ धमकी की रिपोर्ट दर्ज करा कर पुलिस से सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

कुशाग्र।

आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र कनोडिया की पिछले वर्ष 30 अक्टूबर को उसे घर में ट्यूशन पढ़ाने आने वाली ट्यूटर रचिता वत्स ने अपने प्रेमी प्रभात शुक्ला और उसके दोस्त शिवा के साथ मिलकर अपहरण कर मौत के घाट उत्तार दिया था। हत्यारोपियों ने परिजनों से हत्या के बाद फिरौती भी मांगी थी, लेकिन फिरौती का पत्र घर में डालते समय अपार्टमेन्ट के चालक ने ट्यूटर की स्कूटी पहचान ली, जिसके बाद पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए टयूटर, उसके प्रेमी और प्रेमी के दोस्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में कुशाग्र की तरफ से मामले की पैरवी उसके चाचा लखनऊ निवासी सुमित कनोडिया कर रहे हैं। सुमित कनोडिया ने एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चंदर से बताया था कि सोमवार को एडीजे (सप्तम) त्रिपुरारी मिश्रा की कोर्ट में उनके चाचा संजय कनोडिया की गवाही थी। इसकी पैरवी के लिए वह अपने बड़े भाई मनीष के साथ कोर्ट पहुंचे थे। भीतर संजय की कोर्ट में गवाही चल रही थी। उस दौरान वह और उनके बड़े भाई कुशाग्र के पिता मनीष कनोडिया कोर्ट के बाहर खड़े थे। उसी दौरान हत्याकांड के मास्टरमाइंड प्रभात के चाचा रामू शुक्ला पांचवी मंजिल में किसी से फोन पर बात करते हुए कह रहे थे कि तुम परेशान न हो। तुम मेरे ऊपर से अपना हाथ न हटाना, हम सबको निपटा देंगे। इसके बाद फोन बंद करने के बाद बेवजह गालीगलौज शुरू कर दिया। इसका करने पर रामू उग्र होते हुए देख लेने की धमकी दी थी। मामले की जांच के बाद कोतवाली पुलिस ने हत्यारोपी के चाचा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पिता और चाचा का साफ कहना था कि वह लोग अभी तक कुशाग्र के उस दर्द से उबरा तक नहीं पाएं हैं। लेकिन मास्टरमाइंड प्रभात के चाचा और पिता धमकियां दे रहे हैं। इस संबंध में कोतवाली इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि हत्यारोपी प्रभात शुक्ला के चाचा रामू शुक्ला पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने सुरक्षा की मांग की है, जिस पर आलाधिकारियों से वार्ता की जा रही है।

चोरों ने पार की 50 हजार की नकदी

कानपुर। कोहना थानाक्षेत्र के आर्य नगर निवासी बृज भूषण यादव के घर में गुरुवार देर रात दाखिल होकर चोरों ने 50 हजार की नगदी व चार मोबाइल चुरा लिए। पीड़ित ने कोहना थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित के अनुसार घर के दरवाजे पर ताला नहीं लगा था। मौका पाकर चोर घर में दाखिल हुए और वारदात को अंजाम दिया।

मानसून में मुंह फेरा तो 35 डिग्री से ऊपर पहुंचा पारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अगले पांच दिन हल्के बादल छाने, बूंदाबांदी और तेज बौछारों के आसार

अमृत विचार। धूप जहां मुसीबत बनी है, वहीं बारिश के बाद भी उमस कम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को सूरज निकलने के साथ ही धूप परेशान करने वाली रही। दोपहर में स्थानीय स्तर पर कहीं-कहीं बारिश हुई। सीएसए के मौसम विशेषज्ञ डा. सीबी सिंह बताते हैं कि आसमान साफ रहने से धूप चटक रही, जिससे अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री ऊपर चढ़कर 35.4 डि.से. रिकार्ड किया गया वहीं न्यूनतम तापमान 1 डिग्री ज्यादा 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

कल्याणपुर-रावतपुर के आरक्षण केंद्रों पर नई समयसारणी लागू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- क टिकट बुकिंग संख्या में बढ़ोतरी के बाद निर्णय

अमृत विचार। ऑनलाइन टिकट आरक्षण व टिकट बुकिंग की संख्या में इजाफा होने के कारण रेलवे के टिकट काउंटरों पर मानक से कम आरक्षित टिकट बन रहे हैं। इज्जतनगर मंडल प्रबंधक कार्यालय ने मंडल के अधीन आने वाले स्टेशन रावतपुर और कल्याणपुर के टिकट बुकिंग समय में कटौती की है। दोनों स्टेशनों के आरक्षण केंद्रों पर सोमवार से समय बदल जाएगा।

बता दें कि अब तक रेलवे आरक्षण केंद्रों पर सुबह 8 से शाम 8 बजे तक टिकट बुकिंग का काम होता था, जबकि रविवार को सुबह 8 से 2 बजे तक का समय निर्धारित था। इज्जतनगर मंडल ने ऑनलाइन आरक्षण की साप्ताहिक रिपोर्ट देखी तो केंद्रों पर मानक के अनुसार टिकट नहीं बिकते मिले। इसे देखते हुए इज्जतनगर मंडल प्रबंधक कार्यालय ने मंडल के तहत आने वाले 6 स्टेशनों पर बने आरक्षण केंद्रों पर समय में कटौती की है।

यह व्यवस्था सोमवार से लागू होगी। अब आरक्षण केंद्रों पर समय सुबह 8 से 12 बजे तक। उसके बाद एक घंटे लंच और फिर एक से 5 बजे तक ही केंद्र चालू रहेगा। रविवार का समय पहले की तरह ही रहेगा।

सार-संक्षेप

पुलिस ने मवेशियों से भरे वाहन को पकड़ा

कानपुर। कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने चकेरी थानाक्षेत्र से मवेशियों से भरे एक ट्रक को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम व गाड़ियों पर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। चकेरी पुलिस ने मुखिबर की सूचना पर रामादेवी चौराहे के पास एक ट्रक को पकड़ा। वाहन को चेक करने पर पुलिस को 18 मवेशी लदे मिले। पूछताछ में ट्रक चालक ने बताया कि वह लोग मवेशी लादकर कानपुर देहात के मुगीशापुर से उन्नाव जा रहे थे। पुलिस को आरोपियों ने अपने नाम सजेती के सुखापुर गांव निवासी पप्पू, अकबरपुर के बारा निवासी मुन्ना व अकबरपुर निवासी निजाम बताया। पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के साथ गाड़ियों को एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है। साथ ही मृत मवेशी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मौत पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

रूरा। मजदूरी कर घर लौट रहे अधेड़ की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। रामपुर गांव के सामने एक शुक्रवार की सुबह करीब एक शव पड़े होने की सूचना पीआरवी को मिली। पुलिस के पहुंचने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो चुकी थी। लोगों ने मृतक की शिनाख्त अमर सिंह निवासी रामपुर के रूप में की। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र दीपू ने बताया कि पिता शादी विवाद में मजदूरी करते थे। वह गुरुवार को एक पास के गांव में शादी में मजदूरी करने गए थे। वापस आते समय यह हादसा हो गया। वहीं मृतक की पत्नी सुमन, पुत्र दीपू का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। दरोगा राकेश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत होना प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

पाठ्यक्रम पूर्ण न कराने वाले शिक्षकों की मांगी गई सूची

कानपुर देहात। बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित परिषदीय विद्यालयों में अब किसी की मनमानी नहीं चलेगी। ऑनलाइन अटेंडेंस के साथ-साथ अन्य सभी विभागीय कार्यों को डिजिटल रूप में करना होगा। इसके लिए महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत प्रार्थना सभा की सेल्फी टैबलेट में सुरक्षित न रखने वाले एवं मासिक कैलेंडर के अनुसार पाठ्यक्रम पूर्ण न कराने वाले, स्कूलों की दीवार पर टोल फ्री नंबर 18008893277 चस्पा न करने वाले, विद्यालय के कार्यों में सहयोग न करने व अनुशासनहीनता करने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की सूची मांगी गई है। प्रति माह होने वाली समीक्षा बैठक में इन बिंदुओं पर गहन चर्चा कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

आवेदन पत्र संशोधित करने को खोला गया पोर्टल

कानपुर देहात। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नेहा सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में परीक्षा नियामक प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा डीएलएड पाठ्यक्रम व स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम विलंब से घोषित करने व पीएफएमएस से संबंधित प्रकरण के लिए 15 जुलाई से 24 जुलाई तक छात्रों के आवेदन पत्रों को संशोधित करने के लिए पोर्टल दोबारा खोला गया है। जनपद के संबंधित सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि वह उक्त तिथि तक अपने-अपने आवेदन पत्रों को संधोधित कर सब्मिट करते हुए शिक्षण संस्थानों में जमा कर दें। वहीं शिक्षण संस्थानों को संशोधित आवेदन पत्रों का सत्यापन करते हुए 16 से 30 जुलाई तक अग्रसारित करना है।

चालक ने टीएसआई पर कार चढ़ाने का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नशे में था आरोपी कार चालक चार खंभा कुआं के पास घटना को दिया अंजाम

अमृत विचार। शुक्रवार देर रात गजनेर सरवनखेड़ा निवासी संजय वाल्मीकि जरीब चौकी से लेकर अर्मापुर की ओर जा रहा था। कालपी रोड चार खंभा कुआ्र के पास उसने कुछ वाहनों को टक्कर मार दी हालांकि किसी को चोट नहीं आई। इस दौरान विजय नगर चौराहे पर टीएसआई राकेश सिंह व हमराही बाल-बाल बच गए। तभी अर्मापुर के पास उसने किदवई नगर निवासी बाइक सवार सुमित और एक कार में टक्कर मार दी। कार के एयरबैग खुलने से दोनों के सवार बच गए। इस संबंध में अर्मापुर थाना प्रभारी राममूरत पटेल ने बताया कि आरोपित को हिरासत में लेकर घायल सुमित को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

यूट्यूब जर्नलिज्म में बेहतरीन करियर के अवसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू में आयोजित की गई कार्यशाला

अमृत विचार। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में यूट्यूबर किशन चंद ने प्रतिभागियों को बताया कि रोजाना कंटेन्ट बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड करने वाले डिजिटल क्रियेटर के लिए करियर के अच्छे अवसर हैं।

फ्यूचर ट्रेंड्स एवं कैरियर ऑपर्च्युनिटीज के विषय पर उन्होंने कहा कि यूट्यूब चैनल बनाकर शॉर्ट वीडियो, ब्रेकिंग न्यूज बुलेटन, वी-लॉग, ब्रांड स्टोरी टेलिंग के वीडियो बनाने के साथ-साथ लाइव प्रोग्राम भी दिखा सकते हैं। किसी एक विषय पर आधारित चैनल बनाकर दर्शकों की संख्या को बढ़ा सकते हैं। चैनल पर नियमित गुणवत्तापूर्ण कंटेंट अपलोड करके अच्छी कमाई की जा सकती है। इस दौरान उन्होंने कंटेन्ट व वीडियो के बारे में टिप्स और ट्रिक्स भी बताये। आज यूट्यूब पत्रकारिता की ओर मुख्यधारा की पत्रकारिता भी परिवर्तित हो रही है चाहे समाचार पत्र हो या चैनल सभी वीडिओ कंटेन्ट के लिए यूट्यूब का ही प्रयोग कर रहे हैं। इसलिए आने वाले समय में डिजिटल मीडिया में कंटेन्ट क्रीएटर, वीडियो एडिटर, एंकर, ग्राफिक डिजायनर बनकर बहतरीन करियर बना सकते हैं। कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ दिवाकर अवस्थी ने बताया कि प्रतिभागियों ने यूट्यूब जर्नलिज़म के साथ ही वीडियो एडिटिंग, एडवांस वीडियो एडिटिंग, ओबीएस से लाइव स्ट्रीमिंग, कंटेंट स्ट्रेटजी एंड प्लानिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेसन एण्ड एनालिटिक्स, मोनेटाइजेसन, कोलेबोरेशन और नेटवर्किंग, लीगल व एथिकल के विषय में प्रयोगात्मक प्रशिक्षण प्राप्त किया। यूट्यूब की दुनिया में काम करने वाले प्रसिद्धि यूट्यूबर्स ने प्रैक्टिकल कराकर सभी को सिखाया। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, विभागाध्यक्ष डॉ योगेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि इस कोर्स के माध्यम से छात्रों को बदलते दौर के साथ डिजिटल पत्रकारिता और यूट्यूब पत्रकारिता की गुणवत्ता और बारीकियों को समझने का भरपूर अवसर मिला। सत्र के अंत में प्रतिभागियों ने यूट्यूब से जुड़े सवालों को विशेषज्ञ से पूछा। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ओमशंकर गुप्ता ने किया। डॉ. जितेंद्र डबराल, डॉ. रश्मि गौतम, प्रेमकिशोर शुक्ला, सागर कनौजिया रहे।

भाजपा का अभियान | कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय कार्यालय में हुई बैठक में जुटे पदाधिकारी व नेता

संविधान हत्या दिवस से लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगी खुशी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जिस पार्टी ने 50 साल पहले लोकतंत्र की हत्या करते हुए देश में आपातकाल घोषित किया था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाला गया था और मीडिया की आवाज को दबाने के लिए उनके दफ्तरों को सील कर दिया गया था। आज वही पार्टी लोकतंत्र और संविधान को बचाने की बात करती है और भोली भाली जनता ऐसे लोगों की बातों में आ भी जाती है। यह बात भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बैठक में कही। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने पदाधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही एनडीए सरकार ने देश में 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय लाखों लोकतंत्र सेनानियों या उनके परिजनों को निश्चित तौर पर खुशी देगा, जिनको लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए यातनाएं दी गई और अनेकों गंभीर आपराधिक मामलों में जेलों में ठूंसा गया। 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने से लाखों लोकतंत्र सेनानियों व उनके परिजनों को राहत देगा, जिन्होंने इंदिरा सरकार के द्वारा किए गए तुगलकी फरमान को झेला था। विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि 25 जून 1975 को आपातकाल लगाकर लोकतंत्र को दबाया गया था और संविधान की कुचल का हत्या की गई थी। उस समय मां प्रेमलता कटियार के साथ वह भी जेल में थी। तब उनकी उम्र दो वर्ष की थी। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि आपातकाल में स्व.पिता गौरीशंकर अवस्थी को भी रात में घर से उठाकर जेल में ठूंसा गया था। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, पूनम द्विवेदी, जिलाध्यक्ष दीपू पाण्डेय, शिवराम सिंह, पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष वीना आर्या रहीं।

क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक करते भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल।

14 जुलाई को लखनऊ में प्रदेश कार्यसमिति बैठक

कानपुर। लखनऊ में स्थित डॉ.भीमराव आंबेडकर के प्रेक्षाग्रह में 14 जुलाई को भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होनी हैं, जिसमे कई अहम मुद्दे पर वार्ता होगी। बैठक में राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों के साथ ही राज्यसभा सांसद, लोकसभा प्रत्याशी, विधायक, एमएलसी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय पदाधिकारी, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष, प्रदेश मोर्चा महामंत्री, क्षेत्रीय मोर्चा अध्यक्ष, क्षेत्रीय मोर्चा महामंत्री, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, वर्तमान जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश अनुशासन समिति, प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश संयोजक, सहसंयोजक, सोशल मीडिया व प्रदेश मीडिया प्रभारी, मुख्यालय प्रभारी, सहकारिता प्रदेश संस्थाओं के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष और जिला अधिकारी बैंक के पदाधिकारी भाग लेंगे।

पत्नी को फंदे से लटकाने वाला सिपाही निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पत्नी को टॉर्चर करने और फांसी पर लटकाकर मारने का प्रयास करने वाले वाले सिपाही रविन्द्र कुमार को डीसीपी मुख्यालय ने निलंबित कर दिया है। पति पत्नी के बीच वो को लेकर हुए विवाद की जांच एडीसीपी पूर्वी कर रहे हैं। वहीं सिपाही, उसकी पत्नी और चमनगंज की दूसरी महिला के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। जिसमें सिपाही को 18 जुलाई तक का समय दिया गया है। मंगलवार को पुलिस लाइन में तैनात सिपाही रविन्द्र कुमार की पत्नी अधिकारियों के सामने पेश हुई थी। उनका आरोप था कि चमनगंज की एक महिला के चक्कर में पति ने धर्म परिवर्तन कर लिया और दो बार उन्हें जान से मारने का प्रयास भी किया। मारपीट का वीडियो और फांसी पर लटकाने का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। डीसीपी मुख्यालय आशीष श्रीवास्तव ने इसकी जांच एसीपी कैंट को सौंपी थी जो बुधवार को एडीसीपी पूर्वी व पुलिस लाइन लखन सिंह यादव को ट्रांसफर कर दी गई। एडीसीपी ने इस मामले में सिपाही, उनकी पत्नी और चमनगंज की महिला के बयान दर्ज कर लिए हैं।

स्कूल जाने के बजाय धान रोपाई कर रहे बच्चे

अभिभावक शिक्षा दिलाने की अपेक्षा पेट की आग बुझाने को दे रहे प्राथमिकता, बाधित हो रही शिक्षा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण अभिभावक बच्चों की शिक्षा से अधिक पेट पालने को तवज्जो दे रहे हैं। यही कारण है कि शिक्षकों द्वारा नामांकन बढ़ाने की जद्दोजहद के बीच परिषदीय विद्यालयों खासकर उच्च प्राथमिक विद्यालयों से औसतन 50 फीसदी बच्चे अनुपस्थित हो रहे हैं। लाख कोशिशों के बाद भी अध्यापक सहित अन्य शिक्षण स्टाफ का अभिभावकों पर बस नहीं चल पा रहा है।

बारिश शुरू होने के साथ धान उत्पादक इस जिले के ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह खेतों में धान रोपाई करते महिला व पुरुष खेतिहर मजदूर दिखाई देते हैं। पुरवा सहित कई तहसील क्षेत्रों में बहुतायत से धान की खेती होती है। धान रोपाई के चलते कई परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या 50 फीसदी तक घट गई है। विद्यालयों में खासकर उच्च प्राथमिक विद्यालयों से गायब होने वालों में छात्रों की अपेक्षा छात्राओं की संख्या अधिक है, क्योंकि वह अभिभावकों के साथ जहां खेतों में रोपाई में हाथ बंटाती हैं वहीं घरेलू कामकाज निपटाने सहित घर के छोटे बच्चों को संभालने का जिम्मा इन छात्राओं के कंधे पर डाल दिया जाता है।

अन्य जरूरतों पर खर्च हो जाती है डीबीटी धनराशि

उन्नाव। ड्रेस, स्वेटर, बैग व जूता-मोजा खरीदने के लिए शासन से डीबीटी के जरिए अभिभावकों के खातों में जाने वाले 1200 रुपए अन्य जरूरतें भी पूरी करते हैं। शिक्षकों ने कहा कि डीबीटी धनराशि का सही उपयोग कराने को दबाव बनाना शिक्षकों के लिए घातक हो सकता है। इसलिए अभिभावकों को समझाया ही जा सकता है। बच्चों को न विद्यालयों ने निकाला जा सकता है और न अभिभावकों से जबरदस्ती हो सकती है।

- **धान रोपाई के सीजन में विद्यालयों में अनुपस्थित हो रहे 50 फीसदी विद्यार्थी**

औरास ब्लाक निवासी दिनेश के मुताबिक गांव निवासी किसान

व खेतिहर मजदूरों की आजीविका खेती से ही चलती है। इसलिए सीजन पर आवश्यक होने पर खेती के काम में बच्चों का सहयोग लेना पड़ता है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुर (पड़री) के प्रधानाध्यापक एसके

कनौजिया ने कहा कि लाख कोशिशों के बाद भी अभिभावक एक जोड़ी ड्रेस ही खरीदते हैं। डीबीटी की धनराशि मिलते ही उससे अन्य जरूरतें पूरी कर लेते हैं।

बांगरमऊ निवासी रीता ने कहा कि खेती से ही परिवार का पेट पलता है।

इसलिए धान रोपाई में पूरे परिवार को जुटना पड़ता है। समय पर रोपाई न पूरी होने पर उपज घटेगी। जिससे भरण-पोषण मुश्किल होगा।

बांगरमऊ की राम दुलारी ने कहा कि कुछ दिन स्कूल न जाने पर पहाड़

नहीं टूटेगा। परिवार का गुजारा खेती से ही होना है। इसलिए बच्चों को शुरू से खेती में जुटाना पड़ता है। जिससे आगे चलकर भूखों न मरना पड़े।

परिषदीय शिक्षक महेंद्र सिंह कुशवाहा स्वीकार करते हैं कि कोई

अभिभावक पूरी धनराशि संबंधित मदों में नहीं खर्च करता है। एक ही ड्रेस से काम चलाया जाता है। अधिकांश बच्चों के पास जूते-मोजे नहीं रहते हैं।

विद्यालयों में न के बराबर पहुंच रहे बच्चे

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

सरैयां विद्यालय में पढ़ाई करते बच्चे। अमृत विचार

अमृत विचार। बच्चों को देश का भविष्य बनाने के लिये कुछ अभिभावक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और अपने बच्चों को नियमित परिषदीय स्कूलों में भेज रहे हैं। जहां वह पढ़ाई कर रहे हैं, वहीं सिकंदरपुर सरोसी और कर्ण ब्लॉक के परिषदीय स्कूलों की गुरुवार को अमृत विचार टीम ने जाकर पड़ताल की तो कक्ष में बच्चों की संख्या कम रही, मौजूद शिक्षकों ने बताया कि गरीब तबके के अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेजते हैं। इतना ही नहीं खाते में आने वाले धनराशि को भी निजी हितों में प्रयोग करते हैं। जिससे बच्चों के पास ड्रेस से लेकर कॉपी किताबें तक नहीं रहती हैं।

गंगाघाट क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्कूल चालो अभियान चलाया जा रहा है, गुरुवार को परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या बहुत कम दिखाई पड़ी। जब अमृत विचार टीम ने इसकी पड़ताल की और सरैयां प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों से पूछताछ कि तो बताया कि बच्चे कभी कम कभी ज्यादा आते हैं। इसके अलावा अन्य परिषदीय विद्यालयों में भी बच्चों की संख्या कम देखने को मिली। शिक्षकों ने बताया कि अभिभावक अपने बच्चों को घरेलू काम के अलावा खेती बाड़ी और धान की रोपाई में लगाये हुये हैं। रजवा खेड़ा के प्रधान शिक्षक रमाकांत ने बताया कि 1200 रुपये डीबीटी के जरिये अभिभावकों के खाते में ड्रेस, स्वेटर, बैग और जूता-मोजा के नाम पर आते हैं। इसके साथ ही 100 रुपये स्टेशनरी के सामान के लिये सरकार द्वारा भेजा जाता है। अधिकांश अभिभावक निजी हितों में इन रुपयों का प्रयोग करते हैं और बच्चों की पढ़ाई के लिये पठन पाठन सामग्री नहीं खरीदते हैं। अभिभावकों को काफी समझाने के साथ ही दबाव भी बनाया जाता है, इसके बावजूद बच्चे बिना ड्रेस के स्कूल आ रहे हैं। अभिभावकों की लापरवाही से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है।

4 करोड़ का सोना लेकर भागे दंपति व युवक की तलाश कर रही पंजाब पुलिस

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

अमृत विचार। थानाक्षेत्र के नीम टीकर गांव निवासी दो भाई बीते 15 साल से पंजाब प्रांत के होशियारपुर जिले के देशुआ थानांतर्गत रहकर सोने के गहने बनाने का काम कर रहे थे। बीती सात जुलाई को वे सोने के 16 कारोबारियों से करोड़ों का सोना व दो किलो चांदी गहने बनाने के लिये लेकर पत्नी समेत फरार हो गए। कारोबारियों ने तीनों के विरुद्ध देशुआ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके बाद पंजाब पुलिस उनकी तलाश में सोहरामऊ थाने पहुंची। जहां पंजाब व सोहरामऊ पुलिस आरोपियों के घर पहुंची लेकिन, वहां उनका कोई सुराग नहीं लग सका।

बता दें कि अमित व अखिलेश पुत्र मंगल प्रसाद और अमित की पत्नी आरती निवासी नीमटीकर करीब 15 साल से होशियारपुर जिले में रहकर सोने के आभूषण बनाने का काम कर रहे थे। वे बीती सात जुलाई को देशुआ थानाक्षेत्र निवासी राकेश कुमार, आकाशदीप वर्मा, अनुज वर्मा, विकास पाटिल समेत 16 सोना कारोबारियों का करीब चार करोड़ का सोना व दो किलो चांदी लेकर फरार हो गए। जिसकी शिकायत कारोबारियों ने देशुआ थाना में की। इस पर थाना प्रभारी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई और जांच थाने के एसआई हरपाल सिंह को दी। शुक्रवार को दरोगा हरपाल सिंह फोर्स के साथ आरोपियों की तलाश में सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव नीमटीकर पहुंचे। लेकिन वहां से आरोपियों की कोई जानकारी नहीं मिल सकी। क्योंकि बीते 15 साल से वे लोग पंजाब में ही रह रहे थे। उन लोगों का गांव बहुत कम आना होता था। इसके बाद पुलिस बैरंग ही गांव से वापस लौट आई।

अमित।

अखिलेश।

आरती।

- **पंजाब प्रांत के होशियारपुर जिले के 16 कारोबारियों का पार किया है सोना**

ट्रक चालक का मोबाइल व नकदी लेकर युवक फरार, दी तहरीर

पुरवा। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सदमपुर निवासी विशाल मौर्य ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ट्रक चालक है। बीती 27 मई को गांव के दीपक को साथ लेकर कबरई से गिट्टी लादकर लखनऊ जा रहा था। तभी दही-मोहन लालगंज मार्ग पर पुरवा क्षेत्र के तौरा गांव के पास स्थित एक ढाबा के पास रुककर खाना खाने लगा। इसके बाद दीपक ने किसी से बात करने के लिए उसका फोन लिया और वह फोन पर बात करने लगा। नींद आने पर वह ट्रक में सो गया। अगले दिन जब उठा तो दीपक वहां नहीं था। साथ ही उसका मोबाइल व ट्रक में रखे 30 हजार रुपए भी गायब थे। मोबाइल में बने फोन पे के जरिए भी दीपक ने खाते से 68 हजार रुपए निकाल लिए। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार बच्चा व युवक घायल

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आकर बाइक सवार बच्चा व युवक गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस से औरास सीएचसी भेजा। जहां डाक्टरों ने उन्हें गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है।

बता दें कि शुक्रवार को औरास थानाक्षेत्र के गांव आलमखेड़ा निवासी अरविंद (22) पुत्र छोटेलाल व रोशन (10) पुत्र पुतान निवासी मदारीखेड़ा बाइक से हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के ताला सरांय गांव में अपनी मौसी के घर जा रहे थे। तभी अचानक कांशीराम खेड़ा के पास एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर लखनऊ से आ रहे दूध लदे तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। अरविंद व रोशन गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद चालक मौके पर पिकअप छोड़कर भाग गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिकअप एक नाबालिग चला रहा था। लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस से औरास सीएचसी भेजा।

पेड़ से गिरकर किशोर गंभीर, रेफर

औरास। थानाक्षेत्र के गांव मिर्जापुर अजगांव निवासी सचिन (17) पुत्र हरिनाम पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था। तभी अचानक उसका पर फिसल गया और वह पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

सार-संक्षेप

60 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन महिला तस्कर गिरफ्तार

पुरवा उन्नाव। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आबकारी इंस्पेक्टर ने तहसील अंतर्गत दो थानाक्षेत्रों में छापा मारकर भारी मात्रा में कच्ची शराब के साथ तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। साथ ही महुआ लहन भी नष्ट किया गया है। आबकारी इंस्पेक्टर पुरवा निशांत सिंह ने शुक्रवार को आबकारी व पुलिस टीम के साथ तहसील क्षेत्र के मौरावां थानांतर्गत गांव करदहा, खानपुर व पुरवा कोतवाली अंतर्गत गांव मिर्रीखेड़ा में छापेमारी की। इसमें करीब 1100 किलो महुआ लहन नष्ट करने के साथ 60 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की गई। इस दौरान किरन पत्नी बबलू निवासी खानपुर मौरावां, रितु पत्नी मोनू निवासी करदहा मौरावां व रिंकी पत्नी स्व. गंगा सागर निवासी मिर्रीखेड़ा पुरवा को गिरफ्तार किया गया।

चेकिंग अभियान चला दो बसें, एक आटो रिक्शा किया सीज

बांगरमऊ उन्नाव। एसडीएम ने शुक्रवार को नगर के सभी मार्गों पर निजी बसों व आटो रिक्शा के प्रपत्रों की जांच की। इस दौरान वैध कागजात न देने पर दो बसों व एक आटो रिक्शा को सीज किया गया। जबकि पांच निजी बसों का चालान कर दिया। एसडीएम नम्रता सिंह ने सीओ अरविंद कुमार व कोतवाली प्रभारी राजकुमार के साथ नगर के प्रमुख उन्नाव-हरदोई रोड, संडीला रोड, लखनऊ रोड व बिल्हौर रोड पर निजी वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान दो बसों व एक आटो रिक्शा के चालक रजिस्ट्रेशन, बीमा व फिटनेस आदि नहीं दिखा सके।

शराब ठेके को चोरों ने बनाया निशाना

गंजमुरादाबाद। थानाक्षेत्र के गांव अवैक निवासी देशी शराब ठेके के सेल्समैन सिपाही लाल पुत्र सुखराम ने बेहटा मुजावर थाने में दी तहरीर में बताया कि बीती गुरुवार रात चोरों ने ठेका व कैंटीन का ताला तोड़ दिया और उसमें रखी 107 पौवा देशी शराब, 3500 रुपए नगदी व कैंटीन से पान मसाला और कोल्ड ड्रिंक की बोतलें सहित करीब 25 हजार रुपए का सामान चोरी कर भाग गए।

बेकरी संचालक से 60 हजार की टप्पेबाजी

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के एक बेकरी संचालक से टप्पेबाज ने जी पेय की आईडी बनाने व दुकान की फोटो खींचने के बहाने मोबाइल ले लिया और रफूचक्कर हो गया। बाद में टप्पेबाज ने मोबाइल से 60 हजार रुपये किसी खाते में स्थानांतरित कर दिए। टप्पेबाज दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। बता दें कि नगर क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर मिश्रा मार्केट के सामने अलोक गुप्ता की बेकरी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह एक बाइक सवार युवक उसकी दुकान आया और जी पेय की आईडी बनाने व दुकान की फोटो खींचने के लिए उसका मोबाइल मांगा। मोबाइल हाथ में आते ही टप्पेबाज पहले से स्टार्ट खड़ी बाइक से भाग गया। हालांकि दुकानदार उसे पकड़ने के लिए दौड़ा लेकिन, तब तक टप्पेबाज भीड़ में गुम हो गया था। दुकानदार ने आनन-फानन अपने दोनों सिम लाक कराए। लेकिन इसी बीच टप्पेबाज ने उसके मोबाइल से 60 हजार रुपए किसी खाते में स्थानांतरित कर लिए।

युवक को जहरीले कीड़े ने काटा

औरास उन्नाव। अपने बाबा के अंतिम संस्कार के लिए सरसों की पिंजी उठा रहे युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। बिगड़ती हालत देख परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बता दें कि औरास थानाक्षेत्र के मीठेपुर गांव निवासी कपिल पुत्र शियाराम (18) के बाबा चिरन्जू की पेट में दर्द उठने से गुरुवार देररात मौत हो गयी थी। उनके अंतिम संस्कार के लिए वह सरसों की पिंजी उठा रहा था तभी वहां बैठे जहरीले कीड़े ने उसके हाथ के अंगूठे में काट लिया। उसकी हालत में सुधार न होता देख उसे लखनऊ रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

गैंगस्टर एक्ट के दो दोषियों को तीन साल की सजा

उन्नाव। गैंग बनाकर अपराध करने के आरोप में 25 जनवरी-2011 को असोहा थानाक्षेत्र के कटेहरु गांव निवासी मुन्नू व सुरेश के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में असोहा पुलिस ने कार्रवाई की थी। एसओ गुलाब शंकर पांडेय ने उनके विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे जयवीर नागर ने शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, विश्वास त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी की दलील व साक्ष्य के आधार पर दोनो आरोपियों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 10-10 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

एनडीपीएस एक्ट के दो दोषियों मिली सजा

उन्नाव। दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर मोहल्ला निवासी ललित, राम नगर निवासी अमित मल्लाह को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे ममता सिंह ने शासकीय अधिवक्ता विनय प्रकाश शुक्ला व ममता सिंह की दलील व साक्ष्य के आधार पर ललित को 22 माह और अमित को 15 माह की सजा सुनाई है।

मारपीट के मामले में दो को मिली सात-सात साल की सजा

उन्नाव। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने मारपीट के मामले में दो युवकों को दोषी करार देते हुए उन्हें सात-सात साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर सात-सात हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि मौरावां थानाक्षेत्र गांव बसंत खेड़ा निवासी छेदी लाल ने 13 जनवरी-2015 को थाना में तहरीर देकर बताया था कि रामबरन पुत्र स्व. रामू, धनवीर पुत्र कल्लू व श्वेता पत्नी राम बरन ने उसे, उसकी पत्नी शकुंतला, बेटी प्रेमवती व कंचन को कूड़ा डालने के विवाद में लाठी-डंडों ने पीटा था। पुलिस ने तहरीर पर एनसीआर दर्ज की थी। आईओ कृष्णकांत यादव ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा में बढ़ोत्तरी करते हुए 17 अप्रैल-2015 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई फास्ट ट्रैक में पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता यशवंत सिंह की दलीलों व प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर एडीजे स्वतंत्र प्रकाश ने आरोपी रामबरन व धनवीर को दोषी करार देते हुए सात-सात साल की सजा सुनाई है।

भू-माफिया के खिलाफ करें कार्रवाई : जिलाधिकारी

उन्नाव। कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में शुक्रवार को डीएम गौरांग राठी ने कर एवं करेत्तर व राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक की। जिसमें कड़ा रुख जताया हुए नाराजगी व्यक्त की है। डीएम गौरांग राठी ने शुक्रवार को पन्नालाल सभागार में राजस्व एवं कर वसूली की समीक्षा की। जिसमें नगर विकास, वन, परिवहन, भूमि अध्यापित, राजस्व, खनन, कृषि, श्रम, मत्स्य, वाणिज्यकर, आबकारी, विद्युत आदि से पिछले वर्ष में आवंटित लक्ष्य की जानकारी ली। साथ ही लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली करने वाले विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया। प्रवर्तन कार्यो में तेजी लाते हुए। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कर एकत्र करे। डीएम ने कहा कि वादों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में कराना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि आय व जाति प्रमाण पत्र जारी करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी एसडीएम व तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्रों में गुड प्रैक्टिस को अमल में लाएं।

घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

पैर फिसलने से नाले में गिरा अधेड़, डूबने से हुई मौत

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के गांव सल्हारी खेड़ा निवासी अधेड़ शुक्रवार दोपहर पड़ोसी गांव डड़िया जा रहा था। तभी वह रास्ते में स्थित गहरे नाले में लड़खड़ाकर गिर पड़ा। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई।

बता दें कि सल्हारी खेड़ा निवासी रामू (58) शुक्रवार दोपहर किसी काम से पड़ोसी गांव डड़िया जा रहा था। तभी रास्ते में पड़े गहरे नाले में वह फिसल कर गिर गया। नाले के गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने उसका शव नाले में उतराता देख सूचना परिजनों को दी। खबर पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। शादी के समय से ही रामू अपनी ससुराल सल्हारी खेड़ा में ही रह रहा था।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत साथी घायल

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कल्याणी देवी निवासी राजेंद्र की भैंस बीते दिन कहीं चली गई थी। अपनी खोई भैंस को खोजने के लिए वह मोहल्ले के राजकुमार के साथ बाइक से क्षेत्र के दोस्ती नगर गया था। वहां से लौटते समय दोनों हरदोई-उन्नाव मार्ग पर सैय्यद अब्बासपुर गांव के पास सड़क किनारे किसी काम से खड़े थे। तभी अचानक पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी दोनों काफी दूर जाकर गिरे। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ में कुछ लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल की इमरजेंसी में उपचार के लिए भर्ती करवाया। जहां डाक्टर ने राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं, राजकुमार की हालत गंभीर बनी हुई है। राजेंद्र की मौत की सूचना पर पत्नी सोनी व दो बेटियां का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

सड़क हादसे में महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बेटे के साथ रिश्तेदारी में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही महिला बाइक का पहिया गड्ढे में जाने से उछलकर सड़क पर गिर गई। मुंह के बल गिरने से उसके गंभीर चोटें आ गईं। बेटा उसे सफीपुर सीएचसी लाया। जहां से जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए हादसों में आठ लोग घायल हो गए। जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव तिरवा दसगवां निवासी विवेक पुत्र रमेश चंद्र अपनी मां गीता देवी (48) को बाइक से सदर कोतवाली अंतर्गत कब्बाखेड़ा मोहल्ले निवासी रिश्तेदार संतराम के यहां शादी समारोह में शामिल होने आरहा था। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कस्बा से पहले बाबा ढाबा के पास बाइक का पहिया गड्ढे में जाने से महिला उछल कर नीचे गिर गई। मुंह के बल गिरने वह गंभीर घायल हो गई। बेटा उसे टेंपो से सफीपुर सीएचसी लाया। जहां उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई।

सोहरामऊ। थानाक्षेत्र के लालपुर चौराहे पर अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में लखनऊ जा रहे लोडर चालक ने ब्रेक ले ली। इससे पीछे दो कार व पीआरवी एक दूसरे में टकरा गए। इसमें पीआरवी चालक राकेश कुमार सहित कार चालकों को मामूली चोटें आई हैं।

औरास। थानाक्षेत्र के गांव आलमखेड़ा के मजरा गहरावां निवासी अरविंद (18) पुत्र छोटेलाल व मदारी खेड़ा निवासी रोशन पुत्र पुतान (13) बाइक की सर्विस कराकर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन से लौट रहे थे। तभी हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के ताला सराय गांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें उन्हें गंभीर चोटें आई। सीएचसी से उन्हे प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं थानाक्षेत्र के नरशा गांव निवासी रजनीश (30) पुत्र धनीराम की बाइक में हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के औरास-मोहान मार्ग पर कोरो कल्यान गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। थानाक्षेत्र के ही जमाल नगर मजरा गहरावां निवासी प्रदीप (16) पुत्र गिरधारी बाइक से सामान लेने गया था। जहां हादसे का शिकार हो गया।

बांगरमऊ। हरदोई जिला के थाना मल्लावां अंतर्गत गांव प्रेमी फुलई निवासी प्रियांशु (18) शुक्रवार को बाइक से बांगरमऊ आया था। अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। वहीं सुरसेनी निवासी प्रेम (53) पुत्र शिवपाल सिंह ई-रिक्शा से गिर कर घायल हो गए। गांव सहसराएं निवासी सीताराम (32) व गोलू (22) भी सड़क हादसे में घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

- **अलग-अलग जगह हुई घटनाओं में 8 लोग घायल**

अत्यवस्था औद्योगिक क्षेत्र दही स्थित फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं से किसान परेशान

फैक्ट्रियों की चिमनियां उगल रहीं जहरीला धुआं, जिम्मेदार मौन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सदर तहसील क्षेत्र के गांव ओरहर मोड़ स्थित एक फैक्ट्री इन दिनों आसपास के ग्रामीणों के लिये परेशानी का सबब बनी हुई है। इसकी चिमनियों से निकलने वाला जहरीला धुआं लोगों को परेशान किए है। आसपास के गावों में किसानों को खेतों में काम करना तक कठिन होता जा रहा है। किसानों की मानें तो फैक्ट्री से निकल रहे पानी से उनके खेतों में फसल की पैदावार भी घट गई है। वहीं लोग बड़ी संख्या में बीमार भी हो रहे हैं।

बता दें कि क्षेत्र के ओरहर मोड़ स्थित एक फैक्ट्री में गन्ने का बुरादा व उसकी लकड़ी जलाने के लिए प्रयोग की जाती है। जिससे प्लाई बनाई जाती है। फैक्ट्री में दो चिमनियां लगीं हैं। मानक विहीन कार्य करने के लिए छोटी चिमनी का प्रयोग कर जहरीला धुआं फैक्ट्री से निकाला जाता है। चिमनी छोटी होने से इसका धुआं मानकों के आधार पर ऊपर तक नहीं जाता है जिससे आसपास के क्षेत्र में भीषण दुर्गंध भी फैलती है। इस धुएं के कारण राहगीर व आसपास खेतों में काम करने वाले किसानों को आंख व श्वांस की बीमारियां बढ़ रही हैं। ओरहर व दरोगा खेड़ा गांव निवासी राम औतार, राज कुमार, छुट्टन, महेंद्र व विजय सिंह आदि ने बताया कि फैक्ट्री से निकलने वाला धुआं और उससे निकलने वाले कण उनकी फसलों पर जम जाते हैं। जिसे खाने से पशु बीमार हो रहे हैं। वहीं फैक्ट्री के पास से उन्नाव-पुरवा मार्ग निकला है। जिससे गुजरने वाले राहगीरों को धुएं के चलते निकलना मुश्किल होता है। वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं और कण से वन विभाग के पेड़ पौधों को भी काफी नुकसान हो रहा है। जल्द ही इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी। वहीं प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। किसानों ने संबंधित अधिकारियों से फैक्ट्री की जांच करने की मांग की है।

फैक्टी से निकलने वाला धुंआ राहगीरों व किसानों के लिए बना मुसीबत।

- **फैक्ट्री में लगीं दो चिमनियां, छोटी चिमनी के धुएं से है अधिक समस्या**

बोले जिम्मेदार

उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अनिल माथुर ने बताया कि ऐसी किसी फैक्ट्री की जानकारी हमें नहीं है। इस फैक्ट्री की उनके विभाग से एनओसी दी गई है या नहीं इसकी जांच करवाई जाएगी।

दो पक्षों में हुई मारपीट

अमृत विचार उन्नाव। बीते कई दिनों से सोशल मीडिया में की जा रही अभद्र पोस्टों के चलते हुए विवाद के बाद बीते गुरुवार दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मामला पूरे दिन चर्चा में रहा। मामले में एसपी आफिस के पास एक ओर से पहुंची युवक की पत्नी व मां द्वारा दूसरी ओर के युवक को चप्पलों से पीट दिया। इसके बाद मामले में देररात पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की। जिसमें महिला की तहरीर पर छेड़छाड़, मारपीट और लूट की रिपोर्ट दो लोगों के विरुद्ध दर्ज की गई। जबकि दूसरे पक्ष से एक युवक, उसकी पत्नी और मां के अलावा पांच छह अज्ञात लोगों के विरुद्ध मारपीट व लूटपाट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद मिश्र ने बताया दोनों पक्षों से मिली तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की।

अवैध संबंध में बाधा बनी पत्नी को पति ने उतार दिया मौत के घाट

पहले जमकर की पिटाई, अचेत होने पर साड़ी से गला घोंट कर की हत्या

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- बेटी से मिली जानकारी पर मायके वाले पहुंचे और पुलिस को दी सूचना
- चाचा की तहरीर पर पुलिस ने पति पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की

अमृत विचार। मौरावां थानाक्षेत्र के गुलरिहा गांव में अवैध संबंध का विरोध करने से नाराज पति ने पत्नी को पहले जमकर पीटा और उसके अचेत होने पर उसी की साड़ी से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। सुबह बड़ी बेटी ने मां को लहूलुहान हालत में पड़ा देख शोर मचाया तब परिजनों को इसकी जानकारी हुई। खबर पाकर मायके वाले पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सीओ के साथ घटनास्थल पर पहुंची फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। चाचा की तहरीर पर पुलिस ने पति पर रिपोर्ट दर्ज कर शव का पीएम कराया। इसमें उसके सिर व सीने सहित तीन अन्य चोटें मिली हैं।

आरती।

गुलरिहा गांव में आरती लोधी (40) का पति सुरेश जम्मू में ईंट भट्ठे में मजदूरी करता था। बारिश की वजह से भट्ठे में काम न होने से एक जुलाई को वह घर लौटा था। लेकिन, अपने घर न आकर वह क्षेत्र के पिंजरा गांव निवासी मौसा राजेश के घर चला गया। वहां कुछ देर रुकने के बाद अपनी ससुराल कटरा चेतराय चला गया। वहां से वह एक साथी महिला मजदूर के घर गया और वहीं रुक गया। गुरुवार रात जब वह घर लौटा तो पत्नी ने इसका विरोध किया तो दोनों में कहासुनी हो गई। इसके बाद देररात करीब एक बजे के बाद जब सभी सो गए तो सुरेश ने पत्नी आरती के सिर व सीने में वजनदार वस्तु से प्रहार कर दिया। इससे आरती अचेत हो गई। तब उसने उसी की साड़ी से गला कसकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने आत्महत्या का रूप देने के लिए उसके गले में फंदा कस गांठ भी लगा दी। लेकिन कमरे में कोई छल्ला न होने और आरती का वजन अधिक होने से उठाकर दूसरे कमरे तक नहीं ले जा सका। इसके बाद वह वहां से भाग निकला। सुबह करीब चार बजे सोकर उठी बेटी सोनम (14) मां का शव पड़ा देख चीख उठी। इस पर आरोपी की मां राजवती सहित अन्य परिजन पहुंचे और इसकी जानकारी मायके वालों को दी। आरती के चाचा नन्हा राम की सूचना पर एसओ व सीओ सोमनेंद विश्वास फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने बेटी के बयान भी दर्ज किए। चाचा की तहरीर पर पुलिस ने पति पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की और शव का पोस्टमार्टम कराया। चचेरे भाई विजय ने बताया कि आरती के माता-पिता की मौत हो चुकी है। उसके दो बेटी व बेटा है। सीओ ने कहा कि चाचा की तहरीर पर पति सुरेश लोध पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना के साथ आरोपी की तलाश की जा रही है।

पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

जुएं का भी लती है सुरेश

उन्नाव। पत्नी की हत्या कर फरार हुए सुरेश के भाई राकेश ने बताया कि सुरेश जुआं भी खेलता है। उसने अपनी पत्नी के रुपये व जेवर तक बेच डाले हैं। जब उसके पास कुछ नहीं बचा तो माता-पिता को परेशान करने लगा। उनसे भी जुएं के लिए रुपये मांगता था। उस पर गांव के कुछ लोगों की एक लाख रुपए की उधारी भी थी। इसलिए वह एक जगह काम नहीं करता था। अपनी कमाई अवैध संबंध वाली महिला को देता था।

एचटी लाइन टूटने से 9 घंटे फीडर 1 की गुल रही बिजली

शुक्लागंज उन्नाव। गुरुवार शाम विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान फीडर एक की जगह-जगह एचटी लाइन टूट गई। जिस कारण फीडर एक की आपूर्ति मध्य रात्रि तक बाधित रही। बिजली न आने पर गर्मी में लोग खासे परेशान रहे। नौ घंटे बाद टूटी एचटी लाइन की मरम्मत की गई। जिसके बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। आपूर्ति चालू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

गुरुवार शाम करीब छह बजे विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान फीडर एक को आने वाली हाईटेंशन लाइन बाबा खेड़ा के पास टूट गई। फीडर ट्रिप होने के बाद पैट्रोलिंग कर फाल्ट खोज कर लगभग तीन घंटा बाद सप्लाई चालू की गई लेकिन दस मिनट के बाद कंचन नगर में फिर से एचटी लाइन ब्लास्ट हो गई। जिस पर बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग शुरू की, देर रात फाल्ट मिलने के बाद बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। शुक्रवार की रात तीन बजे फाल्ट दुरस्त कर सप्लाई चालू की गई। लगभग 9 घंटा तक बिजली न आने से गायत्री नगर, भातू फार्म, अंबिका पुरम, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, आदर्श नगर, मंशा खेड़ा, परमसुख खेड़ा, रहमत नगर समेत करीब सत्रह मोहल्लों में रहने वाले हजारों परिवार उमस भरी गर्मी में बेहाल रहे। बिजली न आने से घरों के इनवर्टर तक धड़ाम हो गए।

फोरलेन पर चेकिंग करते एआरटीओ प्रवर्तन अधिकारी।

गंगाघाट कोतवाली में खड़ी सीज की गईं स्कूली वैन। अमृत विचार

स्कूली वाहनों के खिलाफ चलाया गया चेकिंग अभियान, हड़कंप

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- 6 वाहनों का हुआ चालान 3 को किया गया सीज

अमृत विचार। उन्नाव एक्सप्रेस वे पर हुये हादसे के बाद परिवहन विभाग हरकत में आया है। शुक्रवार परिवहन विभाग ने स्कूलों में चल रहे वाहनों पर शिकंजा कसते हुये चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान स्कूली वाहनों में अवैध रूप से चल रहे वाहनों की जांच पड़ताल की गयी तो तमाम गाड़ियों में कागज पूरे नहीं मिले, इसके साथ ही स्कूली बच्चों को भी मानक के अनुरूप बैठाया नहीं गया था। परिवहन विभाग द्वारा गाड़ियों के चालान व सीज की कार्रवाई की गयी। घटना के बाद प्राइवेट वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

एआरटीओ प्रवर्तन अधिकारी प्रथम अरविंद सिंह ने शुक्रवार सुबह शुक्लागंज राजधानी मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। सुबह स्कूलों में चल रहे वाहनों को रोककर चेकिंग की गयी। इस दौरान 6 वाहनों में कागजात पूरे न होने पर उनका चालान किया गया। वहीं 3 गाड़ियों में फिटनेस, बीमा न होने से उन्हें सीज करने के साथ ही गंगाघाट कोतवाली में खड़ा करा दिया गया। स्कूलों में चल रही प्राइवेट वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। अरविंद सिंह ने बताया कि स्कूल प्रबंधकों को बगैर फिटनेस, बीमा व जर्जर वाहनों को बच्चों को लाने व ले जाने के लिये प्रयोग न करने के निर्देश दिये गये थे, लेकिन बावजूद इसके बराबर शिकायत आ रही थी। जिसको लेकर चेकिंग अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि बगैर प्रशिक्षण प्राप्त चालक वाहन चलाते हैं। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा खतरे में रहती है। वहीं तमाम अभिभावकों की माने तो स्कूलों से बच्चों को लाने व ले जाने के लिये तमाम स्कूली वैन चलती है। जो पूर्णतया मानक विहीन होती है, लेकिन कोई अन्य व्यवस्था न होने के कारण बच्चों को स्कूल भेजना मजबूरी है।

कई बच्चों के छूटे स्कूल

शुक्लागंज से कानपुर के अलावा आस पास के स्कूलों में सैकड़ों छात्र पढ़ने के लिये स्कूली वैन से आते जाते हैं। सुबह के समय चेकिंग होने के कारण स्कूली वैन चालकों पर कार्यवाही होने पर तमाम बच्चे स्कूल नहीं पहुंच सके। जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हुई।

प्रदेश में गुंडाराज पूरी तरह से खत्म हुआ

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। शुक्रवार को पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत बाजपेयी कानपुर से लखनऊ जा रहे थे। जैसे ही वे राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर के पास पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोक लिया और फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया।

भाजपा पूर्व अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी कानपुर से लखनऊ जा रहे थे। जानकारी पर नगर के भाजपा कार्यकर्ता राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर के पास पहुंचे। सुबह लगभग दस बजे कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में गुंडाराज पूरी तरह से खत्म हो गया है, वहीं कुछ माफिया प्रदेश छोड़कर चले गये हैं। इसके साथ ही केन्द्र और प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा नेता केडी त्रिवेदी, अंकुर शुक्ला, विकास मिश्रा, राजकिशोर रावत, जितेन्द्र सिसोदिया, आदित्य त्रिपाठी, जितेन्द्र अवस्थी, दुर्गा तिवारी, सुरेश शुक्ला, सुरेश तिवारी, पप्पू तिवारी, अमरेन्द्र गुप्ता, अनुज तिवारी मौजूद रहे।

- राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत बाजपेयी का भाजपा पदाधिकारियों ने किया स्वागत

राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत बाजपेयी का स्वागत करते कार्यकर्ता।

जमीनी विवाद को लेकर युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कटहा दलनारायणपुर के गजिया खेड़ा निवासी एक युवक अपने आफिस पर बैठा था, तभी जमीनी विवाद को लेकर उसे मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गजिया खेड़ा निवासी सूरज गौतम ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि गुरुवार सुबह नौ बजे वह बाबा कुटी स्थित अपने आफिस में बैठा था, तभी जमीनी विवाद को लेकर राहुल, रोहित, रमेश उसके आफिस में घुस आये। जिसका उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया।

चेतावनी बिंदु के पास पानी स्थिर, कई घर जलमग्न

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- घरों के आस पास बाढ़ का पानी भरने से उठानी पड़ रही मुसीबतें
- बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन के लिए लगवाई गईं पांच नावें

अमृत विचार। पश्चिमी के बांधों से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण पिछले एक सप्ताह से गंगा के जलस्तर में तेजी से बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही थी, शुक्रवार को जलस्तर में मामूली बढ़ोत्तरी दर्ज होने के बाद चेतावनी बिंदु के पास जलस्तर स्थिर हो गया। जलस्तर बढ़ने के कारण पश्चिमी क्षेत्र के कई मोहल्लों में बाढ़ का पानी घुस गया। जिससे यहां के रहने वाले लोगों को मुसीबतें उठानी पड़ रही है।

पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में भारी बारिश होने से पश्चिम के बांधों में अधिक मात्रा में पानी एकत्र है। जिस कारण प्रतिदिन कई हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे शुक्लागंज की ओर तेजी से जलस्तर में बढ़ोत्तरी हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि गुरुवार शाम छह बजे गंगा का जलस्तर 111.460 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद शुक्रवार सुबह आठ बजे 111.530 मीटर जलस्तर दर्ज किया गया था। जो शाम पांच बजे तक स्थिर रहा। जो चेतावनी बिंदु 112 मीटर से 47 सेंटीमीटर दूर है। चौबीस घंटे के भीतर 7 सेंटीमीटर गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई। जलस्तर बढ़ने के कारण गोताखोर, सैय्यद कम्पांउंड, कर्बला, हुसैन नगर, चंपापुरवा, तेजीपुरवा, मनसुख खेड़ा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाढ़ का पानी पहुंच गया है। वहीं पश्चिमी इलाकों के निचले क्षेत्रों में पानी भरा। लेखपाल अशोक सैनी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पांच नावें लगवाई हैं।

हुसैन नगर में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

बैराज से छोड़ा गया पौने दो लाख क्यूसेक पानी

बैराज बांध से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को बैराज बांध से 1 लाख 83 हजार 4 सौ 35 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वहीं नरौरा 35 हजार 3 सौ 20 क्यूसेक और हरिद्वार 42 हजार 7 सौ 39 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिससे शुक्लागंज की ओर जल्द ही गंगा चेतावनी बिंदु पार कर सकती हैं।

किशोरी व युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र में इंटर की छात्रा का शव उसके घर में संदिग्ध परिस्थिति में लटका मिला। बैंक से लौटे पिता ने उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।

वहीं बिहार थानाक्षेत्र में पकरा बुजुर्ग गांव स्थित ससुराल में हुए पत्नी से विवाद के बाद युवक ने घर का कमरा बंद कर खुदकशी कर ली। दरवाजा तोड़कर कमरे में दाखिल हुई पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौतें होने की पुष्टि हुई है।

केस 01 सदर कोतवाली क्षेत्र के पीडी नगर मोहल्ला निवासी इंटर की छात्रा इरसिता (17) पुत्री सत्य प्रकाश अवस्थी सूने घर में फंदे से लटक गई। बेटे की फीस जमा करके बैंक से लौटे पिता ने बेटी को लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। किसी तरह फंदा काटकर उसे नीचे उतारा और जिला अस्पताल की इमरजेंसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर सुन शिक्षिका मां पूनम अस्पताल पहुंची और बेटी का शव देख बिलख उठी। इरसिता पढ़ने में तेज थी और उसके हाईस्कूल में 92 फीसदी अंक आए थे। उसका एक बड़ा भाई अंकुल उर्फ हिमांशु है। जो कानपुर के एक इंजीनियरिंग कालेज में पढ़ता है। पिता उसी की फीस जमा करने गए थे। इरसिता रोज की तरह स्कूल में परीक्षा देने गई थी। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। दरोगा प्रवीण पुंज ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट की जानकारी अभी उन्हें नहीं है।

पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद दिलीप के परिजन।

केस 02 बिहार थानाक्षेत्र के पकरा बुजुर्ग गांव में गुरुवार रात दिलीप (36) पुत्र बाबूलाल रावत कमरा अंदर से बंद कर छत में लगे हुक में दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गया। परिजनों ने दरवाजा बंद देख रोशनदान से अंदर झांका तो वह फंदे से लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जांच के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। दिलीप दिल्ली में मजदूरी करता था। लेकिन एक वर्ष से वह यहीं रहकर मजदूरी कर रहा था। बताते हैं कि उसकी पत्नी आशा 15 दिन पहले अपने मायके बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के टिकुरीमऊ गई थी। बीते रविवार को उसके साले की बरीक्षा व सोमवार को गोदभराई थी। दिलीप भी ससुराल गया था और पत्नी को साथ लौटने के लिए कहा। बताते हैं कि इसी को लेकर वहां कहासुनी हुई थी। इसके बाद उसने आत्महत्या कर ली।

कुंए में गिरे गोवंश को फायर कर्मियों ने निकाला

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कनिकामऊ गाव में एक गौवंश घूमते हुये कुंए में जा गिरा। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने फायर कर्मियों को दी। फायर कर्मियों ने मशक्कत कर उसे बाहर निकाला।

सिकंदरपुर सरोसी के ग्राम पंचायत कनिकामऊ गांव स्थित कुंए के पास एक गौवंश टहल रहा था, तभी वह कुंए में जा गिरा। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने गौ सेवकों को दी। जिस गौ सेवक पहुंचे और फायर बिग्रेड को सूचना दी। जिस पर फायर कर्मियों ने मशक्कर कर उसे बाहर निकाला।

प्रदर्शन के दौरान संबोधित करते शिक्षक। अमृत विचार

ऑनलाइन हाजिरी का विरोध, किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बीआरसी परिसर में आनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षकों ने शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन किया। इसमें जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष भईया लाल ने कहा कि शिक्षकों के हित की लड़ाई जारी रहेगी। यह लोकतांत्रिक देश है यहां जनाधार का सम्मान होता है। इसलिए हर हाल में एकजुट रहना होगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के सूर्यकांत यादव ने कहा कि कोई आनलाइन हाजिरी नहीं देगा। इस दौरान रवींद सिंह, शशांक सिंह, जितेंद्र, विक्रम सिंह, नीरज अग्निहोत्री, अमरदीप सिंह, दीपक कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

नाराजगी | शिक्षक बोले, कुछ दिनों के लिए दी गई थी जिम्मेदारी, मूल पद पर करते रहेंगे दायित्व निर्वहन

तीन ब्लाक के संकुल शिक्षकों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिले के तीन ब्लाक क्षेत्रों के संकुल शिक्षकों ने अतिरिक्त पदभार से इस्तीफा दे दिया है। बीईओ को संबोधित सामूहिक इस्तीफा पत्र में संकुल शिक्षकों ने कहा है कि उन्हें एक-दो वर्ष के लिए अतिरिक्त पद की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन चार वर्ष बाद भी नए लोगों का चयन नहीं किया गया है। इसलिए अब वह संकुल शिक्षक के पद के बजाय अपने मूल पद का उत्तरदायित्व ही संभालेंगे। हालांकि अभी किसी बीईओ ने इस्तीफा स्वीकार करने की पुष्टि नहीं की है।

विभिन्न गतिविधियों के संचालन के लिए परिषदीय शिक्षकों में से ही शंकुल शिक्षकों का चयन किया गया है। प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर पांच-पांच शंकुल शिक्षकों की तैनाती है। आमतौर पर प्रत्येक ब्लाक क्षेत्र में औसतन 15 न्याय पंचायत हैं। जिले के 16 ब्लाक क्षेत्रों में तकरीबन 1200 शंकुल शिक्षकों की तैनाती बताई जाती है, जो परिषदीय शिक्षा व्यवस्था के लिहाज से प्रेरक प्रदेश बनाने के लिए शिक्षक के साथ-साथ शंकुल शिक्षक के तौर पर गुणवत्ता संवर्धन का कार्य संभाल रहे हैं। राज्य कर्मियों की तरह विभिन्न अवकाश सहित निः शुल्क चिकित्सा सुविधा की मांग लेकर चल रहे परिषदीय शिक्षक आंदोलन के क्रम में शुक्रवार को बीघापुर, सिकंदरपुर कर्ण व बिछिया ब्लाक क्षेत्र के शंकुल शिक्षकों ने क्षेत्रीय बीईओ को संबोधित करते हुए इस्तीफा लिखा है, जिसमें संबंधित पद पर अन्य शिक्षकों का चयन न किए जाने से इस्तीफा दिए जाने की बात कही गई है। शंकुल शिक्षकों का कहना है कि अब वह यह अतिरिक्त जिम्मेदारी नहीं संभालना चाहते। इसलिए प्रावधानों के तहत अन्य शिक्षकों को शंकुल शिक्षक बनाया जाए। वह एक साल के बजाय लगातार चार वर्ष तक शंकुल शिक्षक की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। आपको बताते चलें कि प्रदेश के कुछ अन्य जिलों में शंकुल शिक्षक आंदोलन के दरम्यान पहले ही सामूहिक त्यागपत्र दे चुके हैं। शंकुल शिक्षक की तरह विभाग ने शिक्षकों को ही एआरपी व एसआरजी का पद दे रखा है। माना जा रहा है आंदोलन लंबा खिंचने पर शंकुल के बाद संबंधित शिक्षक भी मांगों को पूरा कराने के लिए इस तरह की पेशकश करेंगे। समाचार लिखे जाने तक किसी संकुल शिक्षक का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया था। बीईओ ने कहा कि सामूहिक इस्तीफा पत्र बीएसए के पास भेजा जाएगा।

सामूहिक इस्तीफा देने बीआरसी पहुंचे संकुल शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

गैर शैक्षणिक पद है संकुल शिक्षक

- शिक्षक संगठन शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य कराए जाने का लगातार विरोध करते आ रहे हैं, जिसमें पल्स पोलियो अभियान व जनगणना सहित अन्य कार्य शामिल हैं। शिक्षकों का कहना है इसीलिए शंकुल शिक्षकों ने गैर शैक्षणिक कार्यों संबंधित शंकुल शिक्षक पद से इस्तीफा दिया है।

डॉकतार कॉलोनी में चलाया गया सफाई अभियान

शुक्लागंज उन्नाव। शासन के निर्देश पर एक माह तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये शुक्रवार को डाकतार कॉलोनी में साफ सफाई कराई गई। इससे गलियां चमक उठीं।

चेयरमैन कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड-12 डॉक तार कॉलोनी पहुंचे। जहां कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ नालियों की सफाई कर एंटी लार्वा व चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई की गई। जिसके बाद पालिका कर्मियों ने सिल्ट हटाई। ईओ ने बताया कि इसी तरह अभियान चलाकर 31 जुलाई तक पूरे वार्डों में साफ सफाई कराई जायेगी।

घर से निकला युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा मनसुख खेड़ा निवासी एक युवक 10 जुलाई की शाम को घर से निकला। जिसके बाद से वह लापता हो गया। मां ने उसकी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। जिस पर मां ने गुमशुदगी दर्ज कराई है।

चंपापुरवा मनसुखखेड़ा निवासी स्व. मनोहर कश्यप की पत्नी संगीता ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उनका 23 वर्षीय बेटा अजय कश्यप 10 जुलाई को शाम करीब छह बजे घर से निकला था, जिसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। सुनीता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुये युवक की तलाश शुरू की है।

पति से झगड़े के बाद जेवर लेकर विवाहिता लापता

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक का पत्नी से झगड़ा हो गया। जिस पर पत्नी जेवर और नकदी लेकर घर से कहीं चली गई। पति की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी पत्नी उससे अकारण झगड़ती है। गुरुवार सुबह भी उसका झगड़ा हो गया। जिस पर वह घर से चला गया। शाम के समय वापस आया तो पत्नी को गायब देख उसने घर की तलाशी ली। जहां घर में रखे जेवर और नकदी गायब मिली। जिस पर उसने कोरारी गांव में रहने वाले एक युवक के साथ जाने का आरोप लगाया है।

मानेन रक्ष्यते धान्यमश्चान् रक्षत्यनुक्रमः।
अभीक्ष्णदर्शनं ग्राश्च स्त्रियो रक्ष्याः कुचैलतः॥

अनाज की रक्षा तौल से होती है, घोड़े की रक्षा उसे लोट -पोट कराते रहने से होती है, सतत् देखरेख से गायों की रक्षा होती है और सादा वस्त्रों से स्त्रियों की रक्षा होती है।

संपादकीय

ऐतिहासिक फैसला

बीते बुधवार को तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता संबंधी में सर्वोच्च न्यायालय का किया गया फैसला ऐतिहासिक और सामाजिक तानेबाने के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि पूर्व में भी मुस्लिम महिलाओं के गुजारा भत्ते संबंधी विवादों पर अदालतें सहानुभूति पूर्वक विचार कर चुकी हैं। करीब दो वर्ष पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि तलाक के बाद महिला को पति से गुजारा भत्ता पाने का पूरा हक है। हाल में आए सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक और सभ्य समाज के सभी लोगों ने स्वागत किया है। न्यायालय ने कहा है कि हर महिला को गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है, चाहे वह किसी भी धर्म की हो। गौरतलब है कि अभी तक मुस्लिम पर्सनल कानून के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं का गुजारा भत्ता तय होता था। शरीअत कानून के मुताबिक इद्दत की अवधि अर्थात तीन महीने की वह अवधि, जिसमें महिला किसी दूसरे के साथ विवाह नहीं कर सकती, तक ही तलाकशुदा महिला को गुजारा भत्ता दिया जा सकता है। हमारे समाज में आज भी अधिकतर महिलाएं विवाह के बाद पति पर निर्भर हैं। किन्हीं स्थितियों में पति उन्हें छोड़ देता है तो उनका भरण-पोषण मुश्किल हो जाता है। साथ ही जिन महिलाओं पर बच्चों को पालने की भी जिम्मेदारी हो उनका जीवन बहुत ही दुष्कर हो जाता है। बहुत सारी तलाकशुदा मुस्लिम औरतें दुबारा शादी नहीं करतीं, इसलिए केवल इद्दत तक गुजारा भत्ता पाने से उनके जीवन की मुश्किलें दूर नहीं हो पातीं। वहीं जो महिलाएं दूसरा विवाह कर भी लेती हैं, जरूरी नहीं कि उससे उनके बच्चों का उचित तरह से पालन-पोषण हो ही जाए। यहां सवाल यह है कि किसी महिला को केवल धर्म के आधार पर दूसरी महिलाओं से अलग क्यों माना जाना चाहिए?

भारत के नागरिक के तौर पर हर महिला को समान अधिकार मिलना चाहिए। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर भी बल दिया कि गुजारा भत्ता न्यूनतम नहीं, बल्कि पर्याप्त मात्रा का होना चाहिए यानी महिला सही से अपना गुजारा कर सके। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट ने 1986 कानून की नए सिरे से व्याख्या की है। उसने महिला को केवल महिला के रूप में देखा है और उसकी धार्मिक पृष्ठभूमि पर ध्यान देने की बजाय उसकी जरूरतों को प्राथमिकता दी है। साथ ही अदालत ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का विस्तार किया है कि वह चाहे तो सीआरपीसी की धारा-125 के तहत गुजारा भत्ता ले या 1986 कानून के तहत गुजारा भत्ता ले या दोनों के तहत ही अपने अधिकारों को हासिल कर ले। यह लिंग समता की दृष्टि से सराहनीय और स्वागतयोग्य फैसला है।

निराधार है आरक्षण समाप्त करने का विमर्श

डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

इसकी भी अपनी एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने 1882 में मूलतः जाति आधारित आरक्षण प्रणाली का विचार प्रस्तुत किया था। आज जो आरक्षण प्रणाली विद्यमान है, वह सही मायनों में 1933 में लागू की गई थी, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'कम्युनल अवार्ड' प्रस्तुत किया था।

भारत की सदियों पुरानी कर्म आधारित वर्ण व्यवस्था का समापन हुआ और वर्ण व्यवस्था के बदलाव के साथ जो विदेशी आक्रांताओं के भीभत्स नीतियों की वजह से भारतीय संस्कृति में विखंडन के कारण ही भारत में जाति व्यवस्था पनपी वही जाति व्यवस्था देश में आरक्षण प्रणाली की उत्पत्ति के लिए जिम्मेदार है। सरल शब्दों में कहें तो इसका उद्देश्य जनसंख्या के उस वंचित के उत्थान हेतु व समाज में समान स्थिति को पा सकें इसीलिए कुछ वर्गों के लिए सरकारी नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों और यहां तक कि संसद व राज्य विधानमंडलों में सीटों तक पहुंच को सुगम बनाया गया है। इन वर्गों को अपनी जातिगत पहचान की वजह से विदेशी आक्रांताओं और समाज के कुछ कट्टर वर्ग के कारण ऐतिहासिक रूप से अन्याय का सामना करना पड़ा। कोटा आधारित सकारात्मक कार्रवाई के रूप में, आरक्षण को सकारात्मक भेदभाव के रूप में भी देखा जा सकता है। भारत में यह भारतीय संविधान द्वारा समर्थित सरकारी नीतियों द्वारा शासित है।

इसकी भी अपनी एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। विलियम हंटर और ज्योतिराव फुले ने 1882 में मूलतः जाति आधारित आरक्षण प्रणाली का विचार प्रस्तुत किया था। आज जो आरक्षण प्रणाली विद्यमान है, वह सही मायनों में 1933 में लागू की गई थी, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड ने 'कम्युनल अवार्ड' प्रस्तुत किया था। इस निर्णय में मुसलमानों, सिखों, भारतीय ईसाइयों, एंग्लो-इंडियन, यूरोपीय लोगों और दलितों के लिए पृथक निर्वाचिका का प्रावधान किया गया। लंबी बातचीत के बाद गांधीजी और अंबेडकर ने 'पूना पैक्ट' पर हस्ताक्षर किए, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि एक ही हिंदू निर्वाचन क्षेत्र होगा, जिसमें कुछ आरक्षण होंगे। स्वतंत्रता के बाद शुरू में आरक्षण केवल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए ही प्रदान किया गया था। मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर 1991 में ओबीसी को आरक्षण के दायरे में शामिल किया गया था। मंडल आयोग संविधान के अनुच्छेद 340 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने दिसंबर 1978 में बी.पी. मंडल की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग आयोग की नियुक्ति की। आयोग का गठन भारत के 'सामाजिक और शैक्षणिक रूप

> हम कह सकते हैं कि आरक्षण अभी भी समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, किंतु इसका लाभ जिसको मिलना चाहिए उसको अवश्य मिले, साथ ही इसको ठीक से लागू करने की आवश्यकता है।

से पिछड़े वर्गों' को परिभाषित करने के मानदंड निर्धारित करने और उन वर्गों की उन्नति के लिए उठाए जाने वाले कदमों की सिफारिश करने के लिए किया गया था। मंडल आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि भारत की जनसंख्या में लगभग 52 प्रतिशत ओबीसी हैं, इसलिए 27 प्रतिशत सरकारी नौकरियां उनके लिए आरक्षित की जानी चाहिए। आयोग ने सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन के ग्यारह संकेतक विकसित किए हैं। हिंदुओं में पिछड़े वर्गों की पहचान करने के अलावा, आयोग ने गैर-हिंदुओं (जैसे-मुस्लिम, सिख, ईसाई और बौद्ध) में भी पिछड़े वर्गों की पहचान की है। इसने 3,743 जातियों की अखिल भारतीय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची तथा 2108 जातियों की अधिक वंचित "दलित पिछड़ा वर्ग" सूची तैयार की है।

1992 के इंद्रा साहनी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत कोटा बरकरार रखा, लेकिन उच्च जातियों के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए 10 प्रतिशत सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की सरकारी अधिसूचना को रद्द कर दिया। इसी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने इस सिद्धांत को भी बरकरार रखा कि कुल आरक्षण लाभार्थियों की संख्या भारत की जनसंख्या के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस निर्णय के माध्यम से 'क्रीमी लेयर' की अवधारणा को भी बल मिला तथा प्रावधान किया गया कि पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण केवल प्रारंभिक नियुक्तियों तक ही सीमित होना चाहिए तथा पदोन्नति तक नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। आरक्षण की आवश्यकता क्यों? देश में पिछड़ी जातियों के साथ हो रहे ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करना। पिछड़े वर्ग के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना, क्योंकि वे उन लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते, जिनके पास सदियों से संसाधनों और साधनों तक पहुंच रही है। राज्य के अधीन सेवाओं में पिछड़े वर्गों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना। पिछड़े वर्गों की उन्नति के लिए योग्यता के आधार पर समानता सुनिश्चित करना अर्थात् योग्यता के आधार पर न्याय करने से पहले सभी लोगों को समान स्तर पर लाया जाना चाहिए।

आरक्षण के विरुद्ध तर्क- राज्य सेवाओं में आरक्षण के कारण सरकारी कर्मचारियों में मतभेद और दुश्मनी पैदा हुई, जिससे कार्यस्थल पर माहौल खराब हुआ। आरक्षण नीति का उद्देश्य जाति को कायम रखना नहीं, बल्कि उसे समाप्त करना था, लेकिन जाति आधारित आरक्षण ने समाज में जाति की धारणा को ही कायम रखा है। आरक्षण की शुरुआत यह सुनिश्चित करने के लिए की गई थी कि ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों को संसाधनों तक समान पहुंच दी जाए, लेकिन आर्थिक प्रगति के बावजूद वे सामाजिक रूप से वंचित बने हुए हैं। आरक्षण आत्मसम्मान को नष्ट कर देता है, इतना अधिक कि अब सर्वश्रेष्ठ का निर्धारण करने के लिए नहीं, बल्कि सबसे पिछड़े का निर्धारण करने के लिए प्रतिस्पर्धा हो रही है। आरक्षण योग्यतावाद का सबसे बड़ा दुश्मन है, जो कई प्रगतिशील देशों की नींव है। यह वर्गीय निष्ठाओं और आदिम पहचानों का आह्वान करके संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने का एक उपकरण बन गया है। पिछड़ी जातियों के भीतर प्रभावशाली और कुलीन वर्ग ने अपने ही लोगों का आरक्षण का लाभ हड़प लिया है और पिछड़ी जातियों के भीतर सबसे अधिक हाशिए पर पड़े लोग हाशिए पर ही बने हुए हैं। आरक्षण समावेशन के बजाय बहिष्कार का तंत्र बन गया है, क्योंकि कई सामान्य एवं सवर्ण जाति के गरीबों को भी भेदभाव और अन्याय का सामना करना पड़ रहा है, जिससे समाज में निराशा पैदा हो रही है। आरक्षण की बढ़ती मांग के पीछे कारण आरक्षण को अब गलत सोच वाली विकास नीतियों के प्रतिकूल प्रभावों के समाधान के रूप में देखा जाने लगा है। हरियाणा, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे विकसित राज्यों में उनकी अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत बेहतर होने के बावजूद, तीन बातें लोगों को चिंतित कर रही हैं: तीव्र कृषि संकट, रोजगार वृद्धि में स्थिरता और विकास पथ में विकृतियां। इस पृष्ठभूमि में सरकारों के लिए आरक्षण की बात करना, सुधार करने से कहीं अधिक आसान है। सवर्ण जातियों में आरक्षण की बढ़ती मांग भी विशेषाधिकार खोने के डर और बदलाव से निपटने में असमर्थता से उत्पन्न हो रही है। उच्च जातियों के लोग विशेषकर सरकारी नौकरियों के मामले में वंचित महसूस करने लगे हैं, क्योंकि उन्हें पिछड़े वर्गों के समान लाभ नहीं मिलता। आरक्षण का लाभ वंचित जातियों के बहुसंख्यक वंचित बच्चों को मिलना चाहिए, न कि जातिगत टैग वाले कुछ विशेषाधिकार प्राप्त बच्चों को। उच्च पदस्थ अधिकारी परिवारों, उच्च आय वाले पेशेवरों और एक निश्चित आय से ऊपर के अन्य लोगों को विशेष रूप से सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। आरक्षण के माध्यम से प्रत्येक समुदाय के जरूरतमंद व्यक्ति की निष्पक्ष एवं व्यावहारिक तरीके से मदद करना संभव एवं आवश्यक है।

आरक्षण की प्रक्रिया से वास्तविक आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों को छांटकर न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए। जमीनी स्तर पर शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव समय की मांग है। आगे बढ़ने का रास्ता-आरक्षण उचित है, क्योंकि यह समाज के दलित और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए उचित सकारात्मक भेदभाव प्रदान करता है, लेकिन जब यह समाज को नुकसान पहुंचाता हो और संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दूसरों की कीमत पर कुछ लोगों को विशेषाधिकार सुनिश्चित करता हो तो इसमें यथाशीघ्र परिवर्तन कर दिया जाना चाहिए। आरक्षण से बाहर रखे गए समुदाय, आरक्षण श्रेणी में शामिल जातियों के प्रति द्वेष और पूर्वाग्रह रखते हैं। जब अधिकतर लोग आगे बढ़ने की बजाय पिछड़ेपन की आकांक्षा रखते हैं तो देश स्वयं स्थिर हो जाता है। पिछड़ों के लिए न्याय, अगड़ों के लिए समानता तथा संपूर्ण व्यवस्था की दक्षता के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति अपरिहार्य है। अतः हम कह सकते हैं कि आरक्षण अभी भी समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, किंतु इसका लाभ जिसको मिलना चाहिए उसको अवश्य मिले, साथ ही इसको ठीक से लागू करने की आवश्यकता है। यह संवैधानिक उपबंध है कोई भी सरकार इसको समाप्त करना तो छोड़िए छेड़ भी नहीं सकती है। आरक्षण समाप्त करने का 'विमर्श' निराधार है।

प्रसंगवश

बुद्ध और युद्ध का गले मिलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी रूस यात्रा पूरी कर ली। मोदी वहां पहुंचने पर ही रूस ने यूक्रेन के एक अस्पताल पर गोलाबारी की, जिसमें 29 बच्चे मारे गए। घटना की सभी मानवतावादी शक्तियों ने निंदा की। मोदी ने यह मुद्दा रूसी राष्ट्रपति के सम्मुख उठाया भी और आहत दिखे। आगे चलकर आस्ट्रिया में उन्होंने फिर कहा कि 'हमने संसार को बुद्ध दिए, युद्ध नहीं'। उन्होंने 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद भी रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा था कि 'यह युद्ध का काल नहीं है'। उनकी बात बिल्कुल नहीं मानी गई, रूसी आक्रमण जारी रहे और अब तक दोनों तरफ की कई लाख जाने जा चुकी हैं, जिनमें कुछ भारतीय भी हैं, लेकिन उन्होंने इस दौरे में पुतिन को गले लगाया और यह फोटो बहु प्रचारित हुई तथा आलोचना की विषय बनी।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अमेरिका व पश्चिम ने तो कटुता दिखाई ही, वहां के प्रेस ने भी मोदी को कटघरे में खड़ा किया। चीन के मुखपत्र "ग्लोबल टाइम्स" ने भी चटखारे लिए। फिर भी मोदी न केवल गले मिले, बल्कि उन्होंने रूस का सर्वोच्च सम्मान भी ग्रहण कर लिया, जो चीनी राष्ट्रपति को पहले ही मिल चुका है। अजरबैजान और कजाकिस्तान के राष्ट्र प्रमुख भी इससे पहले ही नवाजे जा चुके हैं। मालूम हो कि हमारे प्रबल शत्रु चीन से रूस की 'असीमित' मित्रता है, ऐसा दोनों राष्ट्र घोषित कर चुके हैं। 1962 में भारत पर चीनी आक्रमण के समय रूस के सरकारी अखबारों ने चीन को 'भाई' और भारत को सिर्फ 'दोस्त' बताया था। यानी चीन के मुकाबले रूस भारत के पक्ष में कभी नहीं खड़ा होगा।

बहरहाल अपने को बुद्ध देने वाला कहकर युद्धप्रेमी पुतिन को गले लगाने पर गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई याद आ गई, "दोउ न होइं इक संग भुवालू। हंसब ठठाइ फुलावब गालू"।। क्या अब जब कि रूस भारत की शांति अपील नहीं मान रहा और न सिर्फ युद्ध जारी है, बल्कि नागरिक हत्याएं भी की जा रही हैं, तब भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस की पक्षधरता करने की अपनी नीति बदलेगा?

पहले जीवित कंप्यूटर का सृजन

स्विट्जरलैंड के वैज्ञानिकों ने विश्व के पहले जीवित कंप्यूटर का सृजन किया है। यह मानव के मस्तिष्क के ऊतकों से बनाया गया है, लेकिन यह ऊतक मानव के मस्तिष्क से नहीं लिए गए हैं वरन इन्हें प्रयोगशाला में बनाया गया है। इस कंप्यूटर में 16 अंगक हैं। यह अंगक प्रयोगशाला में विकसित की गई मस्तिष्क की कोशिकाओं- अर्थात् न्यूरॉन्स का समूह हैं। मस्तिष्क की कोशिकाओं के यह समूह आपस में सूचनाओं का आदान-प्रदान उसी प्रकार करते हैं जैसे एक कंप्यूटर में कंप्यूटर चिप्स करती हैं। ये न्यूरॉन्स दूसरे न्यूरॉन्स को संदेश भेजते और प्राप्त करते हैं और कंप्यूटर सर्किट्स बनाते हैं।

यह जीवित कंप्यूटर अभी प्रयुक्त होने वाले मशीनी कंप्यूटर के मुकाबले 10 लाख गुना कम ऊर्जा खर्च करता है। इस दुनिया के सबसे अच्छे कंप्यूटरों में से एक-हैवलेट पैकार्ड एंटरप्राइजेज फ्रंटियर का कंप्यूटर-जिस गति से कार्य करता है और जितनी मैमोरी रखता है, नया विकसित जीवित कंप्यूटर उसी गति से काम करता है और उससे 1000 गुना अधिक मेमोरी रखता है। यह केवल 10 से 20 वाट ऊर्जा खर्च करता है, जबकि मशीनी कंप्यूटर 21 मेगावाट अर्थात् 2 करोड़ 10 लाख वाट ऊर्जा खर्च करता है। यह कंप्यूटर फाइनल स्पार्क कंपनी द्वारा विकसित किया गया है। यह कंपनी बायोलॉजिकल न्यूरल नेटवर्क विकसित करने का कार्य करती है। इस कंपनी के सह सीईओ डॉक्टर फ्रेड जॉर्डन ने एक समाचार पत्र को बताया कि ये बातें अभी तक विज्ञान कथाओं में मिलती थीं, जो अब एक सच्चाई है। यह जीवित कंप्यूटर एक कृत्रिम मस्तिष्क ही होता है। इसके अंगक छोटे-छोटे, स्वयं को व्यवस्थित करने की क्षमता रखने वाले, 'टिशू कल्चर्स' होते हैं, जो

डॉ. राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

> इस नए जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर का नाम ब्रेनोवेयर है। यह जीवित कंप्यूटर तारों और मानव-मस्तिष्क का संगम होता है, जो प्रयोगशाला में बनाया जाता है और काम करता है।

'स्टेम सेल्स' से बनाए जाते हैं। स्टेम सेल्स भ्रूण की वह कोशिकाएं होती हैं, जो किसी भी प्रकार की कोशिकाओं में विकसित हो सकती हैं। इन ही से एक भ्रूण के शरीर के सभी अंगों की कोशिकाएं बनती हैं। इन स्टेम सेल्स का चिकित्सा विज्ञान में बहुत महत्व है। इनसे हम विभिन्न प्रकार के अंग बना सकते हैं और उन्हें मनुष्यों में लगा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इन स्टेम सेल्स को लेकर उन्हें लगभग एक महीने तक संवर्धित किया और उन्हें न्यूरॉन्स के रूप में विकसित कर लिया। अभी प्रयोगशाला में बनाए गए ये छोटे-छोटे मस्तिष्क लगभग 10,000 जीवित न्यूरॉन्स से बने हुए हैं। इन अंगकों अर्थात् जीवित कंप्यूटर को डोपामीन दवा की खुराक देकर प्रशिक्षित किया जाता है। जब ये कोई कार्य अच्छी प्रकार से कर लेते हैं तो इन्हें डोपामीन की खुराक दी जाती है। डोपामीन वह हॉरमोन है, जिससे हमारा मस्तिष्क प्रसन्नता का अनुभव करता है। प्रयोगशाला में उन न्यूरॉन्स को डोपामीन देने पर वह खुशी का अनुभव करते हैं और वह यह समझ जाते हैं कि उन्हें यह अच्छा कार्य करने का पारितोषिक दिया गया है। यह वैसा ही है जैसा किसी पशु को प्रशिक्षण देते समय अच्छा कार्य करने पर उसे पारितोषिक के रूप में भोजन दिया जाता है अथवा उसका स्वामी उसे दुलारता है। यह डोपामीन बाहर से नहीं दिया जाता है, बल्कि उस कृत्रिम मस्तिष्क के अंगकों के विशेष भागों पर प्रकाश डाला जाता है। इससे वह न्यूरॉन्स उद्दीपित होकर डोपामीन का स्राव करते हैं। मानव के मस्तिष्क में भी ऐसा ही होता है। कुछ उद्दीपनों और भावनाओं से उद्दीपित होकर मानव का मस्तिष्क डोपामीन अर्थात् हैप्पी हार्मोन स्रावित करता है और मनुष्य अर्थात् मनुष्य का मस्तिष्क प्रसन्नता का अनुभव करता है। इन छोटे-छोटे मस्तिष्कों में से हर मस्तिष्क आठ इलेक्ट्रोड्स से घिरा होता है, जो इन मस्तिष्कों की एक्टिविटी को नापते हैं। इसके न्यूरॉन्स के डेन्ड्राइट्स के परस्पर जोड़ अर्थात् साइनेप्सेज में अंतर आता जाता है। ठीक यही कार्य हमारे मस्तिष्क में भी होता है। हमारे कोई नई बात सीखने अथवा याद रखने में हमारे मस्तिष्क के इन साइनेप्सेज में अंतर आता है। हम इसी विधि से कोई बात याद रखते हैं, कोई बात सीखते हैं। यह क्षमता परंपरागत कंप्यूटर्स में नहीं होती है। इसे 'वेटवेयर' कहते हैं अर्थात् सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर का संगम।

इस नए जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर का नाम ब्रेनोवेयर है। यह जीवित कंप्यूटर तारों और मानव-मस्तिष्क का संगम होता है, जो प्रयोगशाला में बनाया जाता है और काम करता है। इससे डाटा भेजे और प्राप्त किए जा सकते हैं, गणनाएं की जा सकती हैं और डाटा को मेमोरी में स्टोर किया जा सकता है। इस जीवित मस्तिष्क कंप्यूटर को एक सूक्ष्म तरल कोष्ठ में रखा जाता है जो कोशिकाओं को जीवित रखने के लिए आदर्श स्थिति प्रदान करता है।

सोशल फोरम

बढ़ता दिखावा

अगर कभी ऊपर वाला चींटी समान किसी लघु और कुरूप रूप में हमारे सामने आ जाए और खुद को इस सृष्टि का निर्माता बताए तो हमें सहसा विश्वास नहीं होगा। उससे पहला सवाल तो हमारा यही होगा कि आप इतने छोटे क्यों? इस विशाल सृष्टि के निर्माता को तो विशाल और सुंदर होना चाहिए। ठीक हमारी कल्पना के अनुरूप। दरअसल एक पावरफुल ऊपर वाले की कल्पना हम लघु रूप में कर ही नहीं सकते। हमारी कल्पना का ऊपर वाला विशाल और सुंदर ही होगा। उसके स्टेटस को बनाए रखने के लिए हमें उसकी चीजें भी विशाल और भव्य ही बनानी होंगी। यही वजह है कि ऊपर वाले के निवास स्थान को भव्य और विशाल बनाया जाता है। उससे जुड़ी हर चीज बड़ी-बड़ी और बड़ी, भव्य भव्य और भव्य होनी चाहिए। आम इंसान जब तक चमत्कृत न हो तब तक फायदा क्या।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

कभी राम नवमी के झंडे और ताजिए को देखिए। इन्हें इतना लंबा ऊंचा बनाने की कोई और वजह होगी। हमारे शहर में रामनवमी के दिन जब जुलूस निकलता है। उस समय दोपहर से रात उस समय तक बिजली कटी रहती है जब तक सभी झंडे पार न हो जाएं।

पिछले दिनों रथ यात्रा के दौरान भगवान बलभद्र की मूर्ति गिर गई, जिससे कई लोग जख्मी हो गए। मुझे नहीं पता कि भगवान बलभद्र की मूर्ति कितनी विशाल और भारी थी, लेकिन ये पता है कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथों की ऊंचाई लगभग 45 फीट होती है। इतने विशाल रथ देख क्या आपकी भक्ति में इजाफा नहीं होता। धर्म स्थलों की ऊंचाई, खूबसूरती और धार्मिक आयोजनों की भव्यता का आग्रह क्या ऊपर वाले का रहता है? ये निश्चित ही मानव मन की कल्पना है।

आज जिस रूप में हम किसी आयोजन को देख रहे हैं ये जरूरी नहीं कि शुरू से उसका यही स्वरूप रहा हो। समय के साथ इनकी भव्यता और विशालता में इजाफा ही होता है। जिन्हें हम परंपरा कहते हैं, उनमें भी नित परिवर्तन होता रहता है। सवाल है कि सादगी से हम किसी आयोजन को क्यों नहीं कर सकते? हल्ला-गुल्ला शोर-शराबा और दिखावा बढ़ता ही क्यों जा रहा है? **-फेसबुक वॉल से**

पहली महिला चीफ जस्टिस ने कैसे अवसाद से खुद को बचाया

दिल्ली हाईकोर्ट की पहली महिला जस्टिस। हाईकोर्ट में देश की महिला चीफ जस्टिस। शादी के बाद पढ़ाई छूट गई। पति की लंदन तैनाती के दौरान फिर कॉलेज में दाखिला लिया। कानून की डिग्री सर्वोच्च स्थान के साथ हासिल की। पहले कलकत्ता और फिर पटना हाईकोर्ट में वकालत की। बाद में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस के पद से रिटायर हुईं।

रिटायरमेंट के कुछ महीने बाद लीला सेठ खुद को खाली और अकेला महसूस करने लगीं। उनकी रूटीन अस्त-व्यस्त हो गई। सोने-जागने का कोई तय वक्त नहीं रह गया। किसी चीज में कोई दिलचस्पी नहीं रही। वे अवसाद में जाने लगीं। उन्होंने अपने मित्र डॉक्टर के.पी. जैन को समस्या बताई। जैन ने कहा कि 55 वर्षों की व्यस्त दिनचर्या के बाद हुए इस खालीपन से तालमेल बिठाने में कुछ समय लगेगा।

राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

लीला सेठ के मशहूर लेखक पुत्र विक्रम सेठ ने उन्हें कुछ पुस्तकें भेंट करके जोश भरी कहानियां पढ़ने के लिए प्रेरित किया। पढ़ने के साथ लीला सेठ ने अवसाद के कारणों का आकलन शुरू किया। जरूरी लगा कि जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए कोई सार्थक काम और रूटीन होना चाहिए। यह पर्यावरण कानून से जुड़ा नौ महीने का "वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर" कोर्स था। फिर उस कोर्स को पढ़ने के लिए 62 की लीला सेठ उन विद्यार्थियों बीच बैठ गईं, जिनकी अधिकतम उम्र 26 थी। यहां तक कि संस्थान के निदेशक की उम्र चालीस थी। साथ बैठे विद्यार्थी और फैकल्टी नहीं समझ पाती थी, कि उनके साथ कैसे पेश आएं? लेकिन लीला जल्द ही उनके बीच घुल-मिल गईं। उनके साथ क्विज और अन्य प्रतियोगिताओं में शामिल होने लगीं। सिर्फ एक दिक्कत थी। साथी सोचते थे कि रिटायर्ड चीफ जस्टिस को सब कुछ आता होगा। अपनी आत्मकथा में उन्होंने लिखा "लेकिन सच यह था कि बाकी विद्यार्थी जवाबों में जितनी गलतियां करते थे, मेरी गलतियां भी उसी के आसपास होती थीं।

इस कोर्स के क्लास अपरान्ह तीन बजे से पांच बजे तक के होते थे। इसके लिए उन्हें नोएडा से दिल्ली के डब्लूडब्लूएफ सेंटर जाना रहता था। लीला सेठ ने कोशिश की कोई क्लास मिस न हो। रोज बिस्तर से उठकर क्या करूं, के निट्ठलेपन अहसास से उन्हें फुर्सत मिली। रुचि की पढ़ाई और युवाओं के साथ ने जिंदगी में अभी और भी बहुत कुछ करने को बाकी रहने का भरोसा दिया। फील्डवर्क के लिए वे राजस्थान नहीं जा सकी थीं, लेकिन निदेशक डॉक्टर छत्रपति सिंह और अन्य विद्यार्थियों के साथ उड़ीसा के गड़ीमाता तट पर नसीबाला में वह ओलिव रिडली समुद्री कछुओं को बचाने की मुहिम में वे शामिल हुईं। डिप्लोमा कोर्स पूरा करने के बाद डब्लूडब्लूएफ के अध्यक्ष डॉक्टर स्वामीनाथन के प्रस्ताव पर वे इसके बोर्ड ऑफ ट्रस्टी में भी शामिल हुईं। वहां की उपाध्यक्ष भी रहीं। वहां रहते वे पर्यावरण से जुड़े कानूनों के विकास में दिलचस्पी लेती रहीं। जोड़ी सलामत रहे की दुआएं और आशीर्वाद पति -पत्नी के रिश्तों के लिए आम हैं। पर उस मंजर की सोचिए, जब हाईकोर्ट में किसी महिला और पुरुष जज की खंड पीठ किसी मामले की सुनवाई कर रही हो। वे फैसला दें और फिर वहां फैसले से खुश कोई बुजुर्ग महिला दोनों हाथ उठाकर जोर-जोर से उन जजों को "जोड़ी सदा सलामत रहने" का आशीर्वाद दोहराने लगे। लीला सेठ ऐसे ही एक दिलचस्प अनुभव से रूबरू हुई थीं।

जस्टिस लीला सेठ और जस्टिस राजेंद्र सच्चर की खंड पीठ एक क्रिमिनल अपील की सुनवाई कर रही थी। यह अपील निचली अदालत द्वारा हत्या के मामले में एक युवक को आजीवन कारावास की सजा दिए जाने के खिलाफ थी। अपील की सुनवाई और रिकार्ड के परीक्षण के बाद पीठ ने युवक को दोषी सिद्ध किए जाने के पर्याप्त कारण नहीं पाए। आरोप को खारिज करते हुए पीठ ने युवक को दोषमुक्त करते हुए रिहाई के आदेश दे दिए। ग्रामीण पृष्ठभूमि के आरोपी युवक की मां फैसले के समय अदालत में मौजूद थी। उसकी खुशी का ठिकाना नहीं था। उसने दोनों हाथ उठाकर जोर-जोर से जोड़ी (जस्टिस सच्चर और जस्टिस लीला सेठ) के हमेशा सलामत रहने की दुआएं देना शुरू कर दिया। संकोच में पड़े दोनों जज फिक्रमंद थे कि उनके असली जीवन साथी क्या सोचेंगे? लेकिन जोड़ी की सलामती के सवाल पर जस्टिस लीला सेठ को दिल्ली जिमखाना की सदस्यता के सवाल पर इसके उलट अनुभव हुए।

आमतौर पर यह क्लब जजों की नियुक्ति के बाद उन्हें अपना सदस्य बना लेता था, लेकिन लीला सेठ को आवेदन के काफी समय बाद भी कोई उत्तर नहीं प्राप्त हुआ। पूछताछ पर टालमटोल होती रही। जोर देने पर बताया गया कि उनके यहां महिलाओं को सदस्यता देने की व्यवस्था है, लेकिन उससे शर्तें जुड़ी हुई हैं। क्या? केवल वही महिलाएं सदस्य बनाई जाएंगी, जो अविवाहित अथवा तलाकशुदा अथवा विधवा हों। उनसे पूछा गया कि क्या वे इनमें से किसी केटेगरी में आती हैं? उनके मुख से निकला, "ईश्वर की कृपा है। मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं है, लेकिन आपका रवैया पूरी तरह से भेदभावपूर्ण है।" कुछ समय बाद उन्हें सूचना दी गई कि उनके पति को सदस्यता दी जा सकती है। लीला सेठ के कहने पर कि यह विचित्र व्यवस्था है, जवाब मिला कि हम नियमों से बंधे हैं और उन्हें बदलने में समय लगेगा।

ऐसे भी भागते हैं भूत-प्रेत

हाथरस के भोले बाबा प्रकरण के बाद न्यूज चैनलों पर भूत-प्रेत भगाने वाले बाबाओं को दिखाने की होड़ लगी हुई है। एक चैनल पर शनि धाम के एक बाबा के भूत-प्रेत भगाने के तरीकों पर एक रिपोर्टिंग देखकर याद आया कि यह विद्या कभी मुझे भी आती थी। बात 1999 की है जब मैं बिहार के समस्तीपुर जिले का एसपी हुआ करता था। एक दिन हसनपुर थाने के दियारा क्षेत्र के भ्रमण पर निकला था कि एक छोटे से गांव में एक पेड़ के नीचे लोगों की भारी भीड़ देखकर रुक गया। वहां एक अलाव के गिर्द दो युवक विचित्र मुख-मुद्राएं बनाकर पागलों की तरह उछल और चीख-चिल्ला रहे थे और एक बाबा कुछ मंत्र बुदबुदाते हुए हवन पात्र में कुछ डालता जा रहा था। मुझे देखकर बाबा रुका। पूछने पर उसने बताया कि दोनों युवक बुरी प्रेतात्माओं के कब्जे में हैं, जिन्हें भगाने की जुगत हो रही हैं। बाबा ने गर्व से यह भी बताया कि वह अपनी अचूक तंत्र-विद्या से अब तक सैकड़ों लोगों को प्रेत बाधा से मुक्त करवा चुका है। दोनों युवकों की उटपटांग हतकतें पहले की तरह जारी थी। मैंने बाबा को बताया कि भूत भगाने की विद्या में मैं भी पारंगत हूं। बाबा ने मुझे हैरत से देखा। मैंने दोनों युवकों को अपनी किंग साइज हाथों से पांच-दस थप्पड़ मारे। वे दो मिनट भी मेरा वार नहीं झेल सके और एकदम नार्मल होकर हाथ जोड़ दिए। प्रेत-बाधा का नामोनिशान नहीं। बाबा ने सकुचाते हुए कहा-कमाल है सरकार, आपने तो उन खूंखार प्रेतों को सचमुच भगा दिया। मैंने कहा - भगाया नहीं बाबा, बस उन्हें आपके भीतर ट्रांसफर कर दिया है। अब आपका इलाज करूंगा। मैं बाबा की तरफ बढ़ा ही था कि वह झोला-झंटा वहीं छोड़कर भाग खड़ा हुआ।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

मैं वहां उपस्थित लोगों को कई तर्कों और उदाहरणों के माध्यम से अंधविश्वास के दुष्प्रभाव और बाबाओं के पाखंड से अवगत कराया। यह भी कहा कि आप में कोई शारीरिक या मानसिक तौर पर बीमार है तो मेरे साथ चलिए, मैं अच्छे अस्पताल में मुफ्त में इलाज करवा दूंगा। मेरे साथ कोई नहीं आया। मेरे लौट आने के बाद मेरे समझाने का उन पर कितना असर हुआ वह एक महीने बाद पता चला जब एक चौकीदार ने बताया कि वही बाबा उसी गांव के लोगों से एक बार फिर गंभीर रोग ठीक करने के नाम पर हजारों रुपये ठगकर फरार हो गया है।

बालिका को अगवा कर दुष्कर्म, हालत गंभीर

शादी में मां के साथ आई थी गेस्ट हाउस, जिलाधिकारी अस्पताल तो मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में मां के साथ शादी समारोह में भाग लेने आई चार बर्ष की बालिका को गेस्ट हाउस से अगवा कर दुष्कर्म किया गया। गेस्ट हाउस से थोड़ी दूरी पर बालिका अचेत पड़ी मिली। उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में गुरुवार देर रात बारात आई थी। इस शादी समारोह में थाना कमालगंज क्षेत्र का एक परिवार शामिल होने के लिए आया था। मां के साथ विवाह समारोह में चार वर्षीय बच्ची गेस्ट हाउस में खेल रही थी। अचानक खेलते-खेलते बच्ची गायब हो गई। रात करीब 11 बजे परिजनों ने बच्ची को गायब देखा तो उन्होंने उसकी खोजबीन की गई पर बच्ची का गेस्ट हाउस में कहीं कुछ पता नहीं चला।

घटनास्थल पर जायजा लेते पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी। अमृत विचार

इसके बाद परिजनों ने गेस्ट हाउस से बाहर निकल कर खोजबीन की। गेस्ट हाउस से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर कबीर नगर मार्ग पर सड़क किनारे वह बेहोश पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भेजा। वहां डॉक्टर ने बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद महिला पुलिस कर्मी के साथ परिजनों ने बच्ची को डॉ राम मनोहर लोहिया महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। बच्ची के पैरों की तोड़ियां भी गायब है। बच्ची की मां ने बताया कि बच्ची को गोद में लेकर वह कार्यक्रम में घूम रही थी। थक जाने के कारण बच्ची को नीचे उतार दिया था। 10 मिनट में बच्ची गेस्ट हाउस से गायब हो गई। बताया कि सीसीटीवी फुटेज में जो युवक दिखाई दे रहा है उसे हम लोग नहीं पहचानते हैं।

जिला महिला अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह।

पुलिस ने गेस्ट हाउस में पहुंचकर हलवाई और वेटर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में सभी को छोड़ दिया गया। सीसीटीवी फुटेज में बच्ची अकेली गेस्ट हाउस से जाते दिख रही है। उसके आगे एक युवक दिख रहा है। हालांकि उस युवक को लड़की और लड़के पक्ष ने पहचानने से इनकार कर दिया। घटनास्थल पर पहुंचे एसपी आलोक प्रियदर्शी ने सीओ तथा कोतवाल को आरोपी को तलाशने के निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना की सूचना पर महिला अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी वीके सिंह व सीएमओ अवनींद्र कुमार को सीएमएस डॉ. कैलाश दुल्हानी ने बताया की बच्ची को डाक्टरी परीक्षण के बाद भर्ती कर लिया गया है। बच्ची के इंटर्न पार्ट में इंजरी है। सर्जन को केस रेफर किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बालिका के बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

युवती को अगवा कर दुष्कर्म, तीन माह बाद मुकदमा

फतेहपुर। लघुशंका को गई युवती को घर के बाहर से दो युवक अगवा कर ले गए। इसके बाद कमरे में बंधक बनाकर एक युवक ने दुष्कर्म किया। असोथर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का आरोप है कि वह चार मई की रात करीब 10 बजे घर के बाहर लघुशंका के लिए गई थी। लौटते समय घात लगाए बैठे गांव के प्रमोद व रजवा उसे अगवा कर लिया। फिर प्रमोद अपने घर ले गया और कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। वह किसी तरह दूसरे दिन घर पहुंची। आपबीती परिजनों को बताई। उसके पिता, मां व चचेरा भाई प्रमोद के घर शिकायत करने पहुंचे। परिजनों को प्रमोद व रजवा ने गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

मामले की पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस के सुनवाई न करने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बंधक बनाकर दुष्कर्म करने समेत अन्य धाराओं में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

वृद्ध की हत्या में पिता-पुत्र और नाती को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट ने सुनाया फैसला, दोनों पर लगाया अर्थदंड

अमृत विचार। करीब साढ़े नौ साल पूर्व अनुसूचित जाति के वृद्ध की लाठी डंडों से पीटकर हत्या करने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सुशील कुमार खरवार की अदालत ने फैसला सुनाया। अदालत ने तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं प्रत्येक को 22250 रुपये का अर्थदंड लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह ने बताया कि मझगवां थानाक्षेत्र के उजनेह गांव निवासी पीड़ित जयसिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 30 सितंबर 2014 को खलिहान के पास गांव में आरसीसी नाली का निर्माण कार्य हो रहा था। नाली बनाने को लेकर पड़ोसी भगवत नारायण खंगार से विवाद हो गया। जिस पर वह व उसके बेटा मंगल सिंह, नाती अनिल कुमार व साहब सिंह अपने लाठी डंडा लेकर आए और उसे व उसके भाई भूपेंद्र व भाई की पत्नी अनीता एवं उसके पिता सरमन लाल को बुरी तरह से लाठी डंडों से पीटकर मरणासन्न कर दिया। साथ ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जानमाल की धमकी देते हुए चले गए। बताया इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। साथ ही उन्हें भी गंभीर चोंट आईं हैं। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। बाद में विवेचक ने आरोपी साहब सिंह को क्लीनचिट दे दी और तीन आरोपियों भागवत नारायण, मंगलसिंह व अनिल के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने शुक्रवार को तीनों पिता, पुत्र व नाती को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार की धनराशि पीड़ित पक्ष को दिए जाने का आदेश दिया है।

तीन दिन तक बंद रहेंगी ट्रेनें, होगा दोहरीकरण

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- कानपुर-मानिकपुर व खजुराहो कानपुर की ट्रेन नहीं चलेंगी
- कानपुर-चित्रकूट इंटरसिटी भी तीन दिन तक बंद रहेगी

अमृत विचार। यमुना साउथ बैंक से खैरार जंक्शन के बीच रेलवे के दोहरीकरण लाइन के ट्रायल के चलते इस मार्ग से गुजरने वाली ट्रेनों को रद्द किया गया है। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

झांसी मंडल में रागौल,भरुआ सुमेरपुर,यमुना साउथ बैंक स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण का कार्य चल रहा है। वहीं खैरार से भीमसेन क्षेत्र के रागौल एवं यमुना साउथ बैंक स्टेशनों पर किए जा रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इसलिए रेल गाड़ियों का निरस्तीकरण करने का निर्णय लिया गया है।उत्तर मध्य रेलवे के सेक्शन इंजीनियर केके सिंह व रेलवे मदद एप के अनुसार कानपुर से मानिकपुर जाने वाली व मानिकपुर से कानपुर की तरफ आने वाली पैसेंजर ट्रेन 14 से 17 जुलाई तक रद्द रहेगी। जबकि कानपुर से खजुराहो जाने वाली ट्रेन 14 से 17 जुलाई तक रद्द रहेगी। वहीं खजुराहो से कानपुर आने वाली वाली ट्रेन 15 से 17 जुलाई तक रद्द रहेगी। कानपुर से चित्रकूट धाम जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस व चित्रकूट धाम से कानपुर आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 14 से 17 जुलाई तक ठप रहेगी। दुर्ग से कानपुर आने वाली बेतवा एक्सप्रेस 16 जुलाई को नहीं आएगी। वहीं कानपुर से दुर्ग को जाने वाली बेतवा एक्सप्रेस 17 जुलाई को नहीं जाएगी। लखनऊ से जबलपुर जाने वाली ट्रेन चित्रकूट एक्सप्रेस 15 जुलाई को नहीं जाएंगी। जबकि जबलपुर से लखनऊ आने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस 16 जुलाई को नहीं आएगी। उत्तर मध्य रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर जावेद अख्तर ने यात्रियों से सहयोग की अपील की है।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक और अधेड़ की हो गई मौत

संवाददाता, जालौन

अमृत विचार। तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठे अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने चालक को पकड़ लिया तथा कार को जब्त किया गया।

रेढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा निवासी दिनेश सोनी (32) पुत्र राजेन्द्र सिंह व लक्ष्मण कुशवाहा (52) पुत्र मूरचरण कुशवाहा शादी विवाह में खाना बनाने का काम करते हैं। शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे दोनों बाइक से ग्राम हरदोई में आयोजित एक शादी समारोह में खाना बनाने के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक बंगरा मार्ग पर सुढ़ार गांव के आगे सिकरीराजा माइनर के पास पहुंची। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय मौके पर पहुंच गए। चालक अभिषेक कुमार व कार को कब्जे में ले लिया। वहीं सिर में चोट आने की वजह से दिनेश सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घायल लक्ष्मण कुशवाहा को पहले सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया। उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई।

खंती में गिरी कार, पांच लोग घायल

जालौन। बंगरा मार्ग पर छहपुला के पास गाय को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर खंदक में चली गई। कार में सवार दंपति समेत पांच लोगों को मामूली चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन से कार को बाहर निकलवाया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी पवन कुमार दुबे (36) अपनी पत्नी बच्चों के साथ कार से शादी की खरीदारी करने के लिए जालौन आ रहे थे। जैसे ही वह गांव से निकल कर छहपुला के पास पहुंचे। इसी दौरान सड़क पर अचानक से अन्ना मवेशी आ गया। मवेशी को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जाकर पलट गई। जैसे ही कार खंदक में गई वैसे ही परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। जानकारी मिलते ही प्रधान प्रतिनिधि आशू तिवारी व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहगीरों की मदद से घायलों को बाहर निकलवाया। घटना में कार सवारों को मामूली चोटें आईं थी।

खंती में गिरी कार। अमृत विचार

दुष्कर्म पीड़िता ने पीया टॉयलेट क्लीनर, गंभीर

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- दुष्कर्म के बाद लोकलज्जा के भय से उठाया कदम

अमृत विचार। दुष्कर्म के बाद समाज के भय से पीड़िता ने टॉयलेट क्लीनर पी लिया। हालत बिगड़ने पर उसे परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज कर तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

थाना ठठिया क्षेत्र के गांव निवासी युवती 9 जुलाई की शाम को अपने घर पर अकेले थी। उसके परिजन खेतों पर गए थे। उसी समय उसके अकेले होने का फायदा उठाकर खानपुर गांव निवासी प्रदीप यादव पुत्र अमर सिंह उसके घर में घुस गया। उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया। दुष्कर्म के बाद सामाजिक लोकलाज के भय से पीड़िता ने 11 जुलाई को घर में रखा टॉयलेट क्लीनर पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवती की हालत बिगड़ती देखकर परिजनों ने आनन फानन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पीड़िता के परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बयान दर्ज करते हुए उसके पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। घटना दर्ज होने के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपी को पकड़कर जेल भेजने साथ पीड़िता को डाक्टरी परीक्षण हेतु भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि 11 जुलाई को ठठिया थाना क्षेत्र में युवती से रेप और उसके बाद पीड़िता द्वारा टॉयलेट क्लीनर पीकर जान देने की कोशिश की सूचना मिली थी। पीड़िता को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां अब वह खतरे से बाहर है। रिपोर्ट के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

शिकायतों के फर्जी निस्तारण से क्षुब्ध होकर मांगी इच्छा मृत्यु

फर्रुखाबाद। शिकायतों का राजस्व विभाग ने फर्जी निस्तारण कर दिया। इससे क्षुब्ध ग्रामीण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डीएम डॉक्टर वीके सिंह से इच्छा मृत्यु की मांग की है। अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव बलीपट्टी रानी गांव निवासी श्याम बिहारी अवस्थी ने दबंगों के उत्पीड़न की कई बार शिकायत की हैं। लेकिन राजस्व विभाग ने फर्जी निस्तारण कर दिया । जिससे क्षुब्ध श्याम बिहारी अवस्थी ने इच्छा मृत्यु की अनुमति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और फर्रुखाबाद डीएम डॉ. वीके सिंह को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अतुल कुमार सिंह को सौपा हैं। कहा कि उन्होंने तीन वर्ष में कई बार शिकायतें की हैं। जिसमें लोकभवन व राजभवन से निर्देश पत्रों पर तहसील प्रशासन द्वारा फर्जी व निर्थक तत्वहीन जांच आख्या भेजी गई। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के भेजे गए चार पत्रों पर राजस्व विभाग द्वारा फर्जी निस्तारण किया गया है। भ्रष्टाचार से क्षुब्ध होकर उसने इच्छा मृत्यु की मांग की है।

दीवानगी : नहीं मानी प्रेमिका, लगाई होर्डिंग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। प्रेम की महिमा का जितना बखान किया जाय कम है। सारी दुनिया ही इस एक भाव पर टिकी है। तभी तो कहते हैं प्रेम और युद्ध में सब कुछ जायज है। प्रेम हर बार हद पार करता है। यह वह भाव है जिसके आगे क्या मनुष्य क्या पशु-पक्षी सभी नतमस्तक हैं। यहां शहर में एक युवक को प्रेम हुआ तो युवती से निवेदन कर दिया। शायद यह प्रयास कामयाब नहीं हुई तो अनोखा तरीका अपना डाला। सुबह जब लोग जागे तो शहर के बीच में एक स्थान पर गुलाबी रंग के होर्डिंग पर प्रेमिका व प्रेमी का नाम लिखा था। इसमें अनोखे अंदाज में शादी का निवेदन किया गया था। हालांकि पुलिस ने इसे उतरवा दिया है।

शहर में प्रेम के इजहार को लगाया गया होर्डिंग। अमृत विचार

- शहर के बीचोबीच इस तरह का प्रेम का प्रदर्शन बना चर्चा का विषय

शुक्रवार की सुबह उस समय लोग आश्चर्य में पड़ गये जब शहर में सीएमओ ऑफिस के पास मेन रोड पर बड़ा सा गुलाबी रंग का होर्डिंग लगा देखा। ध्यान दिया तो इस पर एक लड़की और एक लड़के का नाम लिखा था। साथ ही अंग्रेजी में लिखा गया है जिसका तात्पर्य है कि 'जब से तुमसे मिला हूं, बस तुम्हारा हूं। अंतिम सांस तक तुम्हारा साथ देने का वादा करता हूं।' इसके साथ ही शादी का अनुरोध किया गया था। आते जाते राहगीरों की होर्डिंग पर नजर पड़ती तो इस अनोखे इजहार पर चर्चा चल निकलती। मामला सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने होर्डिंग उतरवाकर जांच शुरू की गई। इस संबंध में सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि होर्डिंग में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं था लेकिन इसे उतरवा दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से युवक की तलाश की जा रही है।

पानी भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत

संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना जहानगंज के गांव बहोरिकपुर निवासी शिवकुमार का 8 वर्षीय पुत्र आशीष अपने बुआ नीलम के 8 वर्षीय पुत्र रेशू के साथ गुरुवार शाम 6 बजे खेतों की ओर घूमने गया था। इस दौरान शिवकुमार के खेत के पास ही स्थित पुलिया के निकट गड्ढे में भरे बरसाती पानी में दोनों बालक डूब गए। देर रात तक घर वापस न आने पर दोनों बालकों की खोजबीन की गई तो रात करीब 11.30 बजे दोनों बालकों के शव पानी भरे गड्ढे में मिले। बच्चों के शव देखकर दोनों परिवारों के का रो-रोकर बुरा हाल था।

नाले में डूबने से किशोर की मौत, 4 घंटे बाद मिला शव

अमृतपुर-फर्रुखाबाद। अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर निवासी चन्द्र मोहन दिल्ली में काम करता है। उसके भतीजे का विवाह आगामी 15 जुलाई को है। जिसमे शामिल होने के लिए वह अपने परिवार के साथ गांव आया है। शुक्रवार को चन्द्र मोहन का 13 वर्षीय पुत्र नारायण गांव के ही अन्य बच्चों के साथ सोता नाला में नहाने गया था। उसी दौरान उसका पैर अचानक फिसल गया। जिससे वह डूब गया। जानकारी होनें पर विवाह के घर में खुसियों की जगह मातम छा गया।

संदिग्ध हालात में गेल के मजदूर की मौत

फफूंद-औरैया । फफूंद थाना क्षेत्र के गांव पाता निवासी कप्तान सिंह का 26 वर्षीय पुत्र राहुल सिंह पाता प्लांट में स्थित लारोंन कम्पनी में दाना सिफ्टिंग मशीन का चालक था। गुरुवार की दोपहर दो बजे वह पाता प्लांट में चला गया। शाम 7:19 बजे पिता कप्तान सिंह के पास फोन आया कि आपके पुत्र की हालत बहुत खराब है कृपया धनवंतरी अस्पताल एनटीपीसी पहुंचे। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंच गए जहां डॉक्टरों व कम्पनी के स्टाफ ने बताया कि उसकी मृत्यु हो गई है। सूचना पर एनटीपीसी की पुलिस भी पहुंच गई। उन्होंने परिजनों को समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम लिए भेज दिया।

मुंबई पुलिस ने जहरखुरानी में दंपति को गिरफ्तार किया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। मुंबई पुलिस ने अचानक छापामार कार्रवाई करके ट्रेनों में यात्रियों को जहरखुरानी का शिकार बनाकर उनका माल पार करने के आरोप अधेड़ दंपति को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करके अपने साथ ले गए।

कोतवाली सदर क्षेत्र में मोहल्ला कटरा बलसिंह में शुक्रवार दोपहर के समय उस समय हड़कंप मच गया जब मुंबई में दादर थाना पुलिस के एसआई बापू भास्कर कामले के नेतृत्व में महिला सिपाही सहित पांच पुलिस वालों की टीम ने छापा मारकर 57 वर्षीय रामनरेश तथा उसकी 55 पत्नी गीता देवी उर्फ मीना को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराकर सीजेएम कोर्ट में पेश किया, वहां से वारंट बनवाकर साथ ले गई। इस दौरान एसआई कामले ने बताया कि यह दंपती अर्से से मुंबई क्षेत्र में ट्रेनों में यात्रियों को विश्वास में लेकर जहरखुरानी का शिकार बनाकर बेहोश करके उनका कीमती सामान तथा नगदी पार कर ले जाते हैं। इसके तहत नासिक तथा सांगली में जेल काट चुके हैं। कुछ समय तक शांत रहने के बाद फिर से वारदातों को अंजाम देने लगते। कुछ समय पहले कई घटनाओं को अंजाम देकर यह दोनों यहां आ गए।

अब भी जिंदा | शहर के निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती, डॉक्टर भी हैरान

40 दिन में युवक को सातवीं बार सर्प ने डसा

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। सांप ने 40 दिन के अंदर एक शख्स को सात बार काटा लेकिन अब भी वह जिंदा है लेकिन सातवीं बार जब सांप ने युवक को काटा तो उसकी हालत नाजुक हो गई। उसे शहर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू में इलाज हो रहा है।

सर्पदंश से पीड़ित 24 वर्षीय विकास द्विवेदी मलवां थाना क्षेत्र के सौरा गांव का रहने वाला है, जिसे 40 दिनों के अंदर सांप ने 7वीं बार काट लिया। युवक व परिजनों के मुताबिक हर बार सांप के काटने के पहले उसे खतरे का आभास भी हो जाता है। उसे शनिवार और रविवार के दिन ही सांप ने काटा है। भयभीत होकर वह रिश्तेदारी में भी गया लेकिन सर्प पीछा नहीं छोड़ रहा है। इलाज कर रहे डॉ. जवाहर लाल के अनुसार हालत चिंताजनक बनी हुई है।

प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराता विकास द्विवेदी। अमृत विचार

12 से 24 घंटे बाद कुछ बता पाना मुमकिन होगा। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हैं। पीड़ित युवक को जब छठवीं बार सांप ने काटा था तो उसने नया खुलासा किया था कि मुझे सांप ने तीसरी बार काटा था। उसी रात वही सांप मेरे सपने में भी आया था और मुझसे बोला था कि मैं तुझे नौ बार काटूंगा लेकिन आठवीं बार तक तो तू बच जाएगा, लेकिन नौंवी बार तूझे कोई नहीं बचा पायेगा और तुझे अपने साथ ले जाऊंगा। सांप ने उसे हमेशा शनिवार और रविवार को ही डसा है। पीड़ित के चाचा ने बताया कि इस बार शनिवार को बाला जी जाने की चर्चा की गई थी लेकिन सर्प ने 7वीं बार बृहस्पतिवार की रात को ही डस लिया ।

इसी अस्पताल में हुआ छह बार इलाज

युवक का पहले भी 6 बार इसी अस्पताल में इलाज किया गया था और 7वीं बार भी यहीं इलाज चल रहा है। युवक को घर से बाहर रिश्तेदारी में रखा गया लेकिन वहां भी उसे सर्प डस लेता है। अब विकास दुबेका परिवार सरकार से मदद की गुहार लगा रहा है। 7वीं बार घटना होने से परिजन खासा चिंतित हैं।

जांच के लिए डॉक्टरों की टीम गठित

24 साल के विकास को बार-बार सांप काटने के मामले में शासन के हस्ताक्षेप पर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। सीएमओ डा. राजीव नयर गिरि ने बताया कि डिप्टी सीएमओ स्तर के चार डाक्टरों की टीम गठित की गई है। टीम पूरे मामले की जांच कर 48 घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपेगी।

किसी और की जमीन, वरासत में पड़ोसी महिला का नाम दर्ज

संवाददाता, किशनपुर, फतेहपुर

- किशनपुर थाना क्षेत्र के महावतपुर असहट गांव का मामला
- पिता के गुजर जाने के बाद पुत्र के नाम दर्ज होनी थी

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के महावतपुर असहट गांव में लेखपाल ने पीड़ित की भूमिधरी जमीन को पड़ोसी महिला के नाम वरासत कर दी। पीड़ित को जब तक मामले की जानकारी होती तब तक महिला ने जमीन बेंच दी। पीड़ित किसान ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की। लेकिन आज तक पीड़ित को न्याय नहीं मिल सका है।

महावतपुर असहट गांव निवासी दीनदयाल को आज से करीब 40 साल पहले गुजर बसर करने के लिए पट्टे की जमीन मिली थी। जिस पर पीड़ित परिवार गुजर बसर करता था। कुछ दिन बाद वह जमीन दीनदयाल के नाम दाखिल भी हो गई। कुछ दिन बाद दीनदयाल की मौत हो गई। दीनदयाल की मौत के बाद उस जमीन पर उसके लड़के बदलू का कब्जा हो गया। हाल ही में कुछ वर्ष पहले बदलू की भी मौत हो गई। इसके बाद जमीन पर बदलू के लड़के फूलचंद गुजर बसर करने लगा। किसी कारण वश जमीन इनके नाम नहीं हो सकी। लेकिन लेखपाल की लापरवाही से पीड़ित की वह जमीन भी उसके हाथ से निकल गई। लेखपाल की मिलीभगत से जमीन पड़ोस के रहने वाली एक महिला के नाम वरासत हो गई। पीड़ित ने बताया कि पड़ोसी महिला ने लेखपाल से मिल कर जमीन अपने नाम करा बेंच ली। बताया जा रहा है कि लेखपाल ने बिना सत्यापन किए ही दीनदयाल की जमीन को फर्जी तरीके से पडोस की रहने वाली महिला सुंदरियां के नाम कर दी। महिला के नाम जमीन आते ही महिला ने जमीन को बेच दिया। जिसके बाद पीड़ित किसान फूलचंद को मामले की जानकारी हुई। जिस पर पीड़ित किसान ने कोर्ट पहुंच कर आपात्ति दायर की। पीड़ित किसान ने कई बार मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की लेकिन पीड़ित को न्याय नहीं मिल सका है।

> मामला संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा है तो मामले की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।
>
> एसडीएम अजय कुमार पाण्डेय

बिजली गिरने से किसान की मौत दो लोग झुलसे

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना व कस्बे निवासी रामपाल पुत्र स्व झूरीलाल खेतों में काम कर रहा था। तभी तेज गरज चमक के साथ गिरी बिजली से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। पड़ोसी किसानों ने हादसे की खबर मृतक के स्वजनों को दी। स्वजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशनपुर थाना क्षेत्र के रारी गांव के 65 वर्षीय रामस्वरूप पासवान और 15 वर्षीय बेटू पासवान महोलीहार में जानवर चरा रहे थे। बारिश के दौरान एक पेड़ के नीचे छुप गए। तभी बगल में बिजली गिरने से दोनों बुरी तरह से झुलस गए। रामस्वरूप भर्ती है।

अस्पताल में भर्ती भास्कर अवस्थी। अमृत विचार

डिग्री कॉलेज संचालक को मारी गोली

उरई। निजी डिग्री कॉलेज के संचालक विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय नेता को अज्ञात बाइक सवार ने गोली मार दी। उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती किया गया है।

जानकारी के अनुसार उरई शहर में कारण रोड स्थित लक्ष्मी नारायण हुब्बलाल महाविद्यालय के प्रबंधक एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय नेता भास्कर अवस्थी को शुक्रवार देर शाम एक अज्ञात बाइक सवार ने गोली मर दी। गोली उस समय मारी गई जब वह कार से अंबेडकर चौराहा से अपने बंबी रोड स्थित आवास जा रहे थे, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी और कोतवाली उरई पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, उन्हें आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज उरई भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक इरज रजा ने बताया कि भास्कर अवस्थी को गोली अज्ञात मोटर साइकिल सवार द्वारा मारी गई है, उन्हें दो गोलियां लगी हैं। जांच के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं।

बहन का शव कंधे पर ले जाने का वीडियो शेयर कर अखिलेश ने सरकार को घेरा

संवाददाता, पलिया कलां (खीरी)

अमृत विचार। बाढ़ की विभीषिका ने दो भाइयों को ऐसा लाचार किया कि उन्हें अपनी बहन के शव को पांच किलोमीटर तक अपने कंधे पर लादकर ले जाना पड़ा। दरअसल, बाढ़ के कारण पलिया मार्ग पर वाहन नहीं चल रहे हैं। यही वजह रही कि जेब में पैसे होने के बाद भी उसे अपनी बहन की लाश को कंधे पर लादकर चलना पड़ा। उसने न तो प्रशासन से मदद मांगी और न ही किसी और से। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए सरकार से अपेक्षा की है कि अतिरिक्त आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त इंतजाम करें। इधर, क्षेत्रीय भाजपा विधायक रोमी साहनी ने भी घटना को दुखद बताया है और जल्द ही पीड़ित के घर पहुंचने की बात कही है। वहीं सपा के पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने भी जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से ऐसे मामलों को संजीदगी से लेने की बात कही है।

थाना मैलानी के गांव एलनगंज महाराजनगर निवासी सरोज ने बताया कि वह अपने बड़े भाई मनोज और बहन शिवानी के साथ पलिया में रहकर पढ़ाई करते हैं। उनकी बहन कक्षा 12 की छात्रा थी। तीन दिन पहले उसकी बहन की तबीयत खराब हो गई थी। जिस पर उसने पलिया के ही एक डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने जांच लिख दी और कुछ दवाई दी। जांच में बहन को टाइफाइड निकला। जिस पर उसने बहन का अस्पताल में भर्ती करा दिया था, लेकिन शिवानी की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और उसकी तबीयत बिगड़ती चली गई। इस बीच शारदा नदी के उफनाने से पलिया में बाढ़ का पानी घुस गया। रेल पटरी और रास्ते भी बंद हो गए। चारों तरफ तरफ बाढ़ का पानी था। इस वजह से वह अपनी बहन का बेहतर इलाज कराने के लिए दूसरी जगह कहीं नहीं ले जा सके। इससे बहन शिवानी की मौत हो गई। वह ग्राम अतरिया तक एक तांगे से उसके शव को लेकर आया, लेकिन आगे रास्ता बंद होने से वह कंधे पर शव रखकर बढ़े। बताया कि आगे नाव पर शव रखकर पार किया। हम दोनों भाइयों ने बारी-बारी से शव कंधे पर रखकर पांच किलोमीटर पैदल शव को अपने गांव लेकर पहुंचे। शिवानी की मौत से उसके परिवार में चीख पुकार मची हुई है।

बहन का कंधे पर शव रखकर ले जाता भाई सरोज। अमृत विचार

अखिलेश यादव की एक्स पर पोस्ट।

- आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त इंतजाम करें : सपा मुखिया
- लखीमपुर खीरी में बाढ़ के चलते पलिया मार्ग पर नहीं चल रहे हैं वाहन

> कंधे पर लाश ले जाने के मामले की जानकारी नहीं हो सकी। यदि जानकारी होती और सहायता मांगी जाती तो अवश्य ही उनकी सहायता करते। राजस्व टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय हैं और लोगों की मदद में तत्पर रहती है।
>
> –कार्तिकेय सिंह, एसडीएम– पलिया

भाजपा विधायक ने जताया दुख

- पलिया से भाजपा विधायक रोमी साहनी का कहना है कि भाइयों को मजबूरी में बहन की लाश को कंधे पर ले जाने का मामला अत्यंत दुखद है, लेकिन उन्होंने इसकी जानकारी किसी को नहीं दी। न ही प्रशासन अथवा किसी से मदद मांगी। ऐसे में क्या किया जा सकता है। बाढ़ कम होने पर वह खुद पीड़ित के घर जाएंगे और संभव मदद करेंगे।

पूर्व एमएलसी की स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग

सपा के पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि भाइयों द्वारा लाश उठाकर ले जाने की घटना हृदयविदारक है। जिस अस्पताल में लड़की भर्ती थी, उसे भी प्रशासन को अवगत कराना चाहिए था। सरकार को भी इस चूक को स्वीकार करना चाहिए। प्रशासन को भी अतिरिक्त व्यवस्था को बढ़ाना चाहिए।

प्रदेश में 20 जुलाई को लगाए जाएंगे 36.50 करोड़ पौधे

महापर्व के रूप में मनेगा पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान-2024

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। प्रदेश में 20 जुलाई को 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान-2024' महापर्व के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन 36.50 करोड़ पौधरोपण किया जाएगा। प्रदेश के हरित क्षेत्र को नौ से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 फीसदी तक ले जाना है। इसके लिए सभी विभागों व मंडलों के लिए भी लक्ष्य निर्धारण किया गया है।

वन विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि 20 जुलाई को वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन की ओर से 14.29 करोड़, ग्राम्य विकास विभाग को 13 करोड़, कृषि को 2.80 करोड़, उद्यान विभाग 1.55 करोड़, पंचायती राज को 1.27 करोड़, राजस्व को 1.05 करोड़, नगर विकास को 44.97 लाख, उच्च शिक्षा को 22.54 लाख, रेशम को 14.19 लाख, लोक निर्माण को 14.93 लाख, रेलवे को 12.66 लाख व जलशक्ति को 13.41 लाख, बेसिक शिक्षा को 15.43 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 19.91 लाख, उद्योग (एमएसएमई) को 15.55 लाख, औद्योगिक विकास विभाग को 7.73 लाख, माध्यमिक शिक्षा विभाग को 11.63 लाख, गृह को 10 लाख, पशुपालन को 7.26 लाख, ऊर्जा को 5.60 लाख, सहकारिता को 7.60 लाख, आवास विकास को 8.38 लाख, रक्षा को 4.95 लाख, प्राविधिक शिक्षा को 8.06 लाख, श्रम को 2.69 लाख, परिवहन विभाग को 2.53 लाख से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है।

18 मंडलों में भी लगेंगे पौधे, सर्वाधिक लखनऊ मंडल में

- अभियान के तहत सभी 18 मंडलों में भी पौधे लगाए जाएंगे। सबसे अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लखनऊ मंडल को दिया गया है। लखनऊ मंडल में चार करोड़ एक लाख 73 हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। कानपुर मंडल में 2.96 करोड़, चित्रकूट में 2.89 करोड़, झांसी में 2.82 करोड़, मीरजापुर में 2.62 करोड़, अयोध्या में 2.39 करोड़, देवीपाटन में 2.14 करोड़, प्रयागराज में 2.07 करोड़, बरेली में 1.91 करोड़, वाराणसी में 1.76 करोड़, मुरादाबाद में 1.83 करोड़, आगरा में 1.68 करोड़, गोरखपुर में 1.65 करोड़, आजमगढ़ में 1.30 करोड़, अलीगढ़ में 1.22 करोड़, मेरठ मंडल में 1.16 करोड़, बस्ती में 1.11 करोड़ व सहारनपुर मंडल में 90.23 लाख पौधे लगेंगे। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग भी होगी।

कमीशन दो तभी करूंगा विकास कार्यों का भुगतान

संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार। पिछले पांच महीने से ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत के अलावा गौशाला में कराए गए विकास कार्यों का बकाया आठ लाख का भुगतान ज्यादा कमीशन के चक्कर में सचिव के द्वारा नहीं किया जा रहा। जिससे महिला ग्राम प्रधान काफी परेशान है।

हरख ब्लॉक की ग्राम पंचायत मानपुर में ग्राम प्रधान रेनू देवी के द्वारा फ़रवरी माह में ग्राम पंचायत में कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण, इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य के साथ ही गांव की साफ सफाई के अलावा इंडिया मार्का हैंडपंप व रिक्शा मरम्मत और गौशाला में पटाई कार्य कराया गया था। सामान आपूर्ति करने वाली फर्मो के अलावा राजगीर व श्रमिकों का करीब आठ लाख रुपय बकाया है। ग्राम पंचायत अधिकारी बृजेश कुमार के द्वारा धनराशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। 10 दिन पहले ग्राम प्रधान ने खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर भुगतान के लिए अनुरोध किया था। उसके बाद भी भुगतान नहीं किया गया। ग्राम प्रधान रेनू देवी ने ग्राम पंचायत अधिकारी पर ज्यादा कमीशन मांगने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ज्यादा कमीशन न देने के कारण भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा ग्राम प्रधान ने सचिव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जिससे महिला ग्राम प्रधान काफ़ी परेशान है, ग्राम प्रधान द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहा है और आपूर्ति करने वाली फर्मो के द्वारा तगादा भी किया जा रहा है। बीडीओ के आदेश के बाद भी भुगतान न होने पर शुक्रवार को एमएलसी अवनीश कुमार पटेल को प्रार्थना पत्र देकर भुगतान कराने के लिए अनुरोध किया है। बतातें चले कि उक्त सचिव कई महीनों तक इसी ब्लॉक में एडीओ पंचायत के चार्ज भी तैनात रहा है।

> मामला संज्ञान में नहीं है। यदि प्रार्थना पत्र मिलता है तो जांच कर भुगतान के साथ ही सचिव की संलिप्तता मिलती है तो उनपर भी कार्रवाई की जाएगी।
>
> –शंभूनाथ पाठक, एडीओ पंचायत

फिजिक्स लैब और स्मार्ट क्लास से युक्त होंगे सर्वोदय विद्यालय

लखनऊ। भारत प्रतिभूति मुद्रण एवं मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (भारत सरकार टकसाल) ने प्रदेश में उप्र.समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित तीन सर्वोदय विद्यालयों को 71 लाख रुपए का सीएसआर फंड प्रदान किया है। इस फंड से विद्यालयों में स्मार्टक्लास और फिजिक्स लैब को और विकसित किया जाएगा।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शुक्रवार को बताया कि चल रहे सर्वोदय विद्यालयों को अपने विकास के लिए निजी कंपनियों द्वारा सीएसआर फंड मिल रहा है। इससे समाज के वंचित वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति और आर्थिक रूप से कमजोर समूह के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना आसान हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस फंड से बदनौरा (बुलंदशहर), निडोरी (गाजियाबाद) और हस्तिनापुर (मेरठ) में संचालित तीन सर्वोदय विद्यालयों में स्मार्टक्लास और फिजिक्स लैब को और मजबूत किया जाएगा।

मनुस्मृति से मेल नहीं खाती है संविधान की संरचना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा सुप्रीमो ने बाबा साहेब के बनाए भारतीय संविधान को मर्यादा के विपरीत बताया

अमृत विचार। बसपा सुप्रीमो मायावती ने मनुस्मृति को बाबा साहेब के बनाए भारतीय संविधान के मान-सम्मान व मर्यादा के विपरीत बताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में मनुस्मृति पढ़ाने के प्रस्ताव को रद्द करना एक स्वागत योग्य कदम है।

मायावती ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि विभाग में मनुस्मृति पढ़ाए जाने के प्रस्ताव का तीव्र विरोध स्वाभाविक तथा इस प्रस्ताव का रद्द किए जाने का फैसला स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने जिस संविधान की रचना की वो मनुस्मृति से कतई मेल नहीं खाता है। उन्होंने कहा कि समता मूलक एवं कल्याण कारी उद्देश्यों के विरूद्ध जाकर मनुस्मृति को पढ़ाया जाना कतई उचित नहीं है। बाबा साहेब ने खासकर उपेक्षितों व महिलाओं के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के साथ ही मानवतावाद एवं धर्मनिरपेक्षता को मूल में रखकर सर्व स्वीकार भारतीय संविधान की संरचना की, जो मनुस्मृति से कतई मेल नहीं खात है। अतः ऐसा कोई प्रसास कतई उचित नहीं है। मालूम हो कि दिल्ली विश्वविद्यालय में मनुस्मृति पढ़ाए जाने की बात की गई थी जिसका प्रबल विरोध हुआ था।

तीसरा मोर्चा बन गया है बसपा व इनेलो गठबंधन

- हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल(इनेलो) व बसपा गठबंधन के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी। गठबंधन को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि इस गठबंधन का उद्देश्य भाजपा समेत एनडीए तथा इंडी गठबंधन को हराना है। ताकि दुखी लोगों व किसानों को इन जनविरोधी पार्टियों से बचाया जा सके। साथ ही उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बीएसपी–इनेलो गठबंधन को लोग तीसरे मोर्चे के रूप में स्वीकार कर रहे हैं।

भाजपा पूर्व विधायक सिंह के मामले में सुनवाई 23 को

सुलतानपुर। भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में सुनवाई के लिए कोर्ट ने 23 जुलाई की तारीख नियत की है। बचाव पक्ष के वकील राजेश सिंह ने बताया कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए तत्कालीन कांस्टेबल पंकज द्विवेदी को तलब किया था जो अभी गवाही देने हाजिर नहीं हुए हैं। अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

चाय नहीं बनाई तो पति ने डाला खौलता पानी, मौत

संवाददाता, सतांव (रायबरेली)

- रायबरेली के गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के कुटी गोपालदास मजरे कोरिहर गांव का मामला

अमृत विचार। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के कुटी गोपालदास मजरे कोरिहर गांव में मामूली बात से नाराज पति ने पत्नी के ऊपर खौलता पानी डाल दिया। घटना में रामकली (68) गंभीर रूप से झुलस गई। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतका के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित बसंतलाल को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतका के बेटे दयाशंकर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बुधवार सुबह उसके पिता बसंतलाल का उसकी मां 68 वर्षीय रामकली से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। गुरुवार को उसकी मां रामकली खाना बनाने के लिए पानी खौला रही थी, तभी पिता बसंतलाल ने उन्हें चाय बनाने के लिए कहा। इस पर मां ने चाय बनाने से मना कर दिया। मां के मना करने से गुस्से में आए पिता बसंतलाल ने मां पर खौलता हुआ पानी डाल दिया, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई। जिसकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई।

घटना के उपरान्त मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी लालगंज अनिल कुमार सिंह और फारेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य संकलित किए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दयाशंकर की तहरीर पर बसंतलाल के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

सोते मिले गुरुजी की तस्वीर हुई वायरल

गोंडा। ऑनलाइन अटेंडेंस को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच जिले के एक शिक्षक की ऐसी तस्वीर सामने आयी है जिसने शिक्षक समाज को एक बार फिर से कटघरे में खड़ा कर दिया है। जीपीएस कैमरे में गुरूजी विद्यालय समय में सोते मिले हैं। कुर्सी पर बैठकर सोते हुए गुरुजी की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वायरल तस्वीर में साफ दिख रहा है कि गुरूजी कुर्सी पर बैठकर आराम से सो रहे हैं। यह तस्वीर जीपीएस कैमरे से ली गयी है और उसमें 9 जुलाई की तारीख दर्ज है। समय भी सुबह 10.20 बजे का है। लोग इस तस्वीर पर तरह तरह के कमेंट कर रहे हैं और शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन पर सवाल उठा रहे हैं। तस्वीर मनकापुर ब्लाक के कंपोजिट स्कूल बंजरिया में तैनात शिक्षक की बतायी जा रही है। बीएसए ने जांच का निर्देश दिया है।

पूर्व मुख्य, अधीक्षण अभियंता के खिलाफ एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दोनों पूर्व अभियंताओं पर आय से अधिक संपत्ति मिलने पर शुरू हुई कार्रवाई

अमृत विचार। जलनिगम की कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस के पूर्व मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के खिलाफ सतर्कता अधिष्ठान ने आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। कार्रवाई से पहले दोनों अभियंताओं की आय की जांच भी कराई गई, जिसमें आरोप सही पाए गए। दोनों अभियंता आय के स्रोतों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

लखनऊ गोमतीनगर निवासी पूर्व मुख्य अभियंता सुशील कुमार वर्मा की सतर्कता अधिष्ठान में हुई शिकायत के बाद जांच शुरू हुई थी। इस दौरान पाया गया कि लोक सेवक के रूप में कार्य करते हुए इन्होंने 1.36 करोड़ की आय अर्जित की गई थी, लेकिन इनके द्वारा परिसम्पत्तियों के अर्जन एवं भरण पोषण पर किया गया कुल व्यय 3.98 करोड़ पाया गया। इसी तरह इसी विभाग के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता जेपी मणि की भी खुली जांच की गई थी।

जांच में पाया गया कि जेपी मणि द्वारा लोकसेवक के रूप में कार्यरत रहते हुए, कुल 01 करोड़ 37 लाख की आय अर्जित की तथा इसी अवधि में इनके द्वारा कुल 05 करोड़ 84 लाख व्यय पाया गया। जांच के दौरान आय और व्यय में अधिक अंतर होने के कारण जब जवाब मांगा गया तो आरोपी जवाब नहीं दे पाया। सतर्कता अधिष्ठान ने इसी आधार पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13 (1) ख के तहत मामला दर्ज किया है।

सार-संक्षेप

अब सरसावां एयरपोर्ट की सुरक्षा एसएसएफ के हवाले

लखनऊ। प्रदेश के समस्त एयरपोर्ट की सुरक्षा उप्र. एसएसएफ के हवाले करने के क्रम में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने अब सरसावां एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए उप्र. विशेष सुरक्षा बल को तैनात करने का निर्णय लिया है। प्रमुख सचिव उड्डयन के पत्र का संज्ञान लेते हुए उन्होंने इसकी सहमति दे दी है। बताते चलें कि सरकार ने प्रदेश में स्थित सभी एयरपोर्ट से केंद्रीय बलों को हटाकर उप्र.एसएसएफ को तैनात करने का निर्णय लिया था। इस क्रम में अक्टूबर 2022 में कुशीनगर, गोरखपुर, प्रयागराज, बरेली और गाजियाबाद (हिंडन) एयरपोर्ट पर तैनाती की गई। इसके बाद अक्टूबर 2023 में अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती, सोनभद्र, मुरादाबा और अयोध्या में भी तैनाती गई। इसके बाद प्रमुख सचिव उड्डयन की संस्तुति के आधार पर अपर मुख्य सचिव गृह ने सहारनपुर के सरसावां में एसएसएफ के तैनाती की अनुमति दे दी है। अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही वहां से केंद्रीय बलों को हटाकर एसएसएफ के कार्मिकों को तैनात किया जाएगा।

दो आईएएस का स्थानांतरण हुआ

लखनऊ। शासन ने आईएएस कुमार विनीत को उप्र. चीनी निगम का नया प्रबंध निदेशक बनाया है। अभी तक वह अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी निभा रहे थे। वहीं, निर्वाचन आयोग कार्यालय लखनऊ में अब तक कार्यरत आईएएस निधि श्रीवास्तव को भी अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। फिलहाल उन्हें प्रतीक्षारत रखा गया है।

नेपाल ले जाई जा रही 1.87 लाख की भारतीय करेंसी पकड़ी

बनबसा। शारदा बैराज पुलिस ने भारत से नेपाल ले जाई जा रही 1.87 लाख रुपये की भारतीय करेंसी के साथ 7 व्यक्तियों को पकड़ा है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर शारदा बैराज पुलिस चौकी प्रभारी ललित पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चला रखा था। इसी दौरान भारत से नेपाल जा रहे महेंद्र पाल पुत्र बनवारी लाल निवासी खमरिया पीलीभीत उत्तर प्रदेश के पास से 30 हजार रुपये, वीरेंद्र कुमार पुत्र नन्हें लाल निवासी जहानाबाद जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश के पास से 35500 रुपये, श्याम रस्तोगी पुत्र शिवनाथ रस्तोगी निवासी बमनपुरी बरेली उत्तर प्रदेश के पास से 32 हजार रुपए, ऋषभ गुप्ता पुत्र बृजेश गुप्ता निवासी जलालाबाद शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश के पास से 18 हजार, कलीमुल्लाह पुत्र मजीद निवासी इज्जत नगर बरेली उत्तर प्रदेश से 23500 रुपये, योगेश कुमार पुत्र हीरालाल नवाबगंज बरेली उत्तर प्रदेश के पास से 24500, रिसाकत हुसैन पुत्र नूर अल हसन निवासी सीबी गंज बरेली उत्तर प्रदेश के पास से 23500 की भारतीय धनराशि बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी संतोषजनक उत्तर व वैध प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। जिसके बाद पुलिस ने उक्त धनराशि को जब्त कर कस्टम विभाग को सौंप दिया।

जंगल में ले जाकर महिला से किया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, सुलतानपुर

- एक माह पहले की घटना, चार के खिलाफ केस दर्ज

अमृत विचार। बीते 17 जून की देर शाम घर आए दो युवकों ने विवाहिता को घर में अकेली देख डरा धमका बाइक पर बैठा जंगल ले गए। जहां पहले से ही दो युवक मौजूद थे। आरोप है चारों ने विवाहिता के साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। डरी विवाहिता ने करीब माह भर बाद शुक्रवार को मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया। पुलिस ने तीन को गिरफ्तार भी कर लिया है।

शुक्रवार को गोसाईगंज थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने पुलिस को तहरीर दी है। दी गई तहरीर में बताया कि 17 जून की शाम को वह घर पर अकेली थी। देर शाम करीब आठ बजे लालजी जायसवाल व गुलाबचंद्र मौर्या उसके घर पर आए। आरोप है कि उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर जंगल में ले गए। जंगल में पहले से ही रमन वर्मा और अनूप प्रजापति मौजूद थे। जंगल में बारी-बारी से लालजी जायसवाल, गुलाबचंद्र मौर्या व रमन वर्मा व अनूप ने महिला के साथ दुराचार किया। आरोपियों ने जाति सूचक गालियां देने के साथ महिला को जान से मारने की धमकी दी। करीब 25 दिन बाद महिला ने आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप, एससी एसटी व मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कराया है।

तकनीक आईआईटी दिल्ली और बीएचयू की मदद से पुनर्वास विश्वविद्यालय विकसित करेगा हाईटेक कृत्रिम अंग

दिमाग कर सकेगा कृत्रिम अंगों को नियंत्रित

जीशान कदीर, लखनऊ

- शोध और निर्माण के लिए धनराशि आवंटित
- कृत्रिम अंगों को तैयार करने वाले उपकरण जल्द खरीदेंगे

अमृत विचार। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय जल्द ही ऐसे कृत्रिम अंग विकसित करेगा जिनका संचालन मस्तिष्क से नियंत्रित किया जा सकेगा। विवि में तैयार किए जाने वाले यह अंग विदेशों में मिलने वाले ऐसे कृत्रिम अंगों से दस गुना सस्ते होंगे।

कुलपति प्रो. संजय सिंह ने बताया कि इसके लिए आईआईटी दिल्ली और बीएचयू से समझौता (एमओयू) होने जा रहा है। दो नए लैब भी स्थापित किए जा रहे हैं। तकनीकी विशेषज्ञ इन लैब में शोध पूरा कर उपकरणों का निर्माण करेंगे। तैयार होने वाले उपकरण मस्तिष्क के नियंत्रण में रहेंगे। जो उपकरण विदेशों में 25-30 लाख की कीमत में उपलब्ध होते हैं, उन्हें विवि की लैब 3 लाख रुपये में तैयार करेगी।

कृत्रिम अंग व मस्तिष्क के बीच सेतु बनेगा सेंसर इलेक्ट्रोड

- कुलपति ने बताया कि नई तकनीकी के सेंसर इलेक्ट्रोड उस स्थान पर लगेंगे जहां से कृत्रिम अंगों को शरीर से जोड़ा जाएगा। ये इलेक्ट्रोड मांसपेशियों में पहुंचकर मस्तिष्क को संदेश देने का कार्य करेंगे। मस्तिष्क से मिले संदेश के बाद यही सेंसर इलेक्ट्रोड अंगों के संचालन में मददगार बनेंगे।

लैब के लिए धनराशि स्वीकृत

- पुनर्वास विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र में मायोइलेक्ट्रिक प्रोस्थेटिक लैब और पिडोर्थिक लैब के लिए 30 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं।कुछ उपकरण हैं, कुछ खरीदना बाकी है। इन्हीं दो लैबों की मदद से कृत्रिम अवयव तैयार होंगे।

टिशू डैमेज रोकेगी नई व्यवस्था

- लैब में फुट आर्थोमोल्डिंग मशीन और फुट स्कैनिंग मशीन पैर के प्रेशरों को मापने का कार्य करेगी। उपचार के रूप में फुट आर्थोसिस दिया जाएगा, ताकि टिशू डैमेज को रोका जा सके। ये पूरी तरह से आर्टिफिशियल इंटेलीजेस पर आधारित रहेगी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद– राठ (हमीरपुर)

पत्राक 433 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0/2024–25/ दिनांक 05.07.2024

म्युटेशन सूचना

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (क) के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल बुधौलियाना–1 वार्ड–16 राठ में स्थित गृह सं0 177 में श्री बाघराज सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह का नाम अंकित है। प्रार्थीगणो श्री श्यामसुन्दर व राजकुमार पुत्रगण बाघराज सिंह ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिवा है कि उक्त भवन का जुज भाग रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर दिनांक 17.12.2022 को प्राप्त कर लिया है। प्रार्थी द्वारा उक्त मकान के जुज भाग पर रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर अपना नाम अंकित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर मुहाल बुधौलियाना–1 वार्ड–16 में स्थित भवन सं0 177 पर अंकित श्री बाघराज सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह के जुज भाग पर बट्टे में करके श्री श्यामसुन्दर व राजकुमार पुत्र बाघराज सिंह का नाम अंकित कर दिया जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ– हमीरपुर

एक नजर

248 फार्मासिस्ट को मिला एसीपी का लाभ

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग में सेवारत फार्मासिस्ट को सुनिश्चित करियर प्रोन्नयन(एसीपी) का लाभ मिल गया है। विभिन्न जिलों में तैनात 248 फार्मासिस्टों को वित्तीय स्तरोन्नयन समिति द्वारा वित्तीय लाभ मिला है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में चीफ फार्मासिस्ट एवं फार्मासिस्ट के पद कार्य करने वालों को 10, 16 व 26 साल में मिलने वाले एसीपी का लाभ दिया गया है। वित्तीय स्तरोन्नयन समिति ने फार्मासिस्टों की निरंतर व संतोषजनक सेवाओं को देखते हुए संस्तुति दी है।

महिला आयोग सहित अन्य को अध्यक्ष-सदस्यों का इंतजार

कुछ आयोग ऐसे जिनमें पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हुए वर्षों बीते, लेकिन अध्यक्ष की नहीं हो सकी नियुक्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य महिला आयोग सहित प्रदेश के ज्यादातर आयोग वर्तमान में खाली हैं। महत्वपूर्ण उद्देश्यों, कानूनों और कोर्ट के आदेश पर गठित कुछ आयोग तो ऐसे हैं जिनमें पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हुए वर्षों बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक न तो वहां अध्यक्ष की नियुक्ति किए गए हैं और न ही सदस्यों की। इनमें उप्र राज्य महिला आयोग, उप्र अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग, उप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग और उप्र राज्य खाद्य आयोग प्रमुख हैं।

▸▸ अनुसूचित जाति- जनजाति आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग और खाद्य आयोग में खाली हैं पद

महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए गठित उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष के साथ पचीस सदस्यों के पद हैं। आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम, उपाध्यक्ष सुषमा सिंह और अंजू चौधरी के साथ ही 21 सदस्यों का कार्यकाल अगस्त 2022 में पूरा हो गया था। आयोग की बाकी चार सदस्यों का कार्यकाल भी चार नवंबर 2022 को खत्म हो चुका है। दो वर्ष बीतने को है, मगर न तो पुराने सदस्यों का रिन्यूअल किया है और न ही नए सदस्यों की तैनाती की है।

वहीं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को भी अध्यक्ष समेत अन्य की प्रतीक्षा है। 2022 में जसवंत सैनी को योगी सरकार में मंत्री बनाए जाने के बाद से आयोग में अध्यक्ष का पद खाली है। जुलाई 2022 में आयोग के दोनों उपाध्यक्षों और 25 सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो चुका है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लाभार्थियों को उनका उचित राशन नहीं मिलने की शिकायतों पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के नियमों के तहत 2015 में राज्य खाद्य आयोग की स्थापना की गई थी। राज्य खाद्य आयोग में अध्यक्ष के अलावा पांच सदस्यों के पद स्वीकृत हैं। सपा सरकार में यहां अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की गई थी। लेकिन, सभी का कार्यकाल पूरा हो चुका है। आयोग भी अब नए पदाधिकारियों की बांट जोह रहा है।

दो वर्षों से नहीं हुई तैनाती

उप्र अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और 25 सदस्यों के पद हैं। लेकिन, यहां भी दो वर्षा से अधिक समय बीतने को है। न तो अध्यक्ष की तैनाती हुई और न ही उपाध्यक्ष के दो पदों पर नियुक्तियां हुईं। हालांकि, सरकार ने समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को आयोग का कार्यवाहक अध्यक्ष बना रखा है।

मऊ और कानपुर देहात में बनेंगे आश्रम पद्धति विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एक विद्यालय के निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे

अमृत विचार: मऊ और कानपुर देहात में नए आश्रम पद्धति विद्यालय की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। एक विद्यालय के निर्माण पर 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। विभाग बजट के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजेगा।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। नए विद्यालय के लिए जमीन मिल गई है और शासन ने हरी झंडी भी दे दी है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों विद्यालय के निर्माण पर 80 करोड़ रुपये खर्च होंगे। शासन से बजट स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

जापान और मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री ने की आम महोत्सव- 2024 की शुरुआत , कहा- आम उत्पादन में हैं अग्रणी

लखनऊ स्थित अवध शिल्प ग्राम में आयोजित महोत्सव में आम की एक किस्म को दिखाते मुख्यमंत्री योगी।

कार्यक्रम में आम उत्पादकों का भी किया गया सम्मान। अमृत विचार।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश इस साल जापान और मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा। 160 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि लखनऊ का दशहरी अमेरिका को निर्यात किया जा रहा है। भारत में दशहरी का दाम 60 से 100 रुपये के बीच है लेकिन यही दशहरी जब अमेरिका के बाजार में पहुंचा तो इसका दाम 900 रुपये किलो हो गया है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, अगर हम ड्यूटी टैक्स, कार्गो और हवाई सफर का किराया भी जोड़ लें तो एक किलो आम अमेरिका भेजने की लागत 250-300 रुपये तक आ रही होगी तब भी एक किसान एवं बागवान को एक किलो आम पर 600 रुपये की बचत होगी।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश आम महोत्सव- 2024 की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सामान्य भाषा में जिस फल का नाम आम होता है उस फल में प्रत्येक नागरिक की पहुंच का सहज अनुमान लगाया जा सकता है, वह आम है इसलिए सबके लिए सुलभ भी है और सबके लिए सरल भी है और सबके लिए उपयोगी भी है। अतः जो आम होगा, वही राजा भी होगा और इसीलिए फलों के राजा के रूप में आम को हम सबने महत्व दिया है।

योगी ने कहा कि हमारे यहां बागवान केवल 3:15 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 58 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन करते हैं। देश के कुल आम उत्पादन का 25 से 30 प्रतिशत आम उत्पादन अकेले अपने राज्य में होता है। पिछले वर्ष उद्यान विभाग की टीम मास्को गई थी। इसमें लखनऊ और अमरोहा के किसान गए थे। वहां पर टीम ने आम महोत्सव का आयोजन किया था, जिसमें किसानों को आर्डर भी मिला था।

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आम उत्पादन में देश में अग्रणी है लेकिन अब हमें बढ़ती हुई आबादी के अनुरूप क्वांटिटी और क्वालिटी दोनों को बनाए रखने के लिए लगातार काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आम निर्यात करने की संभावनाएं जिन देशों के लिए बन सकती है, उन देशों तक पहुंच को बनाना ही पड़ेगा।

कार्यक्रम में उद्यान, एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त डा. देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

900 रुपये किलो बिक रहा अमेरिका में लखनऊ का दशहरी

120 किस्म के आम हैं प्रदर्शनी में

लगभग 700 से अधिक आम की प्रजातियों का यहां प्रदर्शन किया गया है। इनमें 120 किस्म के विशेष आम रखे गए हैं। यहां मुख्यमंत्री ने एक ट्रक को हरी झंडी भी दिखाई, जिसमें भरे आम विभिन्न देशों को निर्यात होंगे। इसके अलावा उन्होंने प्रगतिशील आम के किसानों को सम्मानित किया और आम स्मारिका का विमोचन किया। 14 जुलाई तक चलने वाले इस महोत्सव में आम खाने की प्रतियोगिता और प्रशिक्षण सेमीनार का आयोजन किया गया है।

कई राज्यों के किसान हुए शामिल

तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में आम की आम महोत्सव में यूपी के साथ ही मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, राजस्थान समेत कई राज्यों के आम के किसान पहुंचे हैं। इसके साथ ही अलग अलग राज्यों के उद्यान प्रतिनिधि और आम की खेती करने वाले विशेषज्ञ भी पहुंचे हैं।

बड़े आयोजनों में भी लगेगी सरकारी कर्मियों की डिजिटल अटेंडेंस

अमृत विचार, लखनऊ: अगले साल प्रयागराज महाकुंभ मेले के आयोजन में अब 6 महीने का समय शेष है। 14 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में दुनियाभर से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रदेश भर से बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों की तैनाती होगी। ऐसे में, उनकी दैनिक उपस्थिति को सुनिश्चित करने और रियल टाइम एसेसमेंट करने के लिए राज्य सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लेने जा रही है। अगर यह प्रयोग सफल रहा तो भविष्य के बड़े सरकारी आयोजनों में भी इसे लागू किया जा सकता है। फिलहाल शुरुआत महाकुंभ से हो रही है।

महाकुंभ मेले में सेवाएं देने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए डिजिटल अटेंडेंस सिस्टम फेशियल रिकग्नीशन बेस्ड मोबाइल ऐप के जरिए काम करेगा। इस ऐप को एंड्रॉयड व आईओएस फॉर्मेट पर कार्य करने के लिए विकसित किया जाएगा। यह योजना 8 महीने के प्रोजेक्ट पीरियड के लिए संचालित होगी, जिसके विकास के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण की जरूरतों के हिसाब से उत्तर प्रदेश सिस्टम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) ने तैयारी शुरू कर दी है।

यूपीडेस्को ने विभिन्न सरकारी महकमों के कर्मचारियों-अधिकारियों के रेगुलर अटेंडेंस के लिए एआई बेस्ड मोबाइल ऐप को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त अटेंडेंस सिस्टम पहले से मौजूद डेटाबेस से ली गई छवि की चयनित चेहरे की विशेषताओं की तुलना के माध्यम से लाइव वातावरण से किसी व्यक्ति की स्वचालित पहचान और सत्यापन में मदद करेगा।

बेसहारा मरीजों के इलाज की मॉनीटरिंग कैसे हो : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए की टिप्पणी

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार ने शासनादेश जारी करते हुए, बेसहारा मरीजों के इलाज व अशक्त मरीजों के लिए सहायक दिए जाने का आदेश तो कर दिया गया, जिसकी हम प्रशंसा करते हैं लेकिन इसकी मॉनीटरिंग कैसे की जानी चाहिए, इस बिंदु पर अगली सुनवाई में विचार किया जाएगा। यह टिप्पणी करते हुए न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 अगस्त की तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने ज्योति राजपूत की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में एक बेसहारा व्यक्ति को समुचित इलाज न मिलने का मुद्दा उठाया गया है। याचिका पर जवाब देते हुए राज्य सरकार की ओर से 21 नवम्बर 2023 का एक शासनादेश प्रस्तुत किया गया जिसमें बेसहारा लोगों का इलाज सामान्य वार्ड में किए जाने तथा यदि वे अशक्त हैं तो सहायक मुहैया कराए जाने की बात कही गई है। न्यायालय ने कहा कि वर्तमान मामले में ही एक बेसहारा मरीज को समुचित इलाज न मिलने का आरोप लगाया गया है, हालांकि राज्य सरकार की ओर से इस आरोप को खारिज किया गया है। न्यायालय ने कहा कि उक्त शासनादेश को जनहित में सरकार ने जारी किया है लेकिन इसे समुचित तरीके से लागू भी किया जाना चाहिए। वहीं न्यायालय ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बलरामपुर अस्पताल को उस बेसहारा मरीज को सहायक उपलब्ध कराने के आदेश दिए जिसके सम्बंध में वर्तमान याचिका दाखिल की गए है। न्यायालय ने अधीक्षक को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को भी कहा है कि पिछले एक वर्ष में ऐसे कितने बेसहारा मरीज भर्ती किए गए और उनमें से कितनों को सहायक उपलब्ध कराया गया।

दुग्ध उत्पादन बढ़ाने को 10 हजार पशु सखियों को मिलेगा प्रशिक्षण

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य सरकार पशुधन और ग्रामीण आबादी के विकास व उनकी स्थाई आय बढ़ाने के लिए ए-हेल्प कार्यक्रम का संचालन करने जा रही हैं, जिसे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और पशुपालन विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को पहले पायलट प्रोजेक्ट के तहत अगस्त माह के पहले हफ्ते में लांच किया जाएगा। शुरुआत में इसे 25 जिलों के 50 विकास खंडों में लागू किया जाएगा, जिसके बाद सरकार इसे पूरे राज्य में लागू करेगी। इसके अंतर्गत अगले दो साल में 10 हजार पशु सखियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस पायलट प्रोजेक्ट का उद्देश्य सरकारी पशु चिकित्सालयों के साथ समन्वय बनाना है ताकि आवश्यक पशु चिकित्सा सेवाओं जैसे एथनो-वेट प्रथाओं, पशु रोगों की रोकथाम, समय पर टीकाकरण, कृमिनाशक दवाएं, पशु बीमा आदि को गांव में ही उपलब्ध कराया जा सके।

फरियादियों की सुनिये, फिर संवाद कर कार्रवाई कीजिये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनीं पीड़ितों की शिकायतें

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। पीड़ितों ने पुलिस, कब्जा, स्थानांतरण आदि मुद्दों को लेकर योगी से अपनी वेदना रखी, जिस पर उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फरियादियों की सुनिये, फिर संवाद कर कार्रवाई कीजिये। हर उचित मामलों में पीड़ित की संतुष्टि जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं। एक शिक्षक ने अपनी निजी परेशानी को बताते हुए स्थानांतरण का आग्रह किया, जिस पर उनके आवेदन को कार्रवाई के लिए शिक्षा निदेशालय भेज दिया गया। वहीं मृतक आश्रित कोटे से नौकरी का प्रार्थना पत्र लेकर भी एक फरियादी पहुंचे, जिस पर मुख्यमंत्री ने अफसरों को इसे सम्बंधित विभाग में भेजकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

भाजपा कार्यसमिति की बैठक कल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति रविवार को डा. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय लखनऊ में आयोजित होगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में होने वाली कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक सहित अन्य प्रमुख नेता शामिल होकर विचार प्रकट करेंगे। इससे पहले शनिवार को बैठक के एजेंडे व अन्य विषयों पर चर्चा के लिए पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक लोहिया विधि विश्वविद्यालय लखनऊ में ही होगी।

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तैयारियों व अन्य विषयों पर चर्चा के लिए शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने विभिन्न व्यवस्थाओं से जुडे पार्टी पदाधिकारियों के साथ प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठक में तैयारियों पर चर्चा कर उन्हें अन्तिम रूप दिया।

कई मायनों में अहम होगी बैठक

अमृत विचार : भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश की सत्ता सौंपने को लेकर प्रदेशवासियों का आभार जताया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मुद्दे को आगे बढ़ाने पर चर्चा संभव है। दरअसल, लोकसभा चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद होने जा रही यह बैठक कई मायनों में अहम होगी। इसमें प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव की तैयारियों की रणनीति भी तय होगी। साथ ही लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन से निराश नेताओं व कार्यकर्ताओं में उत्साह जगा कर विस उपचुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय किया जाएगा। विपक्ष के दुष्प्रचार की भी काट निकालने का रास्ता तय होगा।

वर्ग पहेली-129

बाएं से दाएं

1.1. कुटिल व चालाक, काइयां, स्वार्थी 2. जिसके मन की बात को जानना बहुत कठिन है 3. खेतीबारी तथा गांव संबंधी कहावतों के लिए भोजपुरी बोली के एक प्रसिद्ध कवि तथा लोकमर्मज्ञ 4. जादूगर, बाज़ीगर 5. अनुभवी और नीतिज्ञ विद्वान।

3.1. विशेष घर जो मिट्टी

4.1. पछताने की क्रिया या भाव 2. पश्चाताप, अफ़सोस 3. अनुचित कार्य करने के बाद होने वाली आत्मग्लानि।

7.1. राजनीति करने वाला, राजनेता 2. अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए दूसरे को बेवकूफ़ बनाने वाला व्यक्ति।

ऊपर से नीचे

2. मज़ेदार, मिर्च-मसालेदार, चरपरा।

3.1. वह जो बलवा करे, विद्रोही, बागी 2. वह जो अशांति फैलाए।

5.1. आबाद, बसा हुआ 2. भरा-पूरा 3. संपन्न, समृद्ध।

6.1. धर्मानुसार देवता को अर्पित की जाने वाली वस्तु 2. चंदन आदि के लेप से बनाई हुई रेखा, लकीर 3. श्रेणी, पंक्ति 4. सिकुड़न के कारण शरीर पर पड़ी हुई लकीर, झुर्री 5. पेट के दोनों ओर पेटी के सिकुड़ने से पड़ी हुई रेखा, बल 6. (पुराण) एक दैत्य जो प्रह्लाद का पौत्र था और जिसे विष्णु ने वामन अवतार लेकर छला था 7. प्राचीन भारत में एक राजकीय कर 8. बवासीर का मस्सा 9. छप्पर का वह किनारा जहां से बरसात का पानी नीचे गिरता है, छाजन की ओलती 10. पीले रंग का खनिज पदार्थ, गंधक 11. एक प्रकार का वाद्य यंत्र।



वर्ग पहेली -128 का हल



सुडोकू -42

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2				7		
8		3	5		6			4
		1	7			6		3
	3			8	9			1
			2		4			
9			3	5			7	
6		4			5	8		
7			1		8	9		6
		9				5		

सुडोकू -41 का हल

7	1	5	8	4	6	3	9	2
9	4	3	2	5	1	7	8	6
6	2	8	9	7	3	5	4	1
1	8	2	6	3	9	4	5	7
4	3	9	7	2	5	6	1	8
5	6	7	1	8	4	9	2	3
2	9	4	3	6	8	1	7	5
8	5	6	4	1	7	2	3	9
3	7	1	5	9	2	8	6	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 15 .05 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त 19 .15 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज आपका कोई विरोधी समस्या दे सकता है। घर पर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। बढ़ते खर्च को लेकर आप परेशान रहेंगे। नौकरी में उच्च अधिकारियों के कोप का शिकार हो सकते हैं।

वृष — आज बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत लोगों को पदोन्नति मिलेगी। आपको मनचाहा कार्य करने को मिल सकता है। उद्योग धंधे की योजना अमल में आएगी। यदि आपका कोई वाद विवाद लंबे समय से चला रहा था तो उससे आपको छुटकारा मिलेगा।

मिथुन — आज व्यापार में कठिन परिश्रम के अनुपात में कम लाभ होने से मन खिन्न रहेगा। नौकरी में आपको झूठा आरोप लगने पर महत्वपूर्ण पद से हटाया जा सकता है। नए कार्य को शुरू करने से पहले उसके लाभ हानि का विचार अवश्य करें।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में ज्यादा जोखिम लेने से बचें। व्यापार में कोई ऐसी घटना घट सकती है,जिससे भविष्य में बड़ा लाभ होगा। कोई नवीन दायित्व मिल सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्य कर रहे लोगों को विदेश यात्रा करने का अवसर प्राप्त होगा।

सिंह — आज व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। नवीन व्यापार अथवा उद्योग धंधे की शुरुआत करने के योग बनेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की अभिलाषा पूरी होने के योग हैं। शारीरिक समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे।

कन्या — आज आपको व्यवसाय मे फंसा हुआ धन मिलने के पूरी संभावना है। कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मुलाकात करने आ सकता है। राजनीति में आपको उच्च पद मिल सकता है। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।

तुला — आज व्यापार में नए अनुबंध होंगे। राजनीति में विरोधियों को पीछे कर आप महत्वपूर्ण पद अथवा जिम्मेदारी प्राप्त करेंगे। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा घातक सिद्ध हो सकता है।

वृश्चिक — आज दिन की शुरुआत व्यर्थ की भागदौड़ के साथ होगी। कोई अप्रिय समाचार मिल सकता है। किसी महत्वपूर्ण कार्य में बनते-बनते बाधा आ जाएगी। कार्यक्षेत्र में आप अपने चरित्र को पवित्र बनाए रखें, अन्यथा आप किसी बड़ी मुसीबत में फस सकते हैं।

धनु — आज उद्योग धंधे में किसी सरकारी मदद से लाभ होगा। बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होगा। कला, अभिनय की दुनिया में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सामाजिक कार्य में काम सोच-विचार कर करें। विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखे।

मकर — आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में आप यदि कोई धन संबंधित मदद मांगेंगे तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। व्यर्थ की चिंता की स्थिति बनी रहेगी। विवेकपूर्ण निर्णय जीवन में बदलाव ला सकता है।

कुंभ — आज व्यापार में कोई विश्वासपात्र व्यक्ति धोखा दे सकता है। किसी प्रियजन से दूर जाना पड़ सकता है। अनचाही यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति के क्षेत्र में अत्यधिक व्यस्तता बनी रहेगी। यात्रा में वाहन कुछ तनाव दे सकता है।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में नए मित्र बनेंगे। कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता मिलेगी। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने के योग हैं। खेल, कूद ,प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार में प्रयोग उन्नति कारक सिद्ध होंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- भीष्म — सुबह : 10 .45
- खून भरी मांग — रात : 07 .00
- मि . एंड मिसेज खिलाड़ी — सुबह : 11 .23
- रमैया वस्तावैया — रात : 07 .30

&pictures

SONY PIX
- सैन एंड्रियास — सुबह : 11 .25
- जस्टिस लीग — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- वलाटी — सुबह : 10 .56
- स्कंदा — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
- हम आपके हैं कौन — सुबह : 10 .15
- सत्यम शिवम सुंदरम — शाम : 06 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बच्चा- नल से आते पानी को देखकर बोला,पापा ये पानी कहां से आता है?
पापा- बेटा नदी से...
बेटा-तो फिर मुझे नदी देखनी है।
पापा उसे नदी दिखाने ले जाते हैं।
बच्चा उन्हें नदी में धक्का मारकर गिरा देता है और भागता हुआ घर आकर मां को कहता है।
मम्मी जल्दी से नल खोलो ,पापा आते होंगे...

अध्यापक- रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों,जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो,चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन- सर ! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेगी।

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	80,519	24,502
बढ़त	622	186
प्रतिशत में	0.78	0.77

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शनिवार, 13 जुलाई 2024

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) : गेहूँ दड़ा 2400-2410 आर. आर. 21 2550-2600 गेहूँफारम 2600-2700 जौ 2000 -2100 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200 -2400 **दलहन (प्रति क्वि.) :** चना 6300-6400 अरहर 9000 -10000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-3800 उड़द हरा 11000 -11500 उड़द काला 8000 -9000 मूँग 8000-8200 **दाल (प्रति क्वि.) :** अरहर फूल 16400-16500 अरहर स्पेशल 14300-14400 चनादाल 7900-8000 मटर दाल 4450-4550 मसूर मलका 7200-7250 मसूर दाल 7400-7450 उड़द दाल 9000-13300 उड़द धोवा 10000-13000 मूँग दाल 8100 -9700 मूँग धोवा 9700-11000 **चावल (प्रति क्वि.) :** अरवा 2800-3500 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000-8000 **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) :** आटा 1400-1460 मैदा 1380-1450 सूजी 1440-1460 **चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) :** शाहपसंद 1370-1410 **तिलहन (प्रति क्वि.) :** लाही 5600-5800 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11500- 12200 मूँगफली दानाषिवपुरी 10000- 11200 बटाली 8600-10500 सेहुआं 4000-4500 सरसों कोल्हू 12200-12300 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन) :** सोयाबीन 1575-1580 **खली (प्रति क्वि.) :** सरसों 2600-2650 अलसी 4900-5000 अण्डी 1400-1450 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) :** बावर्ची 1575-1575 मयूर 1575-1575

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	94300
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	74700
गिन्नी (प्रति नग)	55650-55850

सात प्रतिशत रहेगी भारत की जीडीपी वृद्धि दर: विरमानी

नीति आयोग के सदस्य ने अर्थव्यवस्था पर जताई संभावना

नयी दिल्ली, एजेंसी

● कहा- देश के सामने नई चुनौतियां, उनसे निपटना होगा

नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष 2024-25 में करीब सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और आने वाले कई वर्षों तक यही वृद्धि दर बरकरार रहने की संभावना है। विरमानी ने कहा कि देश के सामने नई चुनौतियां हैं और उनसे निपटना होगा। उन्होंने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर (0.5 प्रतिशत घट-बढ़ के साथ) से बढ़ेगी... मुझे उम्मीद है कि हम आज से कई वर्षों तक सात प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की राह पर हैं।

आरबीआई ने पिछले महीने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। निजी उपभोग व्यय में गत वित्त वर्ष 2023-24 में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर विरमानी ने कहा कि वास्तव में अब इसमें सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, वैश्विक महामारी के कारण बचत कम हुई ... और यह पिछले वित्तीय झटकों से बहुत अलग था। विरमानी ने कहा, पिछले साल भी अल नीनो आया था, लेकिन वैश्विक महामारी के कारण लोगों को अपनी बचत निकालनी पड़ी।

उन्होंने खपत में कमी को समझाते हुए कहा कि अगर आज लोग बड़े ब्रांड का सामान खरीद रहे हैं, तो वे सस्ते ब्रांड या साधारण सामान खरीदेंगे और पैसे बचाएंगे। भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने के बावजूद देश में एफडीआई में गिरावट के बारे में विरमानी ने कहा कि उभरते बाजारों की तुलना में अमेरिका तथा अन्य विकसित देशों में निवेश पर जोखिम रहित रिटर्न कहीं अधिक है।

टीसीएस का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ा

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर शुक्रवार को करीब सात प्रतिशत चढ़ा। इससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण में 94,866.26 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। टीसीएस ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये रहा। आलोच्य अवधि में राजस्व 5.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 62,613 करोड़ रुपये हो गया। उसके बाद आज उसके शेयर में उछाल आया। बीएसई पर शेयर 6.68 प्रतिशत उछलकर 4,184.90 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह सात प्रतिशत बढ़कर 4,199 रुपये पर पहुंच गया था। एनएसई पर यह 6.59 प्रतिशत उछलकर 4,182.45 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया।

आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स-निफ्टी नए शिखर पर

मुंबई, एजेंसी

● सेंसेक्स ने 622 और निफ्टी ने 186 अंकों की उछाल की दर्ज

टीसीएस के अच्छे नतीजों से उत्साहित होकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से शुक्रवार को दोनों मानक सूचकांक अपने नए शिखर पर पहुंच गए। सेंसेक्स में 622 अंक और निफ्टी में 186 अंकों की बड़ी उछाल दर्ज की गई।

कारोबारियों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 622 अंक यानी 0.78 प्रतिशत उछलकर 80,519.34 के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 996.17 अंक तक उछलकर 80,893.51 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 186.20 अंक यानी 0.77 प्रतिशत बढ़कर 24,502.15 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 276.25 अंक उछलकर 24,592.20 के नए सर्वकालिक शिखर पर पहुंच गया था। इस तरह कारोबारी सप्ताह का समापन तेजी के साथ हुआ। इस हफ्ते सेंसेक्स में कुल 522.74 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि निफ्टी 178.3 अंक यानी 0.73 प्रतिशत चढ़ने में सफल रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "विभिन्न कारणों से बाजार सीमित दायरे से बाहर निकलने में सफल रहा।

ओमकार केमिकल्स में हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी अडाणी विल्मर

नयी दिल्ली। प्रमुख खाद्य तेल कंपनी अडाणी विल्मर लि. 56 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी। अडाणी विल्मर, अडाणी समूह और सिंगापुर के विल्मर समूह के की एक संयुक्त उद्यम है। यह भारत की सबसे बड़ी उपभोक्ता खाद्य कंपनियों में शामिल है। कंपनी के पास विविधता भरा उत्पाद पोर्टफोलियो है, जिसमें खाद्य तेल, गेहूं का आटा, चावल, दालें, चना आटा (बेसन) और चीनी सहित अधिकांश घरेलू उत्पाद शामिल हैं। अडाणी विल्मर ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने एक विशेष रसायन कंपनी ओमकार केमिकल्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि. में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए शेयर खरीद समझौता किया है।

देवेन्द्र मील बने जेप्टो के चीफ बिजनेस ऑफिसर

मुंबई। भारत की सबसे तेज़ी से विकसित होती कन्ज़्यूमर इंटरनेट कंपनी ज़ेप्टो ने देवेन्द्र मील को पदोन्नत कर अपना चीफ़ बिज़नेस ऑफिसर बनाने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि अपनी इस भूमिका में मील कैटेगरी मैनेजमेन्ट का नेतृत्व करेंगे और ब्राण्ड साझेदारियों को बढ़ावा देंगे, साथ ही प्लेटफॉर्म के अनुकूलतम वर्गीकरण, कीमत निर्माण, उपलब्धता और सभी कोर एसकेयू की कैटलॉगिंग को सुनिश्चित करेंगे। कंपनी के संस्थापक और सीईओ आदित पलीचा ने कहा, ज़ेप्टो के साथ मील की यात्रा अतुलनीय रही है।

मई में औद्योगिक उत्पादन बढ़कर 7 माह के उच्चस्तर 5.9 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● खनन उत्पादन 6.6 और बिजली उत्पादन 13.7 प्रतिशत बढ़ा

खनन और बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन के कारण इस साल मई में देश का औद्योगिक उत्पादन सात महीने के उच्चतम स्तर 5.9 प्रतिशत पहुंच गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन मई 2023 में 5.7 प्रतिशत बढ़ा था। मई 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.9 प्रतिशत बढ़ा।

आईआईपी इस साल अप्रैल में 5 प्रतिशत, मार्च में 5.4 प्रतिशत, फरवरी में 5.6 प्रतिशत और जनवरी में 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। पिछले साल दिसंबर में आईआईपी 4.4 प्रतिशत और नवंबर में 2.5 प्रतिशत था। आईआईपी का पिछला उच्च स्तर अक्टूबर 2023 में 11.9 प्रतिशत था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक मई 2024 में खनन उत्पादन 6.6 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 13.7 फीसदी बढ़ा। मई 2023 में खनन उत्पादन 6.4 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 0.9 प्रतिशत बढ़ा था। आंकड़ों के मुताबिक इस साल मई में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 4.6 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी माह में 6.3 प्रतिशत थी। समीक्षाधीन माह में पूंजीगत सामान खंड की वृद्धि दर घटकर 2.5 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 8.1 प्रतिशत थी। उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन 12.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि मई 2023 में इसमें 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

विदेशी मुद्रा भंडार 657.2 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़त होने से 05 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.23 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 577.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

बैंक क्षेत्र में सुधार को कानून में संशोधन कर सकती है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

● बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 और कुछ अन्य कानूनों में संशोधन का ला सकती है प्रस्ताव

सरकार आगामी बजट सत्र के दौरान बैंक क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 और कुछ अन्य कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव ला सकती है। सूत्रों ने बजट सत्र में लाए जाने वाले प्रस्तावों का जिक्र करते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के लिए बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में संशोधन की भी जरूरत है।

सूत्रों के मुताबिक, इन दोनों अधिनियमों की वजह से दो चरणों में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था लेकिन अब सार्वजनिक बैंकों के निजीकरण के लिए इन कानूनों के प्रावधानों में बदलाव करने होंगे। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। इस दौरान 23 जुलाई को बजट पेश किया जाएगा।

राष्ट्रीय

एक नजर

सीबीएसई विद्यालयों में असम की जल दूत पहल होगी लागू: हिमंत

गुवाहाटी। जल संरक्षण में विद्यार्थियों की भूमिका को मान्यता देने वाले असम सरकार के जल दूत कार्यक्रम का अब देशभर में संचालित सीबीएसई के विद्यालयों में अनुकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में सीबीएसई की ओर से जारी परिपत्र को एक्स पर साझा करते हुए शर्मा ने कहा, असम की एक और अनूठी पहल लोगों की नजर में आयी है। उन्होंने कहा, सीबीएसई ने अपने सभी विद्यालयों में असम सरकार के कार्यक्रम जल दूत को लागू करने का निर्देश दिया है। यह व्यावहारिक कार्यक्रम जल संरक्षण की समुदाय की कोशिशों से विद्यार्थियों को जोड़ता है।

पॉक्सो मामला: येदियुरप्पा को व्यक्तिगत पेशी से छूट

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा द्वारा उनके खिलाफ पॉक्सो मामले को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 26 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी और वरिष्ठ भाजपा नेता को इस मामले के संबंध में 15 जुलाई को बेंगलुरु की अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी। यहां पॉक्सो अधिनियम मामलों के लिए फास्ट ट्रैक अदालत-1 ने चार जुलाई को 81 वर्षीय बुजुर्ग नेता को 15 जुलाई को पेश होने के लिए समन जारी किया था। मामले की जांच कर रहे आपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने 27 जून को फास्ट ट्रैक अदालत में उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

अगरतला स्टेशन से सांत बांग्लादेशी गिरफ्तार

अगरतला। भारत में बगैर वैध दस्तावेजों के प्रवेश करने के आरोप में अगरतला रेलवे स्टेशन से सात बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अगरतला स्टेशन पर निगरानी बढ़ा दी गई और कोलकाता जाने वाली ट्रेन में सवार होने जा रहे एक समूह को रोक लिया गया। अगरतला राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के प्रभारी अधिकारी तपस दास ने बताया, वे (बांग्लादेशी नागरिक) भारत में यात्रा करने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। हमने सात लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें तीन पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं। दास ने बताया कि उनके पास से बांग्लादेशी दस्तावेज, मोबाइल फोन और भारतीय मुद्रा के नोट बरामद किए गए।

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को शंभू बॉर्डर खोलने का दिया निर्देश

उच्च न्यायालय का फैसला बरकरार रखा, अंबाला के पास 13 फरवरी से बंद है बार्डर

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए लगाए गए थे बैरिकेडिंग

उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा सरकार को अंबाला के पास 13 फरवरी से बंद शंभू बॉर्डर से पुलिस बैरिकेडिंग हटाकर यातायात सभी के लिए खोलने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार को यह निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने10 जुलाई को राज्य सरकार को एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू बॉर्डर खोलने का निर्देश दिया था, जिसे फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली की ओर कूच करने से रोकने के लिए सरकार ने बंद कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार की ओर से पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सात मार्च के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। उच्च न्यायालय की ओर से फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान किसान 21 साल के शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए एक पूर्व उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्देश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार के अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष कहा कि राज्य सरकार 10 जुलाई को उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने की तैयारी कर रही है। इस पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने हरियाणा सरकार से पूछा, राज्य हाईवे को कैसे रोक सकता है? उसका कर्तव्य है कि वह यातायात को नियंत्रित करे। हम केवल इसे खोलने के बारे में नहीं कह रहे, बल्कि नियंत्रित करने के बारे में भी कर रहे हैं।

प्रकृति का प्रकोप

सिक्किम में भारी बारिश के बाद उफनती तीस्ता नदी के किनारे तीस्ता बाजार क्षेत्र में बाढ़ आ गई। ● एजेंसी

भाजपा अलग सोच वाली पार्टी : नितिन गडकरी

पणजी, एजेंसी

● कहा- कांग्रेस द्वारा हुईं गलतियों को दोहराने से बचना होगा

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा अलग सोच वाली पार्टी है और इसलिए वह बार-बार जनता का विश्वास जीत रही है। साथ ही उन्होंने पार्टी को अतीत में कांग्रेस द्वारा की गई उन गलतियों को दोहराने से बचने को लेकर आगाह किया जिनकी वजह से कांग्रेस को सत्ता से बाहर होना पड़ा।

भाजपा के बहुमत प्राप्त नहीं कर पाने के करीब एक महीने बाद गडकरी ने कहा, अगर हम वही करते रहेंगे जो कांग्रेस करती थी, तो उनके जाने और हमारे आने का कोई मतलब नहीं है। गडकरी ने जाति आधारित राजनीति के चलन की आलोचना की और कहा जो करेगा जात की बात उसे पड़ेगी कसके लात। गडकरी पणजी के निकट भाजपा की गोवा कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष सदानंद तनावडे और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सहित अन्य नेता शामिल हुए।

नए दस्तावेज जमा करने संबंधी आदेश खारिज

मुंबई, एजेंसी

मानहानि मामला

● बंबई उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत दी

बंबई उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत देते हुए एक मजिस्ट्रेट का वह आदेश शुक्रवार को रद्द कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता को उसकी लंबित आपराधिक मानहानि शिकायत में नये और अतिरिक्त दस्तावेज जमा कराने की अनुमति दी गई थी। आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंटे ने 2014 में भिवंडी में मजिस्ट्रेट अदालत में मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया था कि कांग्रेस नेता ने एक भाषण के दौरान झूठा और अपमानजनक बयान दिया था कि महात्मा गांधी की हत्या के लिए संघ जिम्मेदार है।

मजिस्ट्रेट अदालत ने 2023 में कुंटे को राहुल गांधी के भाषण की प्रतिलिपि प्रस्तुत करने की अनुमति दी। राहुल का भाषण 2014 में दायर उनकी उस याचिका का हिस्सा था, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ जारी समन को रद्द करने की मांग की थी। कांग्रेस नेता ने मजिस्ट्रेट के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की एकल पीठ ने कांग्रेस नेता की याचिका मंजूर कर ली। अदालत ने कहा, याचिका स्वीकार की जाती है। विवादित आदेश और तदनुरूप दस्तावेज प्रदर्शित करने के आदेश को रद्द तथा खारिज किया जाता है....। न्यायमूर्ति चव्हाण ने मजिस्ट्रेट को मुकदमे को शीघ्रता से निपटाने का निर्देश दिया तथा दोनों पक्षों से सहयोग करने को कहा। राहुल गांधी ने अपनी याचिका में दावा किया कि 2021 में उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने कुंटे को मामले में कोई भी नया दस्तावेज जमा करने की इजाजत नहीं दी थी।

हाथरस कांड की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

● कहा- हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती

उच्चतम न्यायालय ने हाथरस में दो जुलाई 2024 की भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने की गुहार वाली एक जनहित याचिका शुक्रवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि हर चीज संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत नहीं आती।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता अधिवक्ता विशाल तिवारी से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। पीठ ने कहा, बेशक, ये परेशान करने वाली घटनाएं हैं, लेकिन उच्च न्यायालय इससे निपटने के लिए सक्षम है। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा कि मामला चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता से भी जुड़ा है।

कॉर्बेट क्षेत्र में बस चलाने के खिलाफ याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

● न्यायालय ने कहा, हमें अधिकारों को संतुलित करना होगा

उच्चतम न्यायालय ने जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान द्वारा उत्तराखंड स्थित बाघ अभयारण्य के मुख्य क्षेत्र में बसें चलाने के लिए एक निजी ऑपरेटर को अनुमति दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को कहा कि सभी के अधिकारों को संतुलित किए जाने की आवश्यकता है। इसने कहा कि अगर वहां गांव हैं तो उन्हें भी पहुंच की जरूरत है।

शीर्ष अदालत ने 18 फरवरी, 2021 को जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान द्वारा 23 दिसंबर, 2020 को जारी किए गए उस कार्यालय पत्र के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी थी, जिसमें मुख्य क्षेत्र के भीतर बसों को चलाने की अनुमति दी गई थी। यह मामला न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया। याचिका दायर करने वाले वकील गौरव कुमार बंसल ने कहा कि शीर्ष अदालत ने फरवरी में उत्तराखंड राज्य की ओर से पेश वकील से अधिकारियों से इस बारे में विशिष्ट निर्देश लेने को कहा था कि क्या सवालों के घेरे में आई सड़क मुख्य क्षेत्र या 'बफर' क्षेत्र में है। राज्य सरकार के वकील ने पीठ को बताया कि 53 किलोमीटर की सड़क में से चार-चार किलोमीटर के दो हिस्से मुख्य क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क का शेष 45 किलोमीटर का हिस्सा मुख्य क्षेत्र में नहीं आता। हालांकि, बंसल ने इस मामले में दायर पहले के हलफनामे का हवाला दिया।

नीतीश के करीबी सहयोगी ने लालू पर तंज कसा

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी ने शुक्रवार को अनंत अंबानी की शादी में शामिल होने रवाना होने पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके परिवार पर तंज कसा। बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी पत्रकारों द्वारा लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बड़ी पुत्री मीसा भारती, दोनों पुत्र तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव के मुंबई रवाना होने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

दोषी पाए जाने पर विवादास्पद आईएएस अधिकारी को किया जा सकता है बर्खास्त

नई दिल्ली, एजेंसी

● दस्तावेजों की केंद्र द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति करेगी जांच

विशेषाधिकारों के दुरुपयोग को लेकर विवादों में घिरीं परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर को दोषी पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सिविल सेवा परीक्षा और फिर सेवा में चयन के लिए उनके द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजों की गुरुवार को केंद्र द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति द्वारा पुनः जांच की जाएगी। यदि अधिकारी दोषी पायी जाती है तो उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

यदि यह पाया जाता है कि उन्होंने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया है या यह पाया जाता है कि उनका चयन जिन दस्तावेजों के आधार पर किया गया है, उनमें किसी तरह का फर्जीवाड़ा किया है तो उन्हें आपराधिक आरोपों का भी सामना करना पड़ सकता है।

वर्ष 2023 बैच की आईएएस अधिकारी खेडकर परिवीक्षा पर हैं और वर्तमान में अपने गृह कैडर महाराष्ट्र में तैनात हैं। खेडकर (34) आईएएस में शामिल होने के लिए शारीरिक दिव्यांगता श्रेणी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा के तहत लाभों का दुरुपयोग करने का आरोप है।

खेल डायरी

अमुंडी चैंपियनशिप के पहले दिन अदिति और दीक्षा ने किया निराश

एवियन ले बेंस (फ्रांस)। भारतीय ओलंपिक दल की गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के शुरूआती दिन निराशाजनक शुरूआत की। अदिति ने महिलाओं के सर्किट के मेजर टूर्नामेंट में इवन पार 71 का कार्ड बनाया जिससे वह संयुक्त 52वें स्थान पर बनी हुई हैं। दीक्षा ने पांच ओवर 76 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 120वें स्थान पर मौजूद हैं। अदिति ने 12 होल में दो बर्डी लगाई जिससे वह दो अंडर पर थीं, लेकिन वह 13वें और 14वें होल में लगातार बोगी कर बैठीं जिससे वह संयुक्त 52वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने पहले नौ होल में एक बर्डी, दो बोगी और एक डबल बोगी लगाई जिससे वह 18वें स्थान पर थीं।

महिला एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 19 को

कोलंबो। भारत दांबुला में होने वाले महिला टी-20 एशिया कप में अपना पहला मैच शुरुआती दिन चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा जबकि मेजबान श्रीलंका इसी दिन बांग्लादेश का सामना करेगा। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को यह घोषणा की। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के अलावा थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल और मलेशिया की टीम भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल को ग्रुप ए में जबकि बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया और थाईलैंड को ग्रुप बी में रखा गया है। टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे, जिनमें दोनों सेमीफाइनल और फाइनल भी शामिल हैं। श्रीलंका क्रिकेट ने विज्ञप्ति में कहा सभी मैच का अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा तथा दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने म्यामांर को 1-1 से बराबरी पर रोका

यांगून (म्यांमा)। भारतीय महिला फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां दूसरे मैत्री मैच में अपने प्रदर्शन का स्तर ऊंचा करते हुए म्यामांर को 1-1 की बराबरी पर रोकने में सफल रही। शुरुआती मैच में हार का सामना करने के बाद इस मुकाबले में भारत आक्रामक तेवर के साथ मैदान पर उतरी थी। टीम को शुरुआती हाफ में गेंद पर बेहतर नियंत्रण बनाने के कारण गोल करने के मौके मिले लेकिन खिलाड़ी इसे भुनाने में नाकाम रहे। म्यामांर की गोलकीपर मयो म्या म्या नयिन ने इस दौरान कुछ शानदार बचाव किए। दूसरे हाफ के शुरू होने पर ओडिशा एफसी की स्ट्राइकर प्यारी ने पनथोई के लंबे पास पर अच्छा नियंत्रण बनाते हुए म्यामांर की लिन लाई ओ को छकाकर गोल कर दिया।

पारी और 114 रनों से जीता इंग्लैंड

टेस्ट करियर का अंतिम मैच खेले एंडरसन, 704 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने जेम्स

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट

लॉर्ड्स, एजेंसी

गस ऐटकिंसन (कुल 12 विकेट) की घातक गेंदबाजी और जैक क्रॉले (76), जेमी स्मिथ (70) की बेहरीन बल्लेबजी के दम पर इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पारी और 114 रनों से हरा दिया है। वेस्टइंडीज की पहली पारी 121 के स्कोर पर सिमट गई थी तथा दूसरी पारी में भी की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और वह उसने 55 रन पर पांच विकेट गवां दिए। कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (4), किक्र मैकेंजी (शून्य), मिकाइल लुइस (14), कावेम हॉज (4), एलिक अथानाजे (22) रन बनाकर आउट हुये। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 79 बना लिये थे।

वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन के छह विकेट पर 79 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी नौ रन का इजाफा ही हुआ था कि जेम्स एंडरसन ने जॉशुआ डासिल्वा (9) को आउट कर वेस्टइंडीज को सातवां झटका दिया। इसके बाद गस ऐटकिंसन ने अल्जारी जोसेफ (8) को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। शमार जोसेफ (3) को भी ऐटकिंसन ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद 47वें ओवर की आखिरी गेंद पर ऐटकिंसन ने जेडेन सील्स (8)को आउटकर वेस्टइंडीज की को दूसरी पारी में 136 रन पर समेटकर अपनी टीम को पारी और 114 रनों से जीत दिला दी। इंग्लैंड की ओर से गस ऐटकिंसन ने पांच विकेट लिए। जेम्स एंडरसन को तीन विकेट मिले। बेन स्टोक्स ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले इंग्लैंड ने पहली पारी में ओली पोप (57), जैक क्रॉले (76) रन हैरी ब्रूक (50), जो रूट (68), जेमी स्मिथ ने (70) और क्रिस वोक्स (23) रन की बेहतरीन परियों की बदौलत इंग्लैंड ने पहली पारी 371 रन का स्कोर खड़ा कर वेस्टइंडीज की पहली पारी के आधार पर 250 रनों की बढ़त बनाई थी। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स ने चार विकेट लिए। जेसन होल्डर और गुडाकेश मोटी को दो-दो विकेट मिले। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज को पहली पारी में महज 121 रन पर ढ़ेर कर दिया था। पहले टेस्ट में इंग्लैंड की ओर से पर्दापण करने उतरे गस एटकिंसन ने घातक गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए वेस्टइंडीज को पहली पारी में महज 121 रन पर ढेर कर इस मैच को यादगार बना दिया। वहीं, गट एटकिंसन ने आखिरी के तीनों विकेट चटकाकर पारी में पांच और मैच में कुल 12 विकेट लेकर अपने पदार्पण को यादगार बनाया। वह 1946 में एलेक बेडसर के बाद घरेलू मैदान पर एक टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए। लुइस (27) हॉज (24) अथानाजे (23), जेसन होल्डर (शून्य), जोशुआ डिसिल्वा (शून्य), अलजारी जोसेफ (17) और जोसफ (शून्य) को आउट हुए। गुडाकेश मोटी (14) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की टीम 41.4 ओवर में 121 रन पर सिमट गई थी।

टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट

800	मुथैया मुरलीधरन	श्रीलंका
708	शेन वॉर्न	ऑस्ट्रेलिया
704	जेम्स एंडरसन	इंग्लैंड
619	अनिल कुंबले	भारत
604	स्टुअर्ट ब्रॉड	इंग्लैंड
563	ग्लेन मैकग्रा	ऑस्ट्रेलिया
530	नाथन लियोन	ऑस्ट्रेलिया
519	कर्टनी वॉल्श	वेस्टइंडीज
516	आर अश्विन	भारत
439	डेल स्टेन	द. अफ्रीका

एंडरसन की गेंदबाजी देखना आनंदित करता था : तेंदुलकर

नई दिल्ली। इंग्लैंड के महान गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शुक्रवार को अपने दो दशक से अधिक लंबे करियर का समापन किया और इस मौके पर भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना आनंदित करता था। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा जिमी आपने अपने 22 साल के शानदार स्पैल से खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया। आपको गेंदबाजी करते हुए देखना खुशी प्रदान करता था। आप जिस गति, सटीकता, स्विंग और फिटनेस के साथ गेंदबाजी करते, वह अद्भुत रहा। आपने अपने खेल से कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है।

704 विकेट के साथ खत्म किया सफर

लंदन। इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दूसरी पारी में 32 रन पर तीन विकेट चटकाकर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी टीम को एकतरफा जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। एंडरसन ने करियर के आखिरी और 188वें टेस्ट मैच में कुल चार विकेट झटके इस प्रारूप में उनका करियर 704 विकेट के साथ खत्म हुआ। एंडरसन टेस्ट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज है।

अंतिम टेस्ट खेलने के बाद भावुक हुए जेम्स एंडरसन और उनकी पत्नी डेनिएला।

स्कोर बोर्ड

वेस्टइंडीज (पहली पारी)	121/10 (41.4 ओवर)
इंग्लैंड (पहली पारी)	371/10 (90 ओवर)
वेस्टइंडीज (दूसरी पारी)	136/10 (47 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
क्रेग ब्रैथवेट बोल्ड एंडरसन	4	26	1/0
मिकाइल लुईस कैच स्मिथ बोल्ड स्टोक्स	14	49	2/0
कर्क मकेंजी पगबाधा स्टोक्स	0	9	0/0
ऐलेक ऐथनेज कैच स्मिथ बोल्ड एंडरसन	22	47	4/0
केवम हॉज बोल्ड ऐटकिंसन	4	5	1/0
जेसन होल्डर कैच पोप बोल्ड ऐटकिंसन	20	59	2/0
डासिल्वा कैच स्मिथ बोल्ड एंडरसन	9	26	1/0
जोसेफ कैच डकेट बोल्ड ऐटकिंसन	8	9	1/0
गुडाकेश मोटी नाबाद	31	35	5/0
शमार जोसेफ बोल्ड ऐटकिंसन	3	9	0/0
जेडेन सील्स कैच डकेट बोल्ड ऐटकिंसन	8	12	1/0

अतिरिक्त : 13, गेंदबाजी : जेम्स एंडरसन16-7-32-3, क्रिस वोक्स7-3-11-0, गस ऐटकिंसन 14-2-61-5, बेन स्टोक्स 10-4-25-2

चौथे टी-20 में सीरीज जीतने उतरेगा भारत

हरारे। भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को चौथे मुकाबले में जिम्बाब्वे पर जीतकर दर्ज कर पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। टी-20 विश्वकप के बाद पहले दौरे पर जिम्बाब्वे पहुंची भारतीय टीम को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था, हालांकि भारतीय टीम अगले दो मैचों में एकतरफा जीत दर्ज की। भारत इस सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाए हुए है और वह चौथा मैच जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त बनाने का प्रयास करेगा। यह मैच शाम 4: 30 बजे शुरू होगा।

वहीं जिम्बाब्वे, भारत को पहले मैच की तरह चौकाकर श्रृंखला में वापसी का प्रयास करेगा, लेकिन उसे वापसी के लिए अपने क्षेत्ररक्षण में विशेष रूप से सुधार करना। पिच और परिस्थितियों को देखा जाए तो हरारे की दोहरी उछाल वाली पिच पर अमूमन हाई स्कोरिंग गेम नहीं खेला जाता। पिछले 15 मैचों में केवल सात बार ही ऐसा हुआ है, जब पहली पारी में टीम ने 150 या उससे अधिक का स्कोर बनाया हो। तीसरे टी-20 में भारतीय टीम में विश्व विजेता टीम के तीन सदस्य शिवम दुबे, यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन के टीम में शामिल होने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। यशस्वी जायसवाल को विश्वकप के दौरान मौका नहीं मिला था, लेकिन पिछले मैच में उन्होंने 27 गेंदों में 36 रन की पारी खेल दिखा दिया कि उनका फॉर्म अभी भी वही है, लेकिन इस मैच में वह बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वॉशिंगटन की नजरें स्पिन हरफनमौला के रूप में टीम में जगह पक्की करने पर है। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ अभी तक 4.5 की औसत से छह विकेट लिए हैं।

इस बार विंबलडन को मिलेगी नई मल्लिका

लंदन, एजेंसी

बारबोरा क्रेजिकोवा और जैस्मिन पाओलिनी के बीच शनिवार को होने वाले फाइनल में कोई भी जीते, यह सुनिश्चित है कि विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट को इस बार नई मल्लिका मिलेगी। क्रेजिकोवा ने पीठ में दर्द के बावजूद इस बार विंबलडन में हिस्सा लिया। यही नहीं इस टूर्नामेंट से पहले वह इस सत्र में कुछ मैच में ही जीत दर्ज कर पाई थी। इसलिए वह महिला एकल के फाइनल में पहुंचकर हैरान थी। यही हाल उनकी प्रतिद्वंदी और सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी का है।

इन दोनों में से कोई भी खिलाड़ी इससे पहले विंबलडन एकल के फाइनल में नहीं पहुंची थी। पाओलिनी ने वर्तमान टूर्नामेंट से पहले ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता में जो तीन मैच खेले थे उन सभी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। विंबलडन में पिछले सात वर्ष में महिला एकल में सात खिलाड़ी चैंपियन बनी हैं। इनमें सेरेना विलियम्स भी शामिल है जिन्होंने 2016 में यहां सातवीं बार खिताब जीता था। क्रेजिकोवा ने में 2021 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था, लेकिन उन्होंने यह सोचा भी नहीं था कि वह विंबलडन के फाइनल में पहुंचेंगी। उन्होंने कहा मुझे काफी मुश्किल दौर से गुजरना पड़ा। मैंने वास्तव में इसकी कल्पना नहीं की थी कि मैं विंबलडन के फाइनल में जगह बनाऊंगी।

क्रेजिकोवा और पाओलिनी दोनों ने सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके जीत हासिल की। 31वीं वरीयता प्राप्त क्रेजिकोवा ने सेंटर कोर्ट पर 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 6-4 से जबकि पाओलिनी ने डोना वेकिच को 2-6, 6-4, 7-6 (10-8) से हराया। इन दोनों खिलाड़ियों ने आक्रामक रवैया अपनाने के बाद मैच का पासा पलटा। फाइनल में भी इन दोनों से इसी तरह के खेल की उम्मीद है। पाओलिनी 1968 में ओपन युग शुरू होने के बाद विंबलडन के एकल फाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली खिलाड़ी हैं। यह 2016 के बाद पहला अवसर है जबकि कोई खिलाड़ी एक सत्र में फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल में पहुंची है। पेरिस के बाद यहां भी फाइनल में पहुंचना, सच कहूं तो मैंने इसकी उम्मीद नहीं की थी। यह विशेष है। पाओलिनी फ्रेंच ओपन के फाइनल में इगा स्वियातेक से हार गई थी लेकिन यहां वह किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

<<जैस्मिन पाओलिनी।

इंग्लैंड महिला टीम ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से दी शिकस्त

कैंटरबरी, एजेंसी

सोफी एकल्सटन की बेहतरीन गेंदबाजी और उसके बाद ऐलिस कैप्सी नाबाद (67) रनों की शानदार पारी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी-20 मैच में चार गेंदे शेष रहते छह विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से बढ़त बना ली हैं।

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की भी शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में हैन्ना रो ने माया बूशेर (शून्य) को पगबाधा आउट कर दिया। इसके बाद सोफिया डंकली और ऐलिस कैप्सी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। डंकली ने 35 रन बनाए। कप्तान नेट साइवर ब्रंट (0) को फ्रैन जोनस ने आउट किया। एमी जोंस (19) रनआउट हुई। ऐलिस कैप्सी ने नाबाद (67) रनों की पारी खेली। फ्रेया केंप ने नाबाद (16) रन बनाए। इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में चार विकेट पर 142 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनातीं इंग्लैड टीम की खिलाड़ी। ● एजेंसी

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जॉर्जिया प्लिमर (0) का विकेट गवां दिया। एमेलिया केर ने सूजी बेट्स के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट लिए 52 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में सोफी एकल्सटन ने साझेदारी को तोड़ा और दोनों को आउट किया। सूजी बेट्स 27 गेंदों में (38) और एमेलिया केर 18 गेंदों में (23) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान सोफी डिवाइन ने 42 गेंदों में नाबाद (58) रनों की पारी खेली।

साबले को पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने का यकीन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के 3000 मीटर के शीर्ष स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले ओलंपिक में सिर्फ एक प्रतिभागी बनकर नहीं जाना चाहते और उन्हें यकीन है कि वह पेरिस में पदक जीत सकते हैं। हाल ही में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाले 29 वर्ष के साबले तोक्यो ओलंपिक 2021 में फाइनल में जगह नहीं बना सके थे।

उन्होंने कहा मैं सिर्फ भाग लेने नहीं जा रहा हूं। मेरा विश्वास है कि मैं पदक जीत सकता हूं। मेरा फोकस लक्ष्य पर है और सब कुछ ठीक रहा तो मैं पदक जीत सकता हूं। मुझे लगता था कि ओलंपिक पदक विजेता कुछ अनूठे और कठिन तरीके से तैयारी करते हैं लेकिन पिछले दो साल के मेरे अनुभव ने मेरा आत्मविश्वास बढाया है। साबले इस महीने की शुरूआत में पेरिस डायमंड लीग में छठे स्थान पर रहे और उन्होंने आठ मिनट 9.91 सेकंड का समय निकालकर अपना रिकॉर्ड तोड़ा। साबले ने कहा विश्व स्तर पर उनके प्रदर्शन से मुझे काफी प्रेरणा मिलती है।

अगर मेरे रोल मॉडल विश्व स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं तो मैं भी। मुझे अपनी प्रक्रिया पर फोकस करना सिखाया गया है। मेरी स्पर्धा मेरी ही टाइमिंग से है। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में स्टीपलचेस में कीनियाई खिलाड़ियों का वर्चस्व तोड़ने वाले साबले ने कहा राष्ट्रमंडल खेलों में मिले रजत पदक से मुझे आत्मविश्वास दिया कि मैं दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का सामना कर सकता हूं।

बॉलीवुड हलचल

सरफिरा का हिस्सा बनकर महसूस हो रहा है गर्व : अक्षय

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म सरफिरा में काम कर गर्व महसूस कर रहे हैं। अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास जैसे कलाकारों से सजी सरफिरा कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित है। यह फिल्म ग्रामीण महाराष्ट्र में एक शिक्षक के बेटे वीर जगन्नाथ म्हात्रे (अक्षय कुमार) की यात्रा का अनुसरण करती है, जो भारत में हवाई यात्रा में क्रांति लाने के लिए सभी बाधाओं को पार करता है। फिल्म रिलीज हो गई है। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर लिखा सरफिरा का मतलब पागल होता है और पीछे मुड़कर देखने पर मुझे लगता है कि यदि मैंने यह फिल्म नहीं की होती तो मैं पागल होता। तो मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा किया। यह यात्रा लगभग तीन साल पहले शुरू हुई थी और अंतत: यह आप सभी के गवाह बनने और उम्मीद है कि इसे संजोएंगे। मुझे इस फिल्म का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है और खुशी है कि सरफिरा मेरी 150वीं फिल्म है। #सरफिरा अब तुम्हारा है।

फिल्म तेरे इश्क में धनुष के साथ काम करती नजर आएंगी तृप्ति

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी, दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता धनुष के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। फिल्म एनिमल में काम करने के बाद नेशनल क्रश बनने वाली अभिनेत्री तृप्ति डिमरी लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनके पास कई फिल्मों की लाइन लगी हुई है। चर्चा है कि तृप्ति डिमरी, दक्षिण भारतीय अभिनेता धनुष के साथ एक फिल्म में अभिनय करने वाली हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिसका नाम तेरे इश्क में है। यह एक प्रेम कहानी होगी। चर्चा है कि अक्टूबर 2024 में तेरे इश्क में की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। फिल्म को वाराणसी समेत उत्तर प्रदेश के कई शहरों में शूट किया जाएगा।

डोपिंग के कारण दो साल बाहर बैठना काला अध्याय : जरमनप्रीत

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी गई 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाने वाले जरमनप्रीत सिंह ने कहा कि 2016 में डोपिंग का दंश झेलना उनके करियर का सबसे निराशाजनक समय था।

जरमनप्रीत पिछले कुछ वर्षों से भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं। वह डोपिंग के कारण 2016 से 2018 तक खेल से दूर रहे थे। ओलंपिक में पदार्पण को तैयार इस खिलाड़ी ने डोपिंग के कारण लगे प्रतिबंध को याद करते हुए कहा यह मेरे लिए आसान नहीं था। यह कई अनिश्चितताओं के साथ मेरे सबसे बुरे समय में से एक था। पंजाब के इस खिलाड़ी ने कहा खिलाड़ी आम तौर पर इस तरह के झटके से उबर नहीं पाते हैं। दो साल तक मैचों से बाहर बैठने से आप काफी पीछे छूट जाते हैं। आयकर विभाग में अधिकारी के पद पर तैनात इस खिलाड़ी ने कहा मैं हालांकि अपनी वापसी को लेकर दृढ़ निश्चय था और मुझे पता था कि मुझे वापसी करनी होगी। मुझे नहीं लगता कि मैं मजबूत घरेलू ढांचे के बिना ऐसा कर सकता था, जहां मैं चयनकर्ताओं को दिखा सकता था कि मुझमें अभी भी वह क्षमता है। उन्होंने भारत के लिए 98 मैच खेले हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ चमक बिखेरते यमल पर टिकी स्पेन की उम्मीदें

बर्लिन, एजेंसी

यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप

फुटबॉल के नये वंडर ब्वॉय, बेहतरीन मिडफील्ड और विरोधी टीमों के औसत प्रदर्शन ने स्पेन को सफलता की नई इबारत लिखने की ड्योढी पर ला खड़ा किया है लेकिन आखिरी तिलिस्म पर एक ऐसी टीम खड़ी है जिसे बरसों से किसी बड़े खिताब का उतनी ही बेताबी से इंतजार है।

इंग्लैंड और स्पेन के बीच रविवार को होने वाला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप फाइनल हर लिहाज से मनोरंजन की सौगात देने का माद्दा रखता है। ओलंपिक 1936 के लिए नाजियों द्वारा बनाए गए ऐतिहासिक स्टेडियम पर सभी की नजरें 17 बरस के लमाइन यमल पर होंगी जो 2008-12 के दौर के बाद पहली बार स्पेन को बड़े खिताब से एक जीत दूर ले आया है। स्पेन ने 2010 में विश्व कप और उसके बाद यूरो खिताब जीते थे। इस बार जहां क्रिस्टियानो रोनाल्डो, काइलियान एमबाप्पे और इंग्लैंड के हैरी केन जैसे दिग्गज धराशाई हो गए, वहीं यमल का नाम हर फुटबॉलप्रेमी की जुबां पर है। सेमीफाइनल से पहले वह तीन गोल का सूत्रधार रहा और फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में बेहतरीन शॉट पर गोल करके पूरे देश का नूरे नजर बन गया। गत चैंपियन इटली और 2022 में विश्व कप सेमीफाइनल खेलने वाली क्रोएशिया जैसी टीमों के रहते स्पेन ग्रुप में शीर्ष पर रहा। इसके बाद मेजबान जर्मनी और एमबाप्पे की फ्रांस को हराया। वैसे स्पेन की टीम इंग्लैंड को हलके में लेने की गलती नहीं करेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

राहत की दरकार

रोमानिया के एक शहर के फव्वारे के पास खड़े होकर ठंडक महसूस करता एक नगरपालिका कर्मचारी। क्योंकि शहर का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस (102.2 फ़ारेनहाइट) से अधिक था। ● एजेंसी

संयुक्त परमाणु प्रतिरोध दिशा निर्देश पर किए हस्ताक्षर

सियोल, एजेंसी

● उत्तर कोरिया के कारण बढ़ते परमाणु खतरे को लेकर दोनों देशों ने अहम कदम उठाया

उत्तर कोरिया के कारण बढ़ते परमाणु खतरे को लेकर अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने पहली बार संयुक्त परमाणु प्रतिरोध दिशानिर्देश पर हस्ताक्षर किये हैं। उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरे की आशंका के मद्देनजर प्रतिरोध को और अधिक सशक्त बनाने के लिए यह एक अहम और बुनियादी कदम है।

वाशिंगटन में गुरुवार को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन से इतर राष्ट्रपति जो बाइडन और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक येओल ने संयुक्त परमाणु परामर्शदात्री समूह बनाने के एक साल बाद दोनों देशों के गठबंधन की सराहना करते हुए इसे जबरदस्त प्रगति करार दिया। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक, दोनों नेताओं ने कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु प्रतिरोध और परमाणु संचालन के लिए यूएस-आरओके दिशानिर्देश को मंजूरी दी, जिस पर दोनों देशों के रक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को दिन में ही हस्ताक्षर कर दिये थे। आरओके का मतलब कोरिया गणराज्य (रिपब्लिक ऑफ कोरिया) है, जो दक्षिण कोरिया का आधिकारिक नाम है।

फिर से चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को कहा कि वह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ एक बार फिर चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संवाददाताओं से बातचीत में हालांकि बाइडन ने दो बड़ी गलतियां कीं, जिससे उनकी उम्र और स्वास्थ्य को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज करने के उनके प्रयासों पर पानी फिर गया।

वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर संवाददाताओं से मुखातिब बाइडन ने दावा किया कि कोई भी व्यक्ति उनसे यह नहीं कह रहा है कि वह दोबारा चुनाव नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि किसी सर्वेक्षण में भी यह बात सामने नहीं आई है कि वह चुनाव नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि यह एकमात्र कारण होगा, जिसके चलते वह राष्ट्रपति पद की दावेदारी की दौड़ से पीछे हटने पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा, मैं चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मुझे लगता है कि मैं राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए सबसे योग्य व्यक्ति हूं। मैंने उन्हें (ट्रंप को) एक बार हराया था और अब मैं उन्हें फिर से हराऊंगा।

● अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने नाटो शिखर सम्मेलन के समापन के मौके पर दावा किया

कमला हैरिस को बताया डोनालड ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस देश का नेतृत्व करने के लिए योग्य हैं। बाइडन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, शुरू से ही, मुझे इस बारे में कोई संदेह नहीं रहा है। वह राष्ट्रपति बनने के योग्य हैं। इसीलिए मैंने उन्हें चुना। संवाददाता सम्मेलन के दौरान बाइडन की जुबान फिसल गई और उन्होंने गलती से कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप बता दिया। उन्होंने कहा, मैंने ट्रंप को उपराष्ट्रपति पद के लिए नहीं चुना होता, क्या मैंने ऐसा सोचा है कि वह (हैरिस) राष्ट्रपति बनने के लिए योग्य नहीं हैं...। बाइडन सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति हैं।

एक नजर

रूस का यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत

मॉस्को। रूस का एक यात्री विमान शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसके चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार विमान में कोई यात्री नहीं था। अधिकारियों ने बताया कि सुखोई सुपरजेट 100 विमान मॉस्को क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि विमान गजप्रोम एविया कंपनी का था। यह रूस सरकार द्वारा नियंत्रित प्राकृतिक गैस कंपनी गजप्रोम के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी है।

इजराइल में वेस्ट नाइल बुखार से अब तक 19 मौत

यरूशलम। इजराइल ने वेस्ट नाइल बुखार से एक अन्य व्यक्ति की मौत होने से देश में इस संक्रमण के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। इजरायली स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी 25 नए संक्रमणों की सूचना दी, जिससे मई की शुरुआत से अब तक इस मामलों की संख्या 356 हो गई है। इजराइल के पर्यावरण संरक्षण मंत्रालय ने एक दिन पहले घोषणा की थी कि तटीय शहर तेल अवीव और आसपास के शहरों रामत गान, बेनी ब्रैक और रामला में मच्छरों में वायरस फैल रहा है। मच्छरों के काटने से लोगों को तेज बुखार हो रहा है।

ब्रिटेन में काली खांसी के प्रकोप से नौ बच्चों की मौत

लंदन। ब्रिटेन में पिछले वर्ष नवंबर से शुरू काली खांसी के प्रकोप से अब तक नौ बच्चों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन की स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यह प्रकोप पिछले वर्ष नवंबर में शुरू हुआ था और अब 2024 के, पहले पांच महीनों में 7,599 बच्चे और वयस्क इस बीमारी से संक्रमित हुये हैं। यह बीमारी फेफड़ों और श्वास नलियों को प्रभावित करती है। यूकेएचएसए ने गुरुवार को चेतावनी दी। एजेंसी के मुताबिक, संक्रमित लोगों में से आधे से अधिक 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं।

श्रीलंका हिंदी भाषा के शिक्षकों की करेगा भर्ती

श्रीलंका। श्रीलंका के शिक्षा राज्य मंत्री अरविंद कुमार बताया कि श्रीलंका स्कूलों में हिंदी भाषा के शिक्षकों को नियुक्त की योजना बना रहा है। श्रीलंकाई समाचार पोर्टल ने शुक्रवार को मंत्री के हवाले से कहा कि ये शिक्षक द्वीप राष्ट्र श्रीलंका द्वारा भर्ती किए जाने वाले 500 विदेशी भाषा शिक्षकों में से होंगे। कुमार ने कहा, हम कोरियाई, जर्मन, फ्रेंच, हिंदी, चीनी और जापानी को प्राथमिकता देंगे। कुमार ने स्नातकों को विदेशों में भविष्य में नौकरी की संभावनाओं के लिए विदेशी भाषाएं सिखाने के महत्व पर जोर दिया।

नेपाल में प्रचंड सरकार गिरी

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए। पिछले सप्ताह उनकी सरकार से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने अपना समर्थन वापस ले लिया था।

देश की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 69 वर्षीय प्रचंड को 63 वोट मिले, जबकि विश्वासमत प्रस्ताव के विरोध में 194 वोट पड़े। विश्वासमत हासिल करने के लिए कम से कम 138 वोट की जरूरत थी। प्रचंड 25 दिसंबर, 2022 को पद संभालने के बाद चार बार विश्वासमत हासिल करने में सफल रहे, लेकिन इस बार उन्हें असफलता मिली। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने सदन में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता-साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद पिछले सप्ताह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पहले ही अगले प्रधानमंत्री के रूप में ओली का समर्थन कर चुके हैं। नेपाली कांग्रेस के पास प्रतिनिधि सभा में 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं। इस तरह दोनों की संयुक्त संख्या 167 है, जो निचले सदन में बहुमत के लिए आवश्यक 138 से कहीं अधिक है।

● प्रचंड को 63 वोट मिले, जबकि विश्वासमत प्रस्ताव के विरोध में 194 वोट पड़े

चीन के साथ रेल समझौता

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने विश्वास मत से एक दिन पहले बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव के तहत हिमालयी राष्ट्र को चीन के साथ रेल द्वारा जोड़ने के एक समझौते को मंजूरी दी। सरकारी सूत्रों के हवाले से एक समाचार पोर्टल ने कहा कि इस निर्णय का राजनीतिक महत्व से अधिक परिचालनात्मक महत्व है और यह चीन की अरबों डॉलर की आधारभूत परियोजना में नेपाल की भागीदारी के अनुरूप है।

प्रधानमंत्री पद के लिए बहुमत साबित करें : पोडैल

काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा के सदस्यों से निचले सदन में दो या दो से अधिक राजनीतिक दलों के समर्थन के साथ बहुमत दिखाकर प्रधानमंत्री पद के लिए दावा पेश करने का आह्वान किया। स्थानीय मीडिया के अनुसार राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कि सदन के सदस्यों से रविवार शाम तक निचले सदन में प्रतिनिधित्व करने वाले दलों के समर्थन के माध्यम से बहुमत पेश करने का आह्वान किया है। बयान में कहा गया, संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार राष्ट्रपति ने रविवार शाम पांच बजे तक प्रतिनिधि सदन के दो या दो से अधिक राजनीतिक दलों के समर्थन से नेपाल के प्रधान मंत्री के रूप में नियुक्त होने के लिए प्रतिनिधि सभा के सदस्यों को बहुमत दिखाने के लिए कहा हैं। राष्ट्रपति के आह्वान के साथ ही नेपाली कांग्रेस और यूएमएल एक जुलाई को दोनों दलों के बीच हुए समझौते के अनुसार यूएमएल अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के लिए प्रधानमंत्री पद का दावा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

साझा सिद्धांतों के बजाय डर से सीपीएन-यूएमएल और नेपाली कांग्रेस ने किया गठबंधन : प्रचंड

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने शुक्रवार को नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल की, साझा सिद्धांतों के बजाय डर के कारण गठबंधन बनाने के लिए तीखी आलोचना करते हुए उन पर देश को पतन के रास्ते पर धकेलने का आरोप लगाया। विश्वासमत से पहले प्रतिनिधि सभा को संबोधित करते हुए प्रचंड (69) ने कहा कि नेपाली कांग्रेस (एनसी) और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने मिलकर काम किया है, जिससे देश में सुशासन की जड़ें जमने लगी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल द्वारा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद प्रचंड को विश्वासमत का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। प्रचंड ने कहा, अगर एनसी और यूएमएल समान विश्वासों या लक्ष्यों के लिए एकजुट होते, तो मुझे कोई चिंता नहीं होती।

एससीओ में तुर्की के प्रवेश की तिथि निश्चित नहीं: रूस

मॉस्को। यूरेशिया का एक प्रमुख राजनीति, आर्थिक और सैनिक संगठन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) लगातार विस्तार के एजेंडे पर काम कर रहा है लेकिन संगठन में तुर्की के प्रवेश के लिए अभी तक कोई सटीक तारीख नहीं है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गुरुवार को वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अंकारा एससीओ का स्थायी सदस्य बनने का लक्ष्य रखता है।

पेस्कोव ने एससीओ में तुर्की के प्रवेश की संभावित तारीखों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कई देश एससीओ में रुचि दिखा रहे हैं, और यह विषय लगातार एजेंडे में है। अभी तक कोई सटीक तारीख नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि नाटो सदस्य के रूप में तुर्की की स्थिति एससीओ के विरोधाभासी है, इसलिए इस पर चर्चा की जानी चाहिए। पेस्कोव ने कहा, वास्तव में, हम एससीओ में शामिल होने के तुर्की के इरादे से अवगत हैं। नाटो के सदस्य के रूप में तुर्की के मूल सिद्धांतों पर दायित्वों और स्थिति से संबंधित कुछ विरोधाभास हैं और एससीओ के संस्थापक दस्तावेजों में निहित विश्वदृष्टि के साथ। चर्चा के लिए कुछ विषय हैं।

गुरुद्वारे में हमले के मामले में किशोर पकड़ा गया

लंदन, एजेंसी

● दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के केंट स्थित एक गुरुद्वारे में हुए हमले में दो महिलाएं हुई थीं घायल

● गुरुद्वारा प्रबंधन ने कहा, घटना के समय दरबार हॉल में मौजूद नहीं थे गुरु ग्रंथ साहिब जी

दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के केंट स्थित एक गुरुद्वारे के भीतर धारदार हथियार से हमला कर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाली घटना में संदिग्ध 17 वर्षीय एक किशोर को हिरासत में लिया गया है। घटना में दो महिलाएं घायल हुई थीं। क्षेत्रीय पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंट पुलिस ने बताया कि एक पुरुष के प्रार्थना स्थल में प्रवेश कर सभा में मौजूद लोगों पर हमला करने के प्रयास के संबंध में दर्ज मामले की जांच करने के लिए पुलिस अधिकारियों को गुरुवार शाम ग्रेवसेंड स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा बुलाया गया था।

गुरुद्वारा प्रबंधन ने कहा कि घटना के समय दरबार हॉल में गुरु ग्रंथ साहिब जी मौजूद नहीं थे। यह गुरुद्वारा यूरोप के बड़े गुरुद्वारों में से एक है। केंट पुलिस ने एक बयान में कहा, यह बताया गया है कि एक पुरुष ने उस स्थान पर प्रवेश किया और धारदार हथियार से मौजूद लोगों पर हमला करने का प्रयास किया। घटना के दौरान कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ, लेकिन दो महिलाओं को धारदार हथियार से घाव और चोटों के कारण उपचार की आवश्यकता पड़ी।

अधिकारियों ने एक किशोर को हत्या के प्रयास और धार्मिक रूप से उत्तेजना फैलाने के संदेह में पकड़ा और घटनास्थल से धारदार हथियार भी बरामद किया। पुलिस ने इसे एक छिटपुट घटना बताते हुए कहा कि हमले की जांच के सिलसिले में फिलहाल किसी और की तलाश नहीं की जा रही है। केंट पुलिस डिटेक्टिव सुपरीटेंडेंट इयान डायबॉल ने कहा, हम गुरुद्वारे में हुई घटनाओं के संबंध में समुदाय की चिंताओं को समझते हैं, हालांकि हम इसे एक अलग घटना के रूप में देख रहे हैं। गुरुद्वारा प्रबंधन टीम के अनुसार संदिग्ध को सुरक्षा टीम ने देखा और तुरंत पुलिस को बुलाया। गुरुद्वारे की ओर से जारी बयान में कहा गया, गुरुद्वारे में घुसकर दरबार हॉल में उत्पात मचाने के बाद हत्या के प्रयास के संदेह में केंट पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हम पुष्टि कर सकते हैं कि यह घटना सुखासन के बाद हुई और दरबार हॉल में गुरु ग्रंथ साहिब जी मौजूद नहीं थे।

2060 के दशक में 1.7 अरब तक पहुंच जाएगी भारत की जनसंख्या : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि भारत की जनसंख्या 2060 के दशक की शुरुआत में लगभग 1.7 अरब तक पहुंच जाने का अनुमान है और इसके बाद इसमें 12 प्रतिशत की कमी आएगी, लेकिन इसके बावजूद यह पूरी शताब्दी के दौरान विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बना रहेगा। गुरुवार को यहां जारी वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2024 रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले 50-60 वर्षों के दौरान दुनिया की जनसंख्या में वृद्धि जारी रहने का अनुमान है और 2024 में यह 8.2 अरब तक पहुंच जाएगी, जबकि 2080 के दशक के मध्य तक लगभग दुनिया की आबादी लगभग 10.3 अरब हो जाएगी। हालांकि, यह सदी के अंत तक घटकर 10.2 अरब रह जाएगी। भारत पिछले साल चीन को पीछे छोड़कर विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया था और 2100 तक यह इसी स्थान पर बना रहेगा।

विश्व निकाय के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग के जनसंख्या प्रभाग द्वारा प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट में कहा गया है, इस शताब्दी में भारत के सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बने रहने की संभावना है, हालांकि 2060 के दशक की शुरुआत में इसकी आबादी लगभग 1.7 अरब तक पहुंचने के बाद इसमें 12 प्रतिशत की गिरावट आने का भी अनुमान है।

रूस से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध रोकने की मांग वाले प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत

संयुक्त राष्ट्र। भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा में गुरुवार को उस मसौदा प्रस्ताव पर हुए मतदान से दूर रहा, जिसमें रूस से यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता तत्काल रोकने और जापोरिझिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रूसी सैनिकों व अन्य अनधिकृत कर्मचारियों को फौरन वापस बुलाने की मांग की गई है। 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में 99 देशों ने उक्त मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में, तो बेलारूस, क्यूबा, उत्तर कोरिया, रूस और सीरिया सहित नौ देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया। वहीं, भारत, बांग्लादेश, भूटान, चीन, मिस्र, नेपाल, पाकिस्तान, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका सहित 60 देश मतदान से दूर रहे। यूक्रेन के जापोरिझिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र सहित अन्य परमाणु प्रतिष्ठानों की रक्षा एवं सुरक्षा शीर्षक वाले मसौदा प्रस्ताव में रूस से यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता तुरंत बंद करने और यूक्रेनी क्षेत्र से अपने सभी सैन्य बलों को बिना शर्त अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर वापस बुलाने की मांग की गई है।

यूएई ने भारतीय मूल के डॉक्टर के नाम पर सड़क का नाम रखा

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में एक सड़क का नाम भारतीय मूल के 84 वर्षीय डॉक्टर के नाम पर रखा गया है। यह देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति श्रद्धांजलि है।

नगर पालिका और परिवहन विभाग (डीएमटी) ने डॉ. जॉर्ज मैथ्यू के योगदान को मान्यता देने के लिए अबू धाबी में एक सड़क का नाम उनके नाम पर रखा है। यह नाम, यूएई के दूरदर्शी लोगों का सम्मान : स्मृति मार्ग परियोजना के तहत दिया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य उन व्यक्तियों को सम्मानित करना है जिन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अल मफराक में शेख शाकबूथ मेडिकल सिटी के पास की सड़क अब जॉर्ज मैथ्यू स्ट्रीट के नाम से जानी जाएगी।

पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षित सीटों पर इमरान की पार्टी के पक्ष में निर्णय सुनाया

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को शुक्रवार को तब बड़ी कानूनी जीत मिली जब उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया कि उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) संसद में महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 20 से अधिक सीटें आनुपातिक आधार पर प्राप्त करने की अर्हता रखती है। फैसले के बाद इमरान खान ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से इस्तीफा देने की मांग की है।

खान की पार्टी पीटीआई द्वारा समर्थित उम्मीदवार चुनाव चिह्न छीन लिए जाने के बाद आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में बतौर निर्दलीय किस्मत आजमाई थी और जीत हासिल की थी। विजयी उम्मीदवारों ने गठबंधन बनाने के लिए सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) में शामिल हो गए थे, जो पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलों का एक राजनीतिक गठबंधन है। प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय पूर्ण पीठ ने मामले की सुनवाई की।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते पीटीआई के अध्यक्ष गौहर खान।

संसद में सबसे बड़ी पार्टी बन जाएगी इमरान की पार्टी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ 109 सीट के साथ संसद में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी। जियो न्यूज की खबर के अनुसार 23 आरक्षित सीट हासिल करने के बाद पीटीआई की सीट 86 से बढ़कर 109 हो जाएंगी। विपक्षी गठबंधन की सीट संख्या भी बढ़कर 120 हो जाएगी। वर्तमान में पीटीआई सहित संयुक्त विपक्ष के 97 सदस्य हैं।

भारत-सिंगापुर अवसरों के नए दौर के लिए तैयार

सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शणमुगारत्नम ने गुरुवार को कहा कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में औद्योगिक नीतियों के पुनरुत्थान के बावजूद भारत और दक्षिण पूर्व एशिया अवसर, समानता और स्थिरता के नए दौर के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के थिंक टैंक माने जाने वाले दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित रात्रिभोज समारोह के दौरान थर्मन शणमुगारत्नम ने कहा कि अन्य जिम्मेदार शक्तियों के साथ काम करते हुए दोनों देशों में बहुपक्षवाद को मजबूत करने की क्षमता है और अपनी खामियों के बावजूद यह एक ऐसी व्यवस्था रही है, जिसने दशकों से अमीर और गरीब दोनों देशों की अच्छी तरह से सेवा की है। थर्मन ने यह उम्मीद जताई कि सिंगापुर और भारत के संबंध निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।

सिंगापुर के राष्ट्रपति ने कहा कि घरेलू स्तर पर खास उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कर छूट और सब्सिडी जैसी औद्योगिक नीतियां उस दर पर लौट रही हैं जो 1960 और 1970 के दशक के बाद से नहीं देखी गई थी।

● सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन ने उम्मीद जताई कि निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे दोनों देशों के संबंध

खगोल विज्ञान नासा की हबल अंतरिक्ष दूरबीन से तारों की गति के आधार पर जाना डार्क मैटर का रहस्य

ड्रेको बौनी मंदाकिनी में हुई डार्क मैटर की पुष्टि

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : खगोलविदों ने अंतरिक्ष के बड़े रहस्यों में शुमार काला पदार्थ (ब्लैक होल) के अस्तित्व का पता लगाया है। यह खोज ड्रेको बौनी मंदाकिनी के भीतर तारों की गति को मापने के बाद की गई। वैज्ञानिकों ने यह खोज नासा की हबल स्पेस टेलीस्कोप के सहयोग से की। वैज्ञानिकों ने इसे 18 वर्षों के गहन अध्ययन के अवलोकन का नतीजा बताया है।

डार्क मैटर अंतरिक्ष के उन रहस्यों में है, जिसकी वास्तविकता व अस्तित्व को समझने के लिए वैज्ञानिक निरंतर अध्ययनरत हैं, जबकि यह ब्रह्मांड की वह शक्ति है, जो ब्रह्मांड के संचालन में अहम भूमिका निभाती है। इसके बावजूद यह रहस्य आज भी बना हुआ है। डार्क मैटर को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने हबल द्वारा ड्रेको नामक बौनी मंदाकिनी के भीतर तारों की गति का सहारा लिया। जिसमें 18 वर्ष के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। मंदाकिनी के भीतर तारों की गतिविधियों का सटीक त्रि-आयामी मानचित्र तैयार किया गया। इससे ब्रह्मांड के अदृश्य डार्क मैटर के रहस्यमय गुणों और व्यवहार की पहचान कर पाने में मदद मिली।

इस शोध से यह पता चलता है कि यह पदार्थ क्या है और मंदाकिनी के विकास के लिए कैसे कार्य करता है। शोध में कंप्यूटर सिमुलेशन का उपयोग किया गया। यह मंदाकिनी पृथ्वी से लगभग 2.5 लाख प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। बाल्टीमोर स्थित स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।



ड्रेको बौनी मंदाकिनी।

आसान होती है डार्क मैटर की पुष्टि

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बौनी मंदाकिनियों को अन्य प्रकार की मंदाकिनी की तुलना में डार्क मैटर सामग्री के उच्च अनुपात के लिए जाना जाता है। इसलिए उनकी टीम ने ड्रेको बौनी मंदाकिनी का चयन किया और इस पर शोध किया। डार्क मैटर के रहस्य को समझने के लिए यह खोज एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो आगामी शोध में मददगार साबित होगी।

चीन की कंपनी आईस्पेस का रॉकेट प्रक्षेपण के बाद विफल

बीजिंग, एजेंसी

● वैश्विक मौसम पूर्वानुमान और भूकंप की चेतावनी के लिए तीन उपग्रह नष्ट हो गए

चीन में रॉकेट निर्माण स्टार्ट-अप को एक बार फिर प्रक्षेपण विफलता का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप वैश्विक मौसम पूर्वानुमान और भूकंप की चेतावनी के लिए एक वाणिज्यिक समूह के तीन उपग्रह नष्ट हो गए। कंपनी आईस्पेस द्वारा निर्मित 24 मीटर के ठोस ईंधन वाले रॉकेट हाइपरबोला-1 को गुरुवार को चीन के गोबी रेगिस्तान में जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से प्रक्षेपित किया गया।

हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की शुक्रवार की खबर के अनुसार, कंपनी ने कहा, रॉकेट का पहला, दूसरा और तीसरा चरण सामान्य रूप से प्रक्षेपित हुआ, लेकिन चौथे चरण में गड़बड़ी आ गई और प्रक्षेपण मिशन विफल हो गया। कंपनी ने कहा कि विस्तृत जांच के बाद अभियान की नाकामी के विशिष्ट कारणों की घोषणा जल्द से जल्द की जाएगी। इस रॉकेट की क्षमता 300 किलोग्राम पेलोड को 500 किमी दूरी पर स्थित सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा में पहुंचाने की है। यह तियानजिन स्थित युन्याओ एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी के लिए युन्याओ-1 मौसम उपग्रह 15, 16 और 17 को ले जा रहा था। उपग्रह कक्षा तक नहीं पहुंच सके। वर्ष 2019 में, आईस्पेस हाइपरबोला-1 के साथ पृथ्वी की कक्षा में पहुंचने वाली चीन की पहली निजी रॉकेट कंपनी बन गई।